# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 10 जून 2026


**कांग्रेस ने कहा-हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे, ये वोट चोरी नहीं, सीधे-सीधे सीट चोरी है मीनाक्षी पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं**

## रिटर्निंग ऑफिसर ने रद्द किया मीनाक्षी का नामांकन, भाजपा ने की थी आपत्ति- नटराजन पर तेलंगाना का प्रकरण छिपाने का आरोप

# लीजिए... बिना लहरों पर उतरे ही केवट की 'नैया' पार

### निर्विरोध निर्वाचित होंगे भाजपा के तीनों प्रत्याशी!

रिटर्निंग अफसर के निर्णय के बाद भाजपा के तीनों राज्यसभा प्रत्याशियों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल के साथ महेश केवट का निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय हो गया है। इसमें रुकावट तभी आ सकती है जब किसी तरह अपील के बाद मीनाक्षी का नामांकन वैध मान लिया जाए। ऐसी हालत में तीसरी सीट के लिए मुकाबले के हालात बनेंगे।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस घटनाक्रम के बाद भाजपा कार्यालय पहुंचे और आगे की रणनीति बनाई**

*क्रॉस वोटिंग की आशंका में जब कांग्रेस ने विशेष विमान में अपने विधायकों को बेंगलुरू भेजने के लिए बैठा दिया था। विमान रनवे पर आ गया था। तभी ये खबर आई कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द हो गया है। खबर के बाद सभी विधायक अपने परिजनों के साथ लगेज लेकर रनवे से ही वापस हो गए*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

राज्यसभा चुनाव में एक बड़ा उलटफेर हो गया। क्रॉस वोटिंग की आशंका में जब कांग्रेस ने विशेष विमान में अपने विधायकों को बेंगलुरु भेजने के लिए बैठा दिया था। विमान रनवे पर आ गया था। तभी ये खबर आई कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द हो गया है। खबर के बाद सभी विधायक अपने परिजनों के साथ लगेज लेकर रनवे से ही वापस हो गए। इस बड़े



मीनाक्षी नटराजन

घटनाक्रम में रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया। भाजपा की ओर से आपत्ति लगाई गई थी कि नामांकन में मीनाक्षी ने तेलंगाना में चल रहे एक केस का उल्लेख न कर जानकारी छिपाई है। इसलिए उनका नामांकन निरस्त किया जाना चाहिए। कांग्रेस का कहना था कि कोर्ट में लगाई गई एक याचिका के बाद मीनाक्षी को सिर्फ नोटिस दिया गया है। उनके खिलाफ कोई प्रकरण दर्ज नहीं है। कांग्रेस का कहना था कि आपराधिक प्रकरण की जानकारी देना अनिवार्य है, नोटिस की नहीं। बहरहाल, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शर्मा ने कांग्रेस ▶▶शेष पेज 4 पर

**वेणुगोपाल के साथ कांग्रेस नेता निर्वाचन आयोग में पहुंचे**



नामांकन रद्द होते ही खुशी से झूम उठे भाजपा नेता, केवट लाल ड्रेस में

**उमंग ने कहा, सिर्फ नोटिस मिला था, कोई प्रकरण नहीं**

**नामांकन में नोटिस की जानकारी देना अनिवार्य नहीं**

**आमने-सामने आए दोनों दल, जम कर हुआ हंगामा**

### भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच नारेबाजी

रिटर्निंग अफसर कार्यालय के बाहर दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जवाबी नारेबाजी की। दोनों पक्षों की मौजूदगी से परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। मामले की सुनवाई के दौरान रिटर्निंग अफसर के कक्ष में प्रवेश को लेकर कांग्रेस नेताओं और सुरक्षा कर्मियों के ▶▶शेष पेज 4 पर

### सीएम बोले-कांग्रेस की प्रत्याशी ने आपराधिक केस छिपाया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा के तीनों राज्यसभा प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए हैं। कांग्रेस पार्टी और उनकी प्रत्याशी ने शपथ-पत्र में षड्यंत्र पूर्वक आपराधिक प्रकरण छिपाया, जिसके कारण उनका नामांकन निरस्त हुआ। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चुनाव के दौरान अपने आपराधिक प्रकरण को छिपाना पाप है। जीतू पटवारी प्रदेश की जनता से मांफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें।

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया कलंकित होने से बचीः खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में इस तरह आपराधिक प्रकरणों की जानकारी छिपाने पर सजा का प्रावधान है। निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस के षड्यंत्र पर संज्ञान लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कलंकित होने से बचा लिया। पाप के पांव भारी होते हैं, इसलिए वे हार जाते हैं। पुण्य के पांव हल्के होते हैं, इसलिए वह भवसागर को पार कर जाते हैं।



### दिल्ली में चुनाव आयोग के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली।** मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद देश की राजधानी में सियासी पारा चढ़ गया है। इस फैसले के विरोध में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता दिल्ली स्थित भारत निर्वाचन आयोग के मुख्यालय पहुंच गए। अंदर जाने की अनुमति न मिलने और किसी भी अधिकारी द्वारा मुलाकात न किए जाने से नाराज नेता आयोग के दफ्तर के बाहर ही धरने पर बैठ गए। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह सीधे तौर पर लोकतंत्र का एक बुनियादी मामला है। जब तक हमें चुनाव आयोग के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाती, हम यहीं धरने पर बैठे रहेंगे। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने इस पूरी कार्रवाई को आधारहीन और एकतरफा बताया है। पायलट ने कहा कि हमारी उम्मीदवार ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 03 भी



एयरपोर्ट पर एकत्र कांग्रेस विधायक

कांग्रेस विधायकों को बेंगलुरु ले जा रहा विमान रनवे से लौटा

## पहले तो 4 घंटे बाद मिली उड़ान की अनुमति, फिर टेकऑफ से पहले ही विधायकों को लौटना पड़ा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

कांग्रेस के 38 विधायकों के साथ 75 लोगों को बेंगलुरु ले जा रहा चार्टर्ड विमान भोपाल एयरपोर्ट के रनवे से ही लौट आया। विधायकों को विमान में ही राज्यसभा की कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने की खबर मिल गई। विमान में विधायकों के परिवारजन के अलावा कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद थे। विमान को अपरान्ह ढाई बजे विधायकों को लेकर उड़ान भरना थी लेकिन एयरपोर्ट अथारिटी द्वारा अनुमति न दिए जाने के कारण यह चार घंटे विलंब से उड़ान भरने को तैयार हुआ। इसके बाद शाम को 22 अन्य विधायकों के बेंगलुरु जाने का कार्यक्रम भी निरस्त हो गया। कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के यहां हुई बैठक में ही बाड़ाबंदी करते हुए पार्टी विधायकों को बेंगलुरू भेजने का फैसला ले लिया था। स्टार एयरलाइंस की चार्टर्ड ▶▶शेष पेज 4 पर

**कांग्रेस ने लगाया सरकार के इशारे पर विमान रोकने का आरोप**

### विदेश में उड़ने की अनुमति लेकिन देश में नहीं, गजबः वर्मा

विधायकों के साथ बेंगलुरु जा रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कहा था कि सरकार के इशारे पर हमारे विमान को बेवजह रोका जा रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी पर मोहन सरकार का दबाव है। उनका कहना है कि आपकी ये फ्लाइट विदेश जा सकती है लेकिन देश के अंदर उड़ान नहीं भर सकती। कितनी मूर्खतापूर्ण बात ▶▶शेष पेज 4 पर


### बहस, जद्दोजहद के बाद 4 घंटे बाद अनुमति

एयरपोर्ट में कांग्रेस के जीतू पटवारी, उप नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित विधायकों की एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ लंबी बहस हुई। अंततः 4 घंटे के जद्दोजहद के बाद चार्टर्ड फ्लाइट को उड़ान के लिए परमिशन मिली। इसके बाद ढाई बजे की बजाए शाम करीब साढ़े 6 बजे विमान बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार हुआ पर रनवे से ही लौट आया।









जोजिला टनल का प्रवेश द्वार कामयाबी का वो दरवाजा है जो हर एक भारतीय को गौरान्वित करता है

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


सुरंग का जायजा लेते हुए गडकरी

## हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के इंजीनियरों ने माइनस डिग्री तापमान में 6 साल के भीतर बना डाली दुनिया की सबसे अनूठी सुरंग

**11,578 फीट की ऊंचाई पर 14.5 किलोमीटर लंबी जोजिला टनल का सफल फाइनल ब्रेक थ्रू ब्लास्ट**

# भारत का 'स्वर्णिम' गौरव

सुरंग के भीतर अंतिम चट्टानी दीवार को ब्लास्ट के जरिए सफलतापूर्वक तोड़ दिया गया, जिसे इंजीनियरिंग की भाषा में ब्रेक थ्रू कहा जाता है

- इस ऑल वेदर सुरंग से अब साल भर जुड़ा रहेगा कश्मीर लद्दाख व करगिल से
- बर्फबारी के चलते अभी सात महीने तक सड़क संपर्क रहता था बंद

- **15 मिनट में पूरा होगा एक घंटे से अधिक का सफर**
- **जनवरी-फरवरी 2028 तक यह सुरंग आम जनता के लिए खोल दी जाएगी**
- **9.5 मीटर चौड़ी व 7.57 मीटर ऊंची है सुरंग**
- **घोड़े की नाल के आकार वाली सुरंग में दो लेन**

एजेंसी ▸▸ जम्मू

भारत के बुनियादी ढांचा विकास के इतिहास में मंगलवार को एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित और सबसे लंबी सिंगल-ट्यूब द्वि-दिशात्मक जोजिला सुरंग में वह बहुप्रतीक्षित ब्रेकथ्रू ब्लास्ट सफल हो गया, जिसका देश को दशकों से इंतजार था। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही कश्मीर और लद्दाख के बीच हर मौसम में निर्बाध और सुरक्षित संपर्क बहाल रखने के लिए निर्माण कार्य अगले चरण में पहुंच जाएगा।

लद्दाख को हर मौसम में कश्मीर और शेष भारत से जोड़ने वाली सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण जोजिला सुरंग के निर्माण में मंगलवार को एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई। सुरंग के भीतर अंतिम चट्टानी दीवार को ब्लास्ट के जरिए सफलतापूर्वक तोड़ दिया गया, जिसे इंजीनियरिंग की भाषा में ब्रेकथ्रू कहा जाता है। इस अंतिम सफल विस्फोट के साथ ही सुरंग के दोनों छोर अब पूरी तरह से आपस में जुड़ ▸▸ शेष पेज 4 पर


कामयाबी की खुशी मेघा इंजीनियरिंग की टीम के प्रत्येक सदस्य के चेहरे पर थी

## यह न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड से बनाई गई टनल

परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है जिसमें 18 किलोमीटर लंबी एप्रोच सड़कें और पुल शामिल हैं। मुख्य सुरंग बालटाल से मिनीमार्ग तक फैली हुई है और हिमालय की कठिन चट्टानी संरचनाओं को भेदकर बनाई गई है। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) इस सुरंग को बना रहा है। न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) से बनाई गई है। अधिकारियों ने इसे भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धियों में से एक बताया है। इसमें सेमी-ट्रांसवर्स वेंटिलेशन सिस्टम, सीसीटीवी निगरानी, रेडियो संचार व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति और स्मार्ट टनल (एससीएडीए) प्रबंधन प्रणाली जैसे अत्याधुनिक सुविधाएं हैं।

### सामरिक नजरिए से अहम है ये सुरंग

सुरंग खुलने से सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की त्वरित तैनाती और रसद आपूर्ति को भी मजबूती की जा सकेगी। अलावा पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। लद्दाख तक निर्बाध आवागमन हो सकेगा। स्थानीय निवासी बशारत अहमद ने कहा कि सुरंग शुरू होने व्यापार और वस्तुओं के आदान-प्रदान को भी नई गति मिलेगी। क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### सीयूईटी यूजी-2026 की आंसर-की जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी यूजी-2026 की



प्रोविजनल आंसर-की, क्वेश्चन पेपर और रिकॉर्ड किए गए रिस्पॉन्स आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल हुए छात्र पोर्टल पर जाकर इन्हें चेक कर सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को किसी उत्तर पर संदेह है, तो वह 11 जून 2026 की रात 10:00 बजे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकता है।

### सोने की कीमत बढ़ी, 1.60 लाख रु. के पार पहुंचा भाव

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। कमजोर



अमेरिकी डॉलर और निवेशकों की बढ़ती खरीदारी के चलते सोने के दाम में लगभग 1,500 रुपए प्रति 10 ग्राम का उछाल आया। सराफा कारोबारियों के अनुसार 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना अब 1,60,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। यह सोमवार के बंद भाव 1,58,800 रुपए की तुलना में अधिक है।

### इंदौर में ब्रिक्स कृषि सम्मेलन शुरू, यह 13 जून तक चलेगा

# भारत-रूस में कृषि में इनोवेशन बढ़ाने और जलवायु संकट से निपटने पर जोर

ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग बढ़ने से कृषि व्यापार, तकनीक और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं, जिसका लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

इंदौर में ब्रिक्स सम्मेलन मंगलवार से शुरू हो गया। यह 9 से 13 जून तक चलेगा। पहले दिन भारत व रूस के बीच कृषि विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। कृषि और किसान कल्याण विभाग के सचिव ने किसान-केंद्रित और टिकाऊ कृषि विकास को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग को मजबूत करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और जलवायु के प्रति लचीलापन (क्लाइमेट रेजिलिएंस) बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता भारत के जिम्मे है।

भारत की अध्यक्षता में इंदौर में 5वीं ब्रिक्स एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप बैठक के पहले दिन सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सदस्य देशों के बीच प्रमुख प्राथमिकताओं पर ठोस और रचनात्मक चर्चा हुई, जिनमें खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका, कृषि व्यापार और सहयोग, तथा पुनर्योजी (रिजनरेटिव) और जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना शामिल था। इन चर्चाओं में कृषि प्रणालियों को मजबूत करने और ब्रिक्स देशों में समावेशी व टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता दिखाई दी।

**सम्मेलन में 20 देशों के कृषि मंत्री वरिष्ठ अधिकारी हो रहे शामिल**



दुनिया के 20 देशों के प्रतिनिधि मंथन करते हुए

- **खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर भी मंथन**
- **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्षों और संकटों का असर कृषि क्षेत्र पर भी**

### द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना होगा

अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रिक्स के महत्वपूर्ण सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट्स भाग ले रहे है। पहले सत्र में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। चर्चा का मुख्य केंद्र द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, कृषि व्यापार का विस्तार करना और सतत कृषि विकास को गति देने के लिए तकनीकी सहयोग को ▸▸ शेष पेज 4 पर

### प्रसिद्ध 56 दुकान पहुंचकर इंदौरी खानपान का स्वाद चखा

सम्मेलन में शामिल होने के लिए सोमवार को साउथ अफ्रीका, इंडोनेशिया और इथोपिया के डेलीगेट्स इंदौर पहुंचे। इन विदेशी प्रतिनिधियों ने शहर की प्रसिद्ध 56 दुकान पहुंचकर इंदौरी खानपान का स्वाद चखा। उन्होंने दही-बड़े, ▸▸ शेष पेज 4 पर

### किसानों की आय बढ़ाने जैसे विषयों पर फोकस

ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों और प्रतिनिधियों की बैठक वैश्विक कृषि परिदृश्य, खाद्य सुरक्षा, कृषि नवाचार और किसानों की आय बढ़ाने जैसे विषयों पर केंद्रित रहेगी। प्रतिनिधिमंडलों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्षों और संकटों का असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग बढ़ने से कृषि व्यापार, तकनीक और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं, जिसका लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को भी मिलेगा। सम्मेलन के दौरान कृषि नवाचार, आधुनिक तकनीक, सतत कृषि विकास और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर विभिन्न तकनीकी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भारत का बड़ा और ऐतिहासिक कदम

## 12 रेडी टू फायर परमाणु हथियार तैनात, पल झपकते ही दुश्मन को कर देंगे तबाह

**भारत की नीति 'नो फर्स्ट यूज' का दुश्मन देश नहीं उठा पाएगा फायदा**


एआई इमेज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने अपनी दशकों पुरानी नीति में बदलाव करते हुए पहली बार 12 परमाणु वारहेड तैनात किए हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पहली बार है जब भारत के हथियारों के जखीरे को सिर्फ जमा करके रखने के बजाए, ऑपरेशन के लिए तैनात माना गया है। जमीन के नीचे बने मिसाइल साइलो और ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी

### सेकंड स्ट्राइक क्षमता होगी अचूक

भारत की नीति नो फर्स्ट यूज (पहले परमाणु हमला न करना) की है। इसका मतलब है कि भारत पर हमला होने के बाद ही वह जवाबी कार्रवाई करेगा। अगर दुश्मन देश भारत के जमीनी ठिकानों को नष्ट भी कर दे, तो समुद्र की गहराई में छिपी भारतीय परमाणु पनडुब्बियों पर तैनात ये 12 रेडी-टू- ▸▸ शेष पेज 4 पर

### बड़ी राहतः सीएम डॉ. यादव का बड़ा फैसला

## शासकीय नौकरी में दो बच्चों की अधिकतम सीमा होगी 'समाप्त'

**प्रस्तावित मप्र सिविल सेवा नियम के इस प्रारूप को निरस्त किया**


एआई इमेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासकीय कर्मचारियों और युवाओं के हित में एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रस्तावित 'मप्र सिविल सेवा नियम' के उस प्रारूप को तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें शासकीय नौकरी के लिए दो बच्चों की अधिकतम सीमा का प्रावधान किया गया था। सीएम के संज्ञान लेने के बाद इस विवादित प्रारूप को सरकारी पोर्टल से भी तत्काल हटा दिया गया है। दरअसल, प्रदेश में वर्ष 2001 से तत्कालीन सरकार के फैसले के तहत यह नियम लागू था कि 26 जनवरी 2001 या उसके बाद ▸▸ शेष पेज 4 पर


तिरंगा फहराने पहाड़ पर चढ़ी (इनसेट में) दीपिका

### अफ्रीका के माउंट किलिमंजारो पर फहराया तिरंगा

## मप्र पुलिस की महिला इंस्पेक्टर दीपिका गौतम ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस की इंस्पेक्टर दीपिका गौतम ने अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो फतह कर नया इतिहास रच दिया है। वह इस विश्व प्रसिद्ध पर्वत पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने वाली एमपी पुलिस की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। भोपाल स्थित

**ऐसा करने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं**


एससीआरबी पीएचक्यू में पदस्थ दीपिका ने 29 मई को करीब 5,895 मीटर ऊंचे इस ज्वालामुखी पर्वत पर तिरंगा फहराया। इस अंतरराष्ट्रीय अभियान में वह भारत की एकमात्र प्रतिभागी थीं। नौकरी और पारिवारिक ▸▸ शेष पेज 4 पर

**शादी समारोह या जन्मदिन, सीमित करना होंगे मेहमान**

## 100 लोगों को घर बुलाया तो तीन दिन पहले लेनी होगी नगर निगम से अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल के आईएसबीटी स्थित निगम के मीटिंग हॉल में मंगलवार को ठोस अपशिष्ट एवं प्रबंधन के नए नियमों पर प्रजेंटेशन दिया गया। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की


फाइल फोटो

मौजूदगी में एक्सपर्ट अतुल खरे ने बताया कि खुले में कचरा फेंक या जलाया तो निगम सख्ती करते हुए जुर्माना करेगा। बिना निगम की अनुमति से यदि 100 लोगों का कार्यक्रम भी कर रहे हैं तो निगम को 3 दिन पहले जानकारी देना होगी।

### आज अरब सागर में आगे बढ़कर मुंबई पहुंच सकता है मानसून, बंगाल की खाड़ी में भी बढ़ा आगे

**गर्मी के तेवर तीखे हैं और लोगों को राहत भरे मानसून का इंतजार है**

## मानसून के पहले सीजन की आखिरी लू चली तीन दिन बाद होगी कई जिलों में तेज बारिश

- भोपाल में 10 दिन बाद इतनी गर्मी
- 15 जिले 42 से 43 डिग्री के बीच पहुंचे
- दतिया 44 और खजुराहो में पारा 46 डिग्री दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को गर्मी के तेवर तीखे हो गए। दिन के तापमान में औसतन दो डिग्री की घट-बढ़ के साथ भोपाल में 10 दिन बाद पारा 40 डिग्री पर रहा, जबकि करीब 15 जिलों में 42 से 43 डिग्री तक गर्मी रहने से लू जैसी स्थिति रही। खजुराहो में सर्वाधिक 46 डिग्री दर्ज हुआ। यहां


जबलपुर में दोपहर तेज बारिश, कुछ जगह पेड़ भी गिरे

लू का असर रहा। दतिया में 44 डिग्री दर्ज हुआ। प्रदेश में औसत पारा 40 डिग्री रहने से तेज गर्मी महसूस की गई। मंगलवार को प्रदेश में मानसून से पहले यह आखिरी लू चली है। इसके बाद अगले 2 से 3 दिन में अधिकांश जिलों में मौसम बदलने से पारा तेजी से गिरेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले एक-दो दिन पारा और बढ़ेगा। इसके बाद तापमान ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 15 जिलों में पारा 41 से 43

मंगलवार को करीब 7 जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहा, जबकि 8 जिले 41 से 42 डिग्री तक रहे। कुल करीब 15 जिलों में पारा 41 से 43 डिग्री के बीच रहा है। इनमें गुना, ग्वालियर, राजगढ़, मंडला, नौगांव, रीवा, सतना और टीकमगढ़ जिलों में 42 से 43 डिग्री तक दर्ज हुआ। भोपाल में 30 मई के बाद सर्वाधिक पारा 40 डिग्री दर्ज हुआ है। यह इस मानसून सीजन में सर्वाधिक पारा है। इससे पहले 30 मई 2026 को यहां 40 डिग्री रहा है।

भोपाल
बुधवार, 10 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 13, अंक : 69
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 40
न्यून. 28


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13 आखिरी चार गेंदों में चटकाए तीन ...
विचार पेज
06 सेवा, सुशासन व संकल्प ...


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## कैबिनेट बैठक में बड़ा निर्णय : निमाड़ के आधा दर्जन जिलों के कपास उत्पादक किसानों को होगा लाभ

# मप्र में कपास पर मंडी शुल्क आधा फीसदी हुआ, महाराष्ट्र में भी इतना ही

*जिनिंग मिलों की ओर से अन्य पड़ोसी राज्यों में पलायन की अपेक्षा प्रदेश में ही व्यवसाय करने को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे रोजगार में तथा जीएसटी संग्रहण में बढ़ोतरी होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में कपास पर मंडी शुल्क घटा दिया गया है। अभी तक 100 रुपए पर एक रुपए यानी एक फीसदी मंडी शुल्क लगता था, किंतु सरकार ने उसे घटाकर महाराष्ट्र के बराबर आधा फीसदी कर दिया है। इससे निमाड़ क्षेत्र के जिले खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर आदि के कपास उत्पादक किसानों को काफी लाभ होगा। अभी तक मंडी शुल्क ज्यादा होने की वजह से मप्र के किसान अपना कपास महाराष्ट्र में बेचते थे। इससे मप्र सरकार को मंडी शुल्क का नुकसान होता था। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री

▶▶ शेष पेज 4 पर



डॉ. मोहन यादव

- स्थानीय जिनिंग मिलों को मजबूती मिलेगी और रोजगार बढ़ेगा
- अन्य जिंसों के लिए सरकार ने मंडी शुल्क एक से बढ़ाकर डेढ़ फीसदी किया



कैबिनेट बैठक में सीएम व मंत्रिगण

- *भोपाल मेट्रो की लागत डेढ़ गुना बढ़ी, अब 7000 नहीं 13,500 करोड़ होंगे खर्च*
- *कैबिनेट ने दी भोपाल मेट्रो की पुनरीक्षित लागत 13,565.84 करोड़ रुपए की मंजूरी*

### भोपाल मेट्रो की मूल लागत 6,941.40 करोड़ रुपए थी

भोपाल मेट्रो की लागत डेढ़ गुना तक बढ़ गई है। भोपाल मेट्रो की पुनरीक्षित लागत और अतिरिक्त वित्त पोषण के लिए 13,565.84 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। भोपाल मेट्रो रेल परियोजना की मूल लागत 6,941.40 करोड़ रुपए थी। इसमें 3,092.22 करोड़ रुपए की अतिरिक्त लागत जोड़कर संशोधित कुल लागत 10,033.62 करोड़

▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रदेश में लगभग 158 कपास जिनिंग मिलें

प्रदेश में लगभग 158 कपास जिनिंग मिलें हैं, जिनकी प्रसंस्करण क्षमता लगभग 13 लाख मीट्रिक टन है। प्रदेश में कपास पर मंडी फीस की दर में कमी किए जाने से जिनिंग मिलों की ओर से अन्य पड़ोसी राज्यों में पलायन की अपेक्षा प्रदेश में ही व्यवसाय करने को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे रोजगार में तथा जीएसटी संग्रहण में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही साथ जिनिंग मिलों की इनपुट लागत में कमी आएगी और उनकी

▶▶ शेष पेज 4 पर

## खान सर को कोर्ट से अंतरिम राहत, गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**पटना।** पटना कोर्ट ने कोचिंग फायरिंग मामले में चर्चित शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर को बड़ी राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। जिला जज की अदालत ने खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस को किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। अदालत ने पुलिस से इस मामले की केस डायरी और खान सर का आपराधिक इतिहास तलब किया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 30 जून को होगी। हालांकि खान सर को अभी परमानेंट अग्रिम जमानत नहीं मिली है।



## जयपुर पटाखा गोदाम में भीषण आग

# अवैध फैक्ट्री में धमाके से एक बच्चे समेत 8 लोगों की जिंदा जलने से मौत



हादसे के बाद तड़पते घायल

- *दिल्ली का युवक रिहायशी इलाके में चला रहा था कारोबार*
- *मृतकों के शवों को पॉलीथीन में समेटकर अस्पताल ले जाना पड़ा*

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजधानी के खोह नागोरियान थाना इलाके में मंगलवार सुबह 11 बजे एक अवैध पटाखा गोदाम में भीषण आग लग गई। हादसे में एक बच्चे समेत 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक मजदूर नासिर 95% तक झुलस गया। घटना आयशा नगर तलाई क्षेत्र में एक आईटीआई कॉलेज के पास स्थित रिहायशी इलाके की है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मृतकों के शवों को पॉलीथीन में समेटकर अस्पताल ले जाना पड़ा। मृतकों में अब्दुल वाहिद (50), बिलाल खान (30), समीर (20), आजीम

▶▶ शेष पेज 4 पर

### फैक्ट्री सील, मकान मालिक और संचालक पर कार्रवाई की तैयारी

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और डीसीपी ईस्ट रंजीत शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि रिहायशी इलाके में यह गोदाम पूरी तरह अवैध था। यह मकान याकूब नाम के व्यक्ति का है, जिसने इसे दिल्ली निवासी फिरोज को किराए पर दिया था। फिरोज यहां वसीम नाम के युवक के साथ मिलकर अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री और गोदाम चला रहा था। पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है और संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।





एक्स-शोरूम कीमत# ₹89,611
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh. ^T&C Apply.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीपः सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदाः ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुरः गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिरालीः भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनीः गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाहः उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावरः नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाइल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवालीः श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौराः विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुरः सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबटः धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवाः राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्राः श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौरः आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़ः रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़ः महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमलीः न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगरः रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगरः आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंजः साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेराः महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटीः अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावदः शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंहः गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, भिन्डः शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊः तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडीः नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदाः जेएस मोटर्स, 9926600906.

FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI

**पीएम मोदी के नेतृत्व के 12 वर्षः सभी को साथ लेकर चलना एवं देश को सुरक्षा देने के साथ आर्थिक रूप से मजबूत बनाना रही विशेषता**

# भारत के आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का कालखंड है पीएम मोदी का कार्यकाल

ब्लॉग

भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का लगातार 3 बार प्रधानमंत्री बनना देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लगातार 3 बार सत्ता में आना मोदी की कार्यप्रणाली, सभी को साथ लेकर चलना और देश को सुरक्षा देने के साथ आर्थिक रूप से मजबूत बनाना ही उनकी विशेषता रही है। प्रधानमंत्री मोदी की इन्हीं विशेष खूबियों ने नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय लिखा है।



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र

नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, तब देश की जनता ने केवल एक सरकार नहीं चुनी थी, बल्कि शासन की एक नई कार्यशैली और राजनीतिक संस्कृति की अपेक्षा भी व्यक्त की थी। बारह वर्ष बाद इस यात्रा को केवल योजनाओं, आंकड़ों और उपलब्धियों के आधार पर नहीं, बल्कि उस व्यापक दृष्टिकोण के आधार पर समझना अधिक उचित होगा, जिसने शासन की सोच को प्रभावित किया। यदि इन बारह वर्षों को तीन शब्दों में समेटना हो, तो वे शब्द होंगे- सेवा, सुशासन और संकल्प। प्रधानमंत्री की सोच में सेवा का अर्थ केवल कल्याणकारी योजनाएं चलाना नहीं रहा, बल्कि सेवा का अर्थ शासन स्वयं को जनता का संरक्षक और सेवक के रूप में हैं। इस दृष्टि से पिछले बारह वर्षों में शासन की प्राथमिकताओं में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की उन्होंने चिंता की है। गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग को केवल वोट बैंक के रूप में नहीं, बल्कि विकास प्रक्रिया को केंद्र में रखने की कोशिश की जो सफलता के शिखर तक जा पहुंची। यही सोच पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद में भी दिखाई देती है। पीएम मोदी की सरकार ने बार-बार यह संदेश दिया है कि विकास का वास्तविक अर्थ तब है, जब उसका लाभ समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंचे। प्रधानमंत्री की प्रमुखता में सुशासन एक प्रमुख केन्द्र बना। सुशासन का अर्थ सरकार को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी बनाना है। डिजिटल तकनीक का उपयोग इसी दर्शन का हिस्सा था।

शासन और नागरिक के बीच की दूरी कम करने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा निर्णयों को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए गए, जो लगातार जारी हैं। इसका मूल ध्येय यह है कि आम नागरिक को सरल और सहज तरीके से उसके अधिकार मिलें और योजनाओं का लाभ सहजता से मिल सके। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो लोकतंत्र में संवाद को आवश्यक मानते हैं। उनका समय-समय पर अलग-अलग वर्गों से सीधा संवाद करना और उन्हें मार्गदर्शन देना अदभुत है। वे युवाओं के लिए अभिभावक की भूमिका भी निभाते हैं। छात्र-छात्राओं को परीक्षा के समय आत्म मजबूत करने के लिए परीक्षा पर चर्चा जैसे विषयों पर उनका संवाद लगातार जारी रहता है। इसी क्रम में उनकी मन की बात कार्यक्रम को पूरा देश बड़े आत्मीय तरीके से आत्मसात करता है। यही हमारे प्रधानमंत्री की विशेषता है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की कार्यशैली में यह स्पष्ट दिखाई दिया देता है कि बड़े निर्णयों से बचने के बजाय उन्हें समाधान तक कैसे पहुंचाया जाए? दरअसल, इसे ही निर्णायक नेतृत्व कहते हैं। यह निर्विवाद है कि निर्णय लेने की क्षमता इस शासनकाल की प्रमुख पहचान रही है। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में मोदी सरकार ने विकसित भारत को राष्ट्रीय संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। यह संकल्प केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है।

इसके भीतर आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव की भावना भी जुड़ी हुई है। पिछले बारह वर्षों में बार-बार यह संदेश दिया गया कि भारत को केवल विकासशील राष्ट्र के रूप में संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे विश्व की अग्रणी शक्तियों में स्थान प्राप्त करना चाहिए। यह दृष्टिकोण भारतीय समाज में एक नए आत्मविश्वास का निर्माण करता है। प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरणा लेकर हमने भी विकसित मध्यप्रदेश का सपना देखा। यह बताते हुए मन भाव-विभोर है कि पीएम मोदी का हर कदम पर हर निर्णय पर मार्गदर्शन, स्नेह और आशीर्वाद मिला। चाहे वर्षों से लंबित केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना हो या पीएम मित्र पार्क, उन्होंने आगे बढ़कर परेशानियों को दूर किया। उनके जैसा नेतृत्व दुर्लभ है। हाल ही में देश के सात राज्यों में पीएम मित्र पार्क बनाने का निर्णय हुआ, तो उस सूची में मप्र को भी रखा गया। यह अति प्रसन्नता का विषय है कि अब तक सिर्फ मप्र में ही पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन हुआ है और यह गौरव का विषय रहा कि धार में पार्क के भूमिपूजन में प्रधानमंत्री शामिल हुए। यह सब मप्र से उनके विशेष लगाव का परिणाम ही है।

प्रदेश में साइबर तहसील का सफल क्रियान्वयन हो या भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल, सब प्रधानमंत्री मोदी के स्नेह -आशीर्वाद-मार्गदर्शन का ही परिणाम है। आज प्रदेश में नौ एयरपोर्ट हैं, तो इसके पीछे भी उनका ही मार्गदर्शन है। आज हमारा मप्र नक्सल मुक्त है, तो इसके पीछे उनका ही दिशा-निर्देश है। उन्होंने समय-समय पर समझाया, तो चेताया भी। उन्होंने कहा कि गोली का जवाब गोली से दो पर जो लोग बंदूक-हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं, उनके लिए बेहतर से बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था भी हो। उनकी सलाह-चेतावनी का ही सुफल है कि आज मप्र लाल सलाम को आखिरी सलाम कह चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में ही मप्र में उद्योगों का जाल बिछ रहा है, लाखों-करोड़ का निवेश हो रहा है। फरवरी 2025 में भोपाल में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल होना, उनका विशेष स्नेह ही तो दर्शाता है। उनकी सीख ही थी कि हमने शुरूआती निर्णयों में इंदौर के हुकुमचंद मिल के कामगारों को उनका बकाया अधिकार दिलवाने में सफलता हासिल की। कामगारों को चेक सौंपने के अवसर पर कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित भी किया था। मप्र के सभी 55 जिलों में अग्रणी सरकारी कालेजों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करना हो या हाईवे का विकास हो, हर मोर्चे पर प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बढ़कर रूचि दिखाई, मार्गदर्शन मदद और स्नेह देते रहे। मुझे कहने में तनिक भी संकोच नहीं है कि वे कालजयी, त्रिकालदर्शी नेता हैं। हमारे मार्गदर्शक और संरक्षक मोदी के कार्यकाल की एक महत्वपूर्ण विशेषता सांस्कृतिक चेतना का पुनरूत्थान भी है।

पिछले बारह वर्षों में भारतीयता, विरासत और सभ्यता पर गर्व करने का भाव अधिक मुखर होकर सामने आया है। यह विचार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक यात्रा को आधुनिक राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास भी है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, काशी का पुनर्विकास हो, या विश्व मंचों पर भारतीय परंपराओं और योग का प्रचार इन सभी के पीछे सांस्कृतिक आत्मविश्वास का वही भाव दिखाई देता है। उनसे प्रेरणा प्राप्तकर मप्र भी अपनी विरासत को संजो रहा है। किसी भी राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी अर्थव्यवस्था या सेना में नहीं होती। उसकी शक्ति उसके आत्मविश्वास में भी होती है। इस दृष्टि से सांस्कृतिक पुनर्जागरण मोदी के कार्यकाल की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों को यदि केवल योजनाओं और आंकड़ों से समझने का प्रयास किया जाए, तो तस्वीर अधूरी रह जाएगी। इन 12 वर्षों का वास्तविक महत्व उस सोच में है, जिसने शासन को सेवा से, प्रशासन को सुशासन से और राजनीति को संकल्प से जोड़ने का सफल प्रयास किया है। यह कालखंड भारत के आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का कालखंड रहा है। यह नए भारत की आधारशिला है।

---

**सिंहस्थ के लिए प्रगति पर हैं 16 हजार 910 करोड़ रुपए के 148 विकास व निर्माण कार्य**

# सिंहस्थ-2028 के लिए 17 नए विकास कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा, बेहतर आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था के लिए दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए जारी बेहतर रोड नेटवर्क के लिए इंफ्रॉस्ट्रक्चर निर्माण, शिप्रा घाटों के निर्माण, पुण्य स्नान के लिए जल की उपलब्धता, श्रद्धालुओं के ठहरने और आवागमन की सुगम व्यवस्था तय समय-सीमा में पूर्ण की जाए। बेहतर प्रबंधन के लिए स्टाफिंग और उनके प्रशिक्षण की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से शुरू करें।

भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा के लिए अद्यतन तकनीक के उपयोग और आपदा प्रबंधन व चिकित्सा सुविधाओं के लिए माइक्रो प्लानिंग की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में हुई सिंहस्थ-2028 की कैबिनेट समिति की छठवीं बैठक में यह दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट समिति ने 491.66 करोड़ रुपए की लागत के 17 नए विकास कार्यों को मंजूरी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने उज्जैन एवं आसपास के 7 जिलों में जारी 16 हजार 910 करोड़ से अधिक लागत के 148 विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सभी वरिष्ठ मंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव व सचिव स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-मंडलीय समिति की छठवीं बैठक सम्पन्न
- ओंकारेश्वर में बनेगा हेलीपेड, उज्जैन सहित ओंकारेश्वर, देवास, इंदौर, खंडवा, आगर-मालवा, शाजापुर, मंदसौर और खरगोन में जारी हैं गतिविधियां



सिंहस्थ-2028 की कैबिनेट समिति की बैठक में चर्चा करते सीएम।

**ओंकारेश्वर में निर्माण कार्य स्वीकृत**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में ओंकारेश्वर मंदिर परिसर के 160 करोड़ की लागत के निर्माण कार्य, नगर परिषद ओंकारेश्वर में 12.63 करोड़ रूपए लागत की सीसी रोड निर्माण, ओंकारेश्वर रोड सनावद पर 9.23 करोड़ रूपए लागत के रेलवे आरओबी निर्माण, ओंकारेश्वर में 24.99 करोड़ रूपए लागत की मल्टी लेवल पार्किंग, फूड कोर्ट, टॉयलेट और एडमिन ब्लॉक निर्माण, बैरिक तथा प्रशिक्षण हॉल, अस्पताल और स्टाफ क्वार्टर, पार्किंग और अस्पताल भवन उन्नयन कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 के लिए जारी विभिन्न गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की।

## बैठक में उज्जैन के विकास कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान

उज्जैन में शनि मंदिर से प्रशांति धाम चौराहा मार्ग तक पुल और एप्रोच रोड का 30 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण होगा। तपोभूमि से पिपलियाराघो पंचक्रोशी मार्ग पर कान्ह नदी पर 12 करोड़ रुपए की लागत से समानांतर नया पुल। तपोभूमि से गंगेडी व्हाया राघोपिपल्या तक 5.5 किमी की 30 करोड़ रुपए लागत की दो लेन की नई सड़क। देवास रोड से लालपुर होते हुए गरोठ मार्ग तक ढाई किमी लंबा पंचक्रोशी मार्ग। फोर लेन की यह सड़क 18 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी।

**यह कार्य भी होंगे**

उज्जैन में देवास रोड पर लोक निर्माण विभाग 2.36 करोड़ रुपए की लागत से विश्राम गृह (रेस्ट हाउस)। उज्जैन के देवास रोड स्थित पीडब्लयूडी सर्किट हाउस का विस्तार और नवीनीकरण। लेकोड़ा से टनकारिया रेलवे स्टेशन रोड तक 13.28 करोड़ रुपए से 2.50 किमी लंबी सड़क।

**पुलिस-प्रशासन-नगर निगम बेहतर समन्वय के लिए अभी से अभ्यास करें**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ : 2028 के लिए सम्पर्ण व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन का समन्वय कंट्रोल रूम से होगा। इसका सम्पूर्ण नियंत्रण पुलिस द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निगम तथा अन्य सभी एजेंसियां बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें।

---

**प्रमुख सचिव वन की अध्यक्षता में हुई मप्र टाइगर फाउंनडेशन समिति की 22वीं शासी निकाय की बैठक**

# वन्य-जीवों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने क्षेत्रीय स्तर पर होगा चरवाहा सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र टाइगर फाउण्डेशन समिति की 22 वीं शासी निकाय की बैठक प्रमुख सचिव वन संदीप यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई। बैठक में टाइगर फाउण्डेशन समिति की 21 वीं बैठक का अनुमोदन किया गया। बैठक में वन्य एवं वन्य-जीव संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं प्रस्तावों की समीक्षा की गई।

संरक्षित क्षेत्रों, वन मण्डलों में वन्य-जीव संरक्षण, आवास विकास, मानव वन्य-जीव संघर्ष न्यूनीकरण, अनुसंधान, अध्ययन, जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन के साथ ब्लैकबक कैप्चर ऑपरेशन से संबंधित कार्यों के लिए लगभग 22.79 करोड़ की राशि के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। समिति के वर्ष 2026-27 के वार्षिक कार्य-योजना (एपीओ) का भी अनुमोदन किया गया। साथ ही टाइगर फाउण्डेशन समिति की 22वीं बैठक की कार्यसूची के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई।

## समिति की बैठक हर 3 माह में आयोजित की जाए

प्रमुख सचिव यादव ने कहा कि टाइगर फाउंडेशन समिति की बैठक हर 3 माह में आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि इससे कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता आएगी। यादव ने कहा कि वन्य-जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर चरवाहा सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया गया। बैठक में जिन कार्यों की स्वीकृति दी गई है, उन्हें नियमानुसार गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव डॉ. समीता राजौरा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-जीव) एल. कृष्णमूर्ति एवं संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान बैठक में उपस्थित रहे। अपर पुलिस महानिदेशक एवं अध्यक्ष टाइगर सेल, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक माधव राष्ट्रीय उद्यान, मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त सागर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, क्षेत्र संचालक कान्हा, बांधवगढ़, पेंच और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व वर्चुअली शामिल हुए।






---

**एमपी स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन को एक वर्ष तक के लिए 29,500 करोड़ की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति दी**

# किसान कल्याण से जुड़े कार्यों के लिए 13 हजार 800 करोड़ रुपए की कैबिनेट से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में मप्र के बुनियादी ढांचे, तकनीकी विकास और किसान कल्याण से जुड़े कार्यों के लिए लगभग 13 हजार 800 करोड़ रुपए की स्वीकृति के साथ कई बड़े एवं महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगाई गई है। इसके साथ ही राज्य में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को सुदृढ़ करने के लिए 5 वर्षों 2026-2031 के लिए आईटी संवर्ग परामर्श सेवाओं और कार्य योजना के लिए 235 करोड़ 63 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें आगामी रबी और खरीफ विपणन सत्रों में फसलों के सुचारू उपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए एमपीएससीएससी और मार्कफेड को 8,600 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति देने की भी बड़ी मंजूरी दी गई है। यह फैसले प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक उन्नति की दिशा में सशक्त कदम साबित होंगे। आईटी संवर्ग परामर्श सेवाओं और कार्य के लिए 235 करोड़ 63 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। यह योजना वर्तमान में शासन की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रक्रिया की आधारभूत आवश्यकता है तथा भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई), बिग डाटा एनालिटिक्स, ब्लॉक चेन तकनीक एवं सायबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में राज्य की तैयारियों को सुदृढ़ करने के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। 'ई-गवर्नेंस उत्कृष्टता पुरस्कार" के माध्यम से विभागों एवं अधिकारियों के नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से मप्र को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलेगी।

**बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय**



कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री

## निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति

एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन और मार्कफेड को 8,600 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति दी गई। एमपी स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन लि. एवं मार्कफेड को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की द्वय खाद्यान्न साख सीमा के पुनर्भुगतान के लिए 1 अप्रैल से 31 मार्च 2027 तक के लिए 8,600 करोड़ की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति दी है। इसके अलावा एमपी स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन लि. को 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 (एक वर्ष) तक की अवधि के लिए 29,500 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराई गई है।



बेंगलुरु जाने के लिए एयरपोर्ट पर बैठे कांग्रेस नेताओं के परिवारजन।



एयरपोर्ट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह बेंगलुरु जाने के लिए पहुंचे।



चुनाव आयोग के दफ्तर बाहर देर रात तक कांग्रेस नेताओं ने धरना दिया। इस दौरान वे वहीं सो भी गए।

## राज्यसभा की जंग में कांग्रेस को झटका: सुबह जीत के दावे, शाम को नामांकन रद्द, एयरपोर्ट से लौटे विधायक



# सुबह से दोपहर तक कांग्रेस में जीत का 'जोश'...शाम होते ही उड़ गए 'होश'

- नटराजना का नामांकन रद्द होने के साथ बदले राज्यसभा चुनाव के समीकरण
- देर रात तक कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग दफ्तर के बाहर किया प्रदर्शन
- आयोग के अफसरों के आश्वासन के बाद रात 10.45 बजे धरना किया खत्म
- आज चुनाव अधिकारी से 11 बजे मुलाकात के पूर्व पीसीसी में होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि लाइव

मध्यप्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट को लेकर सोमवार को राजधानी में पूरे दिन हाई-वोल्टेज राजनीतिक घटनाक्रम चलता रहा। सुबह जहां कांग्रेस खेमे में जीत के दावे और एकजुटता के संदेश दिए जा रहे थे, वहीं शाम होते-होते पार्टी को बड़ा झटका लगा जब कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही राज्यसभा चुनाव का पूरा समीकरण बदल गया।

सुबह नेता प्रतिपक्ष के आवास पर कांग्रेस विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में पार्टी नेताओं ने दावा किया कि सभी एकजुट हैं और मीनाक्षी नटराजन की जीत सुनिश्चित है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करने के आरोप लगाए। दूसरी ओर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा का उम्मीदवार निर्वाचित होगा और विधायक अपनी अंतरात्मा की आवाज के अनुसार मतदान करेंगे।



सोमवार शाम से देर रात तक चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे रहे कांग्रेस नेता।

### विशेष विमान की व्यवस्था की

इसी बीच कांग्रेस ने अपने विधायकों को राज्य से बाहर शिफ्ट करने की तैयारी भी कर ली थी। विधायकों और उनके परिवारों को लेकर विशेष विमान की व्यवस्था की गई। दोपहर करीब ढाई बजे विशेष विमान भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर पहुंच गया और विधायक उसमें सवार भी हो गए। हालांकि पार्टी हाईकमान के निर्देशों और बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के चलते उड़ान को अंतिम मंजूरी नहीं मिल सकी।

### नेता फैसले का इंतजार करते रहे

करीब तीन घंटे तक दोनों दलों के नेता फैसले का इंतजार करते रहे। शाम करीब साढ़े छह बजे रिटर्निंग ऑफिसर ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया। आदेश में कहा गया कि उम्मीदवार ने अपने शपथ पत्र में एक न्यायालयीन प्रकरण की जानकारी का उल्लेख नहीं किया था, जिससे नामांकन अपूर्ण पाया गया।

### आपत्तियों पर सुनवाई का दौर शुरु

उधर विधानसभा सचिवालय में नामांकन पत्रों की जांच और आपत्तियों पर सुनवाई का दौर शुरू हो गया। भाजपा की ओर से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राकेश सिंह ने मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पर आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद कांग्रेस की ओर से जीतू पटवारी, हरीश चौधरी, दिग्विजय सिंह और स्वयं मीनाक्षी नटराजन भी विधानसभा पहुंचे।

### भारी भीड़ जमा हो गई

रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के बाहर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई। नारेबाजी और तीखी बहस के बीच तनावपूर्ण स्थिति बन गई। कुछ समय के लिए धक्का-मुक्की और टकराव जैसे हालात भी बने, जिसके बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई।

### कांग्रेस खेमे में निराशा छाई

फैसले के बाद कांग्रेस खेमे में निराशा छा गई। एयरपोर्ट पर विमान में इंतजार कर रहे विधायक भी वापस लौट आए। पार्टी के भीतर अब इस बात को लेकर मंथन शुरू हो गया है कि नामांकन प्रक्रिया में चूक कैसे हुई और संबंधित जानकारी भाजपा तक कैसे पहुंची। कांग्रेस इस फैसले को कानूनी चुनौती देने की तैयारी में है, जबकि भाजपा इसे अपनी रणनीतिक और कानूनी जीत बता रही है।

### [बेंगलुरु जाने की थी जल्दी...]



बेंगलुरु जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार।

### राकेश ने सुनाया हाल...



मीडिया से बात करते भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश सिंह।

## कांग्रेस में 'घर के भेदी' की तलाश, लीगल सेल पर भी नजर, किसने दी अंदर की खबर

**भोपाल।** मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को लेकर उपजे विवाद के बाद अब कांग्रेस के भीतर भी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस नेतृत्व इस बात की पड़ताल कर रहा है कि नटराजन से जुड़े कानूनी मामले की जानकारी विपक्ष तक कैसे पहुंची। इस घटनाक्रम के बाद संगठन के भीतर 'घर का भेदी' तलाशने की कवायद शुरू हो गई है। दावा है कि मीनाक्षी नटराजन से जुड़े मामले की विस्तृत जानकारी पार्टी के केवल चुनिंदा वरिष्ठ नेताओं तक ही सीमित थी। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व यह जानने का प्रयास कर रहा है कि आखिर संवेदनशील जानकारी बाहर कैसे पहुंची और क्या इसके पीछे संगठन के किसी पदाधिकारी की भूमिका रही है।

### पार्टी हाईकमान ने की विस्तृत रिपोर्ट तलब

बताया जा रहा है कि पार्टी हाईकमान ने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। प्रदेश स्तर के नेताओं से लेकर कानूनी सलाहकारों तक से जानकारी जुटाई जा रही है। कांग्रेस के भीतर इस बात को लेकर भी चर्चा है कि मामले में किसी स्तर पर चूक हुई या फिर जानबूझकर जानकारी लीक की गई। इधर, मंगलवार को पीसीसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद वरिष्ठ नेताओं की गतिविधियां भी चर्चा का विषय बनी रहीं। कई वरिष्ठ नेता सीधे कांग्रेस कार्यालय के तीसरे तल पर पहुंचे, जहां बंद कमरे में खास बैठक हुई। बैठक में आगे की रणनीति, कानूनी विकल्प पर चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह भी बैठक के बाद पार्टी कार्यालय से बाहर निकले। वहीं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के साथ भी कई दौर की चर्चा हुई।

बिफरे कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

## मप्र के इतिहास का काला अध्याय, चुनाव आयोग का अस्तित्व ही नहीं...

राज्यसभा नामांकन रद्द होने से बिफरी कांग्रेस ने मंगलवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग पर सीधा हमला बोला। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने इसे "मप्र के इतिहास का काला अध्याय" और "सीधे-सीधे राज्यसभा सीट चोरी" करार दिया।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि एक लीगल नोटिस को आपराधिक प्रकरण बताकर नामांकन रद्द किया गया। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा, "आयोग अभी तक वोट चोरी कर रहा था, अब सीट चोरी कर रहा है। चुनाव आयोग जैसी संस्था का अस्तित्व समाप्त हो गया है।" लीगल सदस्य अजय गुप्ता ने कहा कि हैदराबाद के नोटिस का उल्लेख न होना आपराधिक मामला नहीं है। "निर्वाचन अधिकारी का आदेश इलीगल है। विधि की प्रक्रिया नहीं अपनाई गई।" मीनाक्षी नटराजन ने इसे "संविधान कुचलने की राजनीति" बताया।

### आज भूख हड़ताल करेंगे

जीतू पटवारी ने ऐलान किया कि बुधवार को कांग्रेस के सभी विधायक, नेता और कार्यकर्ता निर्वाचन आयोग के सामने भूख हड़ताल पर बैठेंगे। कांग्रेस यह लड़ाई कानूनी और सड़क दोनों स्तर पर लड़ने की तैयारी में है।

नामांकन निरस्त होने पर बोले भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी

## कांग्रेस का 'नारी सम्मान' क्या केवल भाषणों और नारों तक सीमित : आशीष

मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त होने पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का यह कैसा "नारी सम्मान का दिखावा"? तेलंगाना में कांग्रेस नेता कुंभम शिवकुमार रेड्डी पर एक महिला कार्यकर्ता द्वारा शादी का झांसा देकर शोषण, ब्लैकमेल और धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए। शिकायत और प्रकरण दर्ज होने के बावजूद तत्कालीन प्रभारी मीनाक्षी नटराजन की भूमिका को लेकर भी प्रश्न उठे और उनका नाम भी अपराध पंजीयन में सामने आया। सबसे गंभीर बात यह है कि महिला से जुड़े इस गंभीर प्रकरण का उल्लेख राज्यसभा नामांकन पत्र में नहीं किया गया। जब तथ्य सामने आने पर नामांकन निरस्त हुआ, तब कांग्रेस लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठाने लगी। यह रवैया कांग्रेस के दोहरे चरित्र और महिला सम्मान के प्रति उसकी वास्तविक सोच को उजागर करता है।

### आरोपों की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

कांग्रेस को देश की महिलाओं और जनता को जवाब देना चाहिए कि क्या महिला कार्यकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लिया गया? आरोपों की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई क्यों नहीं हुई? नामांकन पत्र में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने का प्रयास क्यों किया गया? क्या राजनीतिक संरक्षण के कारण सच्चाई को दबाने की कोशिश हुई? यदि यही मामला किसी राजनीतिक विरोधी से जुड़ा होता, तो कांग्रेस सड़कों से लेकर संसद तक हंगामा करती। लेकिन अपने नेताओं के मामले में उसका मौन बहुत कुछ कह देता है। जनता अब इस दोहरे मापदंड को भली-भांति समझ चुकी है।



### मीनाक्षी नटराजन दिल्ली रवाना

**भोपाल।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। देर रात तक कांग्रेस नेताओं और विधायकों ने निर्वाचन कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और फैसले के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। नामांकन रद्द होने के बाद मीनाक्षी नटराजन दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। दिल्ली में वह वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों और पार्टी नेतृत्व से चर्चा कर आगे की रणनीति तय करेंगी। इसके यह निर्णय किया जाएगा कि मामले को अदालत में चुनौती दी जाए या निर्वाचन आयोग के समक्ष अन्य विकल्प अपनाए जाएं।



भाजपा कार्यालय के बाहर शाम को जुटी भाजपा नेताओं की भीड़।

# नटराजन के नामांकन रद्द होने पर बोले तन्खा, यह वोट चोरी का नहीं, सीट चोरी का केस

हरिभूमि चर्चा

कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द होने के बाद वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए इसे प्रजातंत्र की हत्या बताया है। तन्खा ने कहा कि



कांग्रेस नटराजन का राज्यसभा का जो नामांकन था, वह रद्द कर दिया गया है। मैंने पेपर जांचे हैं, यह केस वोट चोरी का नहीं है, यह अब सीट चोरी का केस है। खुलेआम प्रजातंत्र के साथ डाका हुआ है। उन्होंने कोई ऐसी चीज नहीं छिपाई थी, जो वह डिक्लेयर कर सकती थीं। उनके विरुद्ध कोई एफआईआर नहीं थी। उनको एक बार नोटिस मिला था कोर्ट से नोटिस दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि आप जवाब दीजिए कि आवेदक कहता है कि आपको और दूसरे लोगों को 10 करोड़ मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने आपत्ति लगाई कि यह नोटिस मुझे नहीं भेजा ही जा सकता है, मेरा इस केस से कोई संबंध ही नहीं है, कोई अपराध नहीं है। कोर्ट अगर किसी को नोटिस भेज देती है, तो वो कोई केस नहीं है। बिना किसी केस के, बिना किसी प्रकरण के, एक ऐसी अनहोनी स्थिति बना दी है कि एक नेशनल पार्टी के जीते हुए उम्मीदवार को हरा दिया है। यह दुखद है। हमको पता है कि इसके विरूद्ध चुनाव याचिका लगाई जाती है। मैं अपनी पार्टी को सलाह दूंगा कि हमको सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए।

## कानून विशेषज्ञों और वरिष्ठ अधिकारियों ने दी प्रतिक्रिया

### नाम वापसी तिथि तक इंतजार

नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी के समय प्रत्याशियों के एजेंट उपस्थित रहते हैं। अब अगर नामांकन रिजेक्ट हो गया है तो तीन प्रत्याशी बचे हैं और तीन ही स्थान रिक्त हैं। अब नाम वापसी तिथि तक इंतजार करना होगा। उसके पहले अगर न्यायालय या चुनाव आयोग से राहत नहीं मिली तो तीनों प्रत्याशियों को विजय घोषित किया जा सकेगा।



**एपी सिंह, पूर्व विधानसभा प्रमुख सचिव**

### इस प्रकार के फिल्टर आवश्यक

लोक प्रहरी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के फैसले के प्रकाश में इलेक्शन ऑफिसर की कार्यवाही को गलत नहीं ठहराया जा सकता है। इस प्रकार के मामलों में पहला फैसला 2012 में आया था, जिसके बाद कई महत्वपूर्ण फैसले आए हैं। जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि आपराधिक पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों को रोकने के लिए इस प्रकार के फिल्टर आवश्यक हैं। हालांकि इनके पास अब चुनाव याचिका के माध्यम से इस फैसले को चुनौती देने का अधिकार है।



**गिरीश पटवर्धन, वरिष्ठ अधिवक्ता**

### असंतुष्ट हैं तो न्यायालय की शरण लें...

आपराधिक मुकदमा विचाराधीन होने की जानकारी छिपाने की आपत्ति पर कांग्रेस राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गया है। इस प्रकार के मामलों में पहले भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा फैसले दिए गए हैं, जिसमें कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि मतदाता को अपने उम्मीदवार के बारे में पूरी जानकारी पाने का मौलिक अधिकार है। ऐसे में अगर नामांकन निरस्त किया गया है कि तो इलेक्शन ऑफिसर द्वारा जांच के बाद उचित कारणों पर किया गया है। अगर उम्मीदवार निर्णय से असंतुष्ट है तो न्यायालय की शरण में जा सकता है।



**अशोक विश्वकर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता**

### समस्त प्रक्रिया लोकतांत्रित तरीके से संपन्न हुई

राज्यसभा का नामांकन फार्म भरते समय व्यक्ति शपथ पत्र पर यह बात कहता है कि उसमें जो भी जानकारी दी जा रही है, वह पूर्ण और सत्य है। यदि उसमें कोई भी त्रुटि पाई जाती है, तो उसे रद्द किया जा सकता है। यही हुआ है, क्योंकि नटराजन ने जानबूझकर उनके तेलंगाना के आपराधिक न्यायालीन मामले की जानकारी छिपाई और यह बात स्क्रूटनी में पकड़ी गई। जिसपर महेश केवट द्वारा आपत्ति ली गई। इसके बाद नियमानुसार निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकन निरस्त कर दिया। समस्त प्रक्रिया लोकतांत्रित तरीके से संपन्न हुई। **डॉ. हितेश वाजपेयी, प्रवक्ता भाजपा**



### त्रुटि सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए



अगर नामांकन फार्म में कोई त्रुटि है, तो उसको सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए। इस प्रकार से नामांकन का रद्द होना बिल्कुल गलत है। आपने निष्पक्षरूप से उसको देखा ही नहीं, पक्षपात का इससे बड़ा उदाहरण तो हो ही नहीं सकता है। साधारण तौर पर नामांकन इस बात पर थोड़े रद्द किया जा सकता है। त्रुटि सुधार का मौका दिया जाना चाहिए। इस मामले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। **अजय बागड़ी, वरिष्ठ अधिवक्ता**



## जैकेट एक का शेष...

### लीजिए... बिना लहरों ...

प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कर दिया। यानी, अब साफ है कि भाजपा उम्मीदवार महेश केवट की नैया मुकाबले की नदी में उतरे बिना ही पार हो गई। अब जब तक कोर्ट सुनवाई करेगा तब तक चुनाव हो चुकेगा।

**दोनों पक्षों ने संभाला मोर्चा, ठोंकी ताल:** यह आपत्ति केवट के इलेक्शन एजेंट रिटायर्ड जस्टिस रोहित आर्या ने लगाई थी जिस पर मीनाक्षी का नामांकन रद्द हुआ। इस दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी विधानसभा पहुंचे। भाजपा नेताओं ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता आवश्यक है और उम्मीदवारों को अपने खिलाफ लंबित मामलों की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। भाजपा के आरोपों के बाद कांग्रेस ने भी मोर्चा संभाल लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कांग्रेस के विधिक प्रकोष्ठ से जुड़े नेता विधानसभा पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की आपत्ति को राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश बताया।

**सिंघार बोले- कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं :** भाजपा की आपत्ति के जवाब में कांग्रेस ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हैदराबाद की मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में पूर्व पार्षद ए श्रीलता द्वारा एक याचिका दायर की गई है, जिसमें कुछ आरोप लगाए गए हैं। नटराजन को इसका नोटस जारी किया गया। उन्होंने इसका जवाब दे भी दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने स्पष्ट किया कि नटराजन के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। केवल कोर्ट से नोटिस मिलने और किसी व्यक्ति के खिलाफ विधिवत प्रकरण दर्ज होने में अंतर होता है। उन्होंने कहा कि नामांकन में वही जानकारी देना अनिवार्य होती है, जिसमें किसी प्रत्याशी के खिलाफ मामला दर्ज हो या आरोप तय किए गए हों। केवल नोटिस जारी होने की स्थिति में ऐसी जानकारी देने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। कांग्रेस की ओर से अधिवक्ता जेपी धनोपिया ने भी यही तर्क रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा की आपत्ति तथ्यात्मक और कानूनी आधार पर टिकाऊ नहीं है, क्योंकि कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन पर ही किया गया फैसला:** भाजपा की ओर से आपत्ति दर्ज कराने वाले अधिवक्ता संकेत गुप्ता ने कहा कि मीनाक्षी के खिलाफ लंबित आपराधिक मामले की जानकारी नामांकन पत्र के शपथ पत्र में नहीं दी गई है। उन्होंने दावा किया कि संबंधित मामले की प्रति उपलब्ध है और मीनाक्षी उस प्रकरण में जवाब भी प्रस्तुत कर चुकी हैं। इसके बावजूद उन्होंने अपने हलफनामे में इसका उल्लेख नहीं किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अपने खिलाफ लंबित सभी आपराधिक मामलों की जानकारी शपथ पत्र में देना अनिवार्य है। यदि कोई उम्मीदवार ऐसी जानकारी छिपाता है तो उसके नामांकन पर सवाल उठ सकता है और नियमानुसार कार्रवाई भी हो सकती है।

### भाजपा-कांग्रेस...

बीच तीखी बहस हो गई। कुछ समय के लिए धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी बनी। बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं के पहुंचने से विधानसभा परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### दिल्ली चुनाव आयोग के...

मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ कोई एफआईआर या चार्जशीट दर्ज नहीं है। इसके बावजूद बिना किसी ठोस वजह के उनका नामांकन रद्द कर दिया गया। इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन सिर्फ एक सामान्य नोटिस के आधार पर रद्द कर दिया गया हो, जबकि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला तक नहीं है। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वरिष्ठ नेता जयराम रमेश सहित कांग्रेस के कई सांसद और शीर्ष पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए आयोग से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है।

### पहले तो 4 घंटे बाद...

फ्लाइट दोपहर करीब ढाई बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंच गई थी। लेकिन एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कांग्रेस विधायकों के विमान को उड़ने की परमिशन देने से मना कर दिया था। अथॉरिटी का कहना था कि इस फ्लाइट को देश में उड़ने की अनुमति नहीं है।

### विदेश में उड़ने...

है कि जो फ्लाइट दिल्ली से भोपाल आ सकती है, वह बेंगलुरू नहीं जा सकती।

## जैकेट दो का शेष...

### भारत का 'स्वर्णिम'...

गए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। अधिकारियों को उम्मीद है कि जनवरी-फरवरी 2028 तक यह सुरंग आम जनता के लिए खोल दी जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरंग का ब्रेकथ्रू निर्धारित समय से लगभग छह महीने पहले हो रहा है। ब्रेकथ्रू के बाद सात से आठ महीने तक सिविल कार्य जारी रहेगा। इसके बाद विद्युत और अन्य तकनीकी कार्य शुरू किए जाएंगे। हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के इंजीनियरों ने यह कमाल कर दिखाया है। जोजिला टनल का निर्माण करीब 7000 करोड़ की राशि से हो रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यह सुरंग लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के लिए जीवन रेखा साबित होगी। गडकरी ने परियोजना में लगे इंजीनियरों, श्रमिकों और एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सुरंग चुनौतीपूर्ण भू-भाग और कठिन मौसम में भी सफलतापूर्वक बनाई गई है। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला व उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद थे।

### द्विपक्षीय सहयोग ....

बढ़ावा देना था। बैठक में खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने, बाजार पहुंच और जलवायु-लचीली खेती में सहयोगात्मक अनुसंधान सहित पारस्परिक प्राथमिकताओं पर रचनात्मक विचार-विमर्श हुआ, जो रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### प्रसिद्ध 56 ....

कचोरी, जलेबी, गराड़, नमकीन और शिकंजी का आनंद लिया। विदेशी मेहमानों ने शहर की स्वच्छता और खाद्य संस्कृति की सराहना भी की।

### किसानों की आय...

सत्र और विशेषज्ञ परिचर्चाएं आयोजित की जाएंगी। इसमें सदस्य देशों के प्रतिनिधि अपने अनुभव और सफल मॉडल साझा करेंगे।

### 12 रेडी टू ....

नई परमाणु पनडुब्बियों में तुरंत इस्तेमाल के लिए तैयार परमाणु हथियारों को तैनात करना, बढ़ी हुई तैयारी का संकेत देता है। साथ भारत की नीति है कि वो पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। लेकिन यदि दुश्मन ने हमला कर ही दिया तो जवाब में देरी न हो इसके लिए यह नई व्यवस्था की गई है। जानकार मानते हैं कि भारत की नो फर्स्ट यूज पॉलिसी का दुश्मन देश दुरुपयोग नहीं कर पाएगा।

### सेकंड स्ट्राइक क्षमता...

फायर परमाणु हथियार दुश्मन को तुरंत और पूरी तरह तबाह कर सकते हैं। इसके साथ ही चीन अपनी परमाणु मिसाइलों को लगातार आधुनिक बना रहा है। भारत अब ऐसी लंबी दूरी कFी मिसाइल प्रणालियों पर ध्यान दे रहा है जो पूरे चीन को कवर कर सकें।

### शासकीय नौकरी में दो ...

दो से अधिक जीवित संतान होने पर उम्मीदवार को शासकीय सेवाओं की सीधी भर्ती और विभागीय नियुक्तियों के लिए अपात्र माना जाता था। इसके साथ ही मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के तहत दो से अधिक बच्चे होने को कदाचार की श्रेणी में रखा गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस विसंगति को दूर करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रारूप में से दो से अधिक जीवित संतान होने पर अपात्र माने जाने संबंधी सभी प्रावधानों को पूरी तरह विलोपित (हटाया) किया जाए और इसके बाद ही विधिवत रूप से नया नवीन प्रारूप प्रकाशित किया जाए। सरकार के इस कदम से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

### मप्र पुलिस की ...

जिम्मेदारियों के बीच अपने सपनों को जिंदा रखने वाली दीपिका के लिए यह पांच दिन का सफर बेहद कठिन था। इस दौरान उन्हें माइनस 10 से 15 डिग्री तक के बर्फीले तापमान और अनिश्चित मौसम का सामना करना पड़ा। हालांकि इससे पहले वह केदारनाथ और अमरनाथ जैसे धार्मिक ट्रेक कर चुकी हैं, लेकिन यह उनका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान था। इस बड़ी सफलता के बाद दीपिका जल्द ही अगले साल विदेश में एक और नए पर्वत अभियान पर निकलने की तैयारी कर रही हैं।

### मानसून के पहले ....

में कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 11 जून को नया डब्ल्यूडी आने से 12 जून के बाद अधिकांश जिलों में मौसम बदलेगा। इससे तापमान में कमी आना शुरू होगी। मंगलवार को खजुराहो में मानसून से पहले यह आखिरी लू चली है। इसके बाद प्रीमानसनू और 18 जून के बाद मानसून की बारिश शुरू हो सकती है।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक जूनियर एम.आई.जी./बी.एम. 189 मण्डल द्वारा (1) श्री महेश कुमार भटरनागर आत्मज स्व. श्री एस. बी. एल. भटनागर (2) श्री अशोक भटनागर आत्मज स्व. श्री एस. बी. एल. भटनागर के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28/05/2003 को पंजीकृत किया गया है। (1) श्री महेश कुमार भटरनागर आत्मज स्व. श्री एस. बी. एल. भटनागर (2) श्री अशोक भटनागर आत्मज स्व. श्री एस. बी. एल. भटनागर द्वारा उक्त सम्पत्ति M/S TELEMAX TELE SERVICES द्वारा भागीदार (1) श्री गौरव खरे आत्मज श्री महेश कुमार खरे (2) श्री जितेश देवनानी आत्मज श्री पुरूषोत्तमदास देवनानी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 08/06/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है।

क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति M/S TELEMAX TELE SERVICES द्वारा भागीदार (1) श्री गौरव खरे आत्मज श्री महेश कुमार खरे (2) श्री जितेश देवनानी आत्मज श्री पुरूषोत्तमदास देवनानी के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.- 147 मण्डल द्वारा श्रीमती जेबा सलीम पत्नी श्री सलीम मोहम्मद के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 08/03/2000 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 15/04/2026 को पंजीकृत है। श्रीमती जेबा सलीम पत्नी श्री सलीम मोहम्मद द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सैयद शाईस्ता रिजवी पत्नी श्री आरिफ रिजवी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20/05/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है।

क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती सैयद शाईस्ता रिजवी पत्नी श्री आरिफ रिजवी के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**-: जाहिर सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रेमनारायण आत्मज श्री नन्हेलाल जाटव निवासी –हाउस नं. 04 नईबस्ती जांटखेड़ी तहसील–हुजुर जिला–भोपाल म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम चमरिया खमरिया पटवारी हल्का न. 43 तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. जिसका खसरा क्रमांक 16/2(S) रकबा 0.8090 हैक्टयर, भू–राजस्व 2.50 रूपये है जिसमे से रकबा 0.4050 हेक्टयर भू–राजस्व 1.25 रूपये जिसके पूर्व मे–खसरा नं. 17/2/1 की भूमि, पश्चिम मे–श्री दौलतराम की भूमि, उत्तर मे–खसरा क्रमांक 16/2 की शेष भूमि, दक्षिण मे–श्रीमति शान्ताबाई की भूमि है को क्रय करने का सौदा कर मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त भूमि के विक्रय किये जाने में किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा इसके उपरान्त किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **दीपक कुमार दुबे** अधिवक्ता
**दुबे लॉ चेम्बर**
सांडा काम्पलेक्स गौहरगंज रोड ओबेदुल्लागंज जिला रायसेन मो. 9893396335

## पेज एक का शेष...

### मप्र में कपास पर ...

डॉ. मोहन यादव ने की। लिए गए निर्णय के संबंध में एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप बताया कि कृषि और व्यापार जगत को गति देने के लिए कैबिनेट ने कपास पर मंडी फीस की दर को 1% से घटाकर 0.5% करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे स्थानीय जिनिंग मिलों को मजबूती मिलेगी और रोजगार बढ़ेगा। इसका लाभ निमाड़ क्षेत्र के आधा दर्जन जिलों के कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा। उन्हें महाराष्ट्र में अपना कपास नहीं बेचना पड़ेगा। अन्य जिंसों के लिए सरकार ने मंडी शुल्क एक से बढ़ाकर डेढ़ फीसदी कर दिया है। इससे जितना बढ़ा हुआ टैक्स मिलेगा, इससे अधोसंरचना विकास में खर्च किया जाएगा।

### भोपाल मेट्रो की ...

रुपए के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई है। कैबिनेट ने इसके अतिरिक्त उद्योग के स्वीकृत मानदंडों के अनुसार परियोजना के लिए अतिरिक्त वित्त पोषण के लिए 3,532 करोड़ 22 लाख रुपए की भी स्वीकृति प्रदान की है। इसमें भारत शासन और राज्य शासन की ओर से 995 करोड़ 9 लाख रुपए की अतिरिक्त इक्विटी और केंद्रीय करों के लिए 84 करोड़ 54 लाख रुपए का अतिरिक्त अधीनस्थ ऋण, वित्तपोषण एजेंसी बैंकों से ऋण निधि के विरुद्ध 1,620 करोड़ 64 लाख रुपए का अतिरिक्त पीटीए/आंतरिक ऋण, मप्र शासन से भूमि की लागत और पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के लिए 138 करोड़ 38 लाख रुपए का अतिरिक्त अधीनस्थ ऋण तथा मप्र शासन से राज्य करों के लिए 446 करोड़ 35 लाख रुपए एवं आईडीसी की लागत के लिए 246 करोड़ 41 लाख रुपए का अतिरिक्त अनुदान शामिल है।

### प्रदेश में लगभग ...


आर्थिक व्यवहारिता में वृद्धि होगी। वे प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में अपनी स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने में सक्षम होगी। सरकार के दावे के मुताबिक किसान हित में सामान्य मंडी शुल्क को एक रुपए से बढ़ाकर एक रुपए 50 पैसे किया गया है। शुल्क के रूप में प्राप्त होने वाली 800 करोड़ रुपए की अनुमानित अतिरिक्त आय का उपयोग सीधे किसान सड़क निधि और कृषि अनुसंधान के विकास में किया जाएगा।

### अवैध फैक्ट्री में ...

खान उर्फ आविद और राबिल शामिल हैं, जबकि दो शवों की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। घटना के बाद स्थानीय विधायक अमीन कागजी ने प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी के बीच अवैध रूप से बारूद का गोदाम संचालित हो रहा था और पुलिस को भनक तक नहीं थी, यह सीधे तौर पर सिस्टम का फेल्योर है। जिला प्रशासन ने अब उस पूरी कॉलोनी को अवैध मानते हुए संबंधित तहसीलदार और पटवारी से रिपोर्ट तलब की है।






















R-01-06-2026,to 16-07-26



भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955
R-5,6,7,10,11,12,19,20,21,25,26/6/26, 01,02,05,06,08








**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

**हरिभूमि**
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस


## शब्द पहेली - 6252



**बाएँसेदाए±**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6251 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | वा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | धा |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | वा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 6262

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6261 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### डाबर रेड टूथपेस्ट दांतों व मसूड़ों के लिए उत्तम

नई दिल्ली। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि डाबर रेड टूथपेस्ट को मसूड़े और दांतों के लिए उत्तम माना है। क्योंकि यह दांतों की व्यापक मौखिक देखभाल करने में सहायक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता के अनुसार आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित डाबर रेड टूथपेस्ट को व्यापक मौखिक देखभाल के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि नियमित ब्रशिंग के साथ मौखिक स्वच्छता बनाए रखना दांतों में कैविटी, मसूड़ों की सूजन और दुर्गंध जैसी समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है।

### इंडियास बेस्ट टीचर्स अवॉर्ड्स का नामांकन शुरू

नई दिल्ली। शिव नाडर फाउंडेशन और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के सईद बिजनेस स्कूल ने मिलकर ' इंडियास बेस्ट टीचर्स अवॉर्ड्स के पहले संस्करण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पहल का मकसद देशभर में कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाने वाले प्रेरणादायी और बेहतरीन शिक्षकों को सम्मानित करना है।सरकारी और निजी स्कूलों के प्राचार्य तथा स्कूल प्रमुख 31 जुलाई 2026 तक अपने विद्यालय के योग्य शिक्षकों के नाम भेज सकते हैं।

### वायासैट का 'स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज' लांच

नई दिल्ली। सैटेलाइट संचार क्षेत्र की अग्रणी कंपनी वियासैट इंक. ने 'स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज 2026' लांच करने की घोषणा की है। यह कंपनी की वैश्विक स्टीम पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को ऐसे टिकाऊ अंतरिक्ष समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष भारत में इस कार्यक्रम को उम्मीद से कहीं अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी।

### जेटो ने दाखिल किया यूडीआरएचपी-I

मुंबई। जेटो लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना यूडीआरएचपी-I दाखिल किया है। रेडसीर रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2026 के बीच ऑर्डर वॉल्यूम के आधार पर स्केल्ड विवक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स में जेटो सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्लेटफॉर्म रहा है। प्रस्तावित आईपीओ में 8,010 करोड़ रुपए तक का फ्रेश इश्यू तथा 5 रुपए अंकित मूल्य वाले 11,34,66,566 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है।

### नौकरी पाना 5 साल पहले की तुलना में चुनौतीपूर्ण

नई दिल्ली। रोजगार मंच 'इंडीड' की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 70 फीसदी युवाओं का मानना है कि पहली नौकरी पाना 3-5 साल पहले की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। मुख्य कारण अनुभव विरोधाभास है, जहां प्रवेश-स्तर की नौकरियों के लिए भी पूर्व कार्य अनुभव की मांग की जा रही है। इंडीड के टैलेंट स्ट्रेटेजी एडवाइजर, रोहन सिल्वेस्टर ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, शिक्षा पूरी करने के बाद युवाओं को नौकरी बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा, सीमित अवसरों और लंबी भर्ती प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ रहा है।

---

**महंगाई और डंक : पेट्रोल डीजल के दामों में हो सकती है 6 रुपए तक मूल्यवृद्धि**

# वृद्धि से आम उपभोक्ताओं को ईंधन खर्च में बढ़ोतरी का अभी और करना पड़ सकता है सामना : अजय सिंह

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और तेल कंपनियों पर बढ़ते वित्तीय दबाव के चलते आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर मूल्य वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। कीमतों में करीब 6 रुपए प्रति लीटर तक की वृद्धि आशंका जताई जा रही है। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने अनुसार तेल विपणन कंपनियां 23 रुपए प्रति लीटर घाटा हो रहा था। जिसमें केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपए की छूट देकर तेल विपणन कंपनियों के घाटे को कम किया। तो वहीं कंपनियों मई माह में पेट्रोल -डीजल के दाम में 7 रुपए की मूल्य वृद्धि कर अपने घाटे की भरपाई की। अतः कंपनियों ने 23 रुपए में 17 रुपए तक के घाटे की कम किया और अभी 6 रुपए के घाटे के पूरा करना बाकी है अतः आने वाले दिनों में तेल विपणन कंपनियां पेट्रोल -डीजल के दाम में 6 रुपए प्रति लीटर तक की मूल्य वृद्धि करेंगी।

अभी 17 रु. घाटा कम, अब 6 रु. के घाटे को पूरा करना बाकी है

10 रुपए की छूट, 7 रुपए से अधिक की मूल्यवृद्धि कंपनियों ने की

**महंगाई का दबाव और बढ़ने की संभावना**





अजय सिंह

अजय सिंह ने कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि परिवहन लागत बढ़ने से खाद्य पदार्थों, रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं के दाम भी प्रभावित हो सकते हैं, जिससे महंगाई का दबाव और बढ़ने की संभावना है। यदि कच्चे तेल की कीमतों में राहत नहीं मिली, तो लोगों को ईंधन खर्च में और वृद्धि से जूझना पड़ेगा।

## केंद्र सरकार ने किया साफः घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर और होगा महंगा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति संबंधी चुनौतियों के बीच घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में आगे भी बढ़ोतरी हो सकती है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संकेत दिए हैं कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के कारण ईंधन कीमतों पर दबाव बना हुआ है। मंत्री ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि से सरकार भी चिंतित है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में आपूर्ति बाधित होने और परिवहन लागत बढ़ने के कारण कीमतों पर असर पड़ रहा है। उनके अनुसार, दुनिया के कई हिस्सों में संकट की स्थिति के चलते एलपीजी की उपलब्धता सीमित हुई है, जिससे आपूर्ति और लागत दोनों प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि समुद्री ढुलाई की लागत में वृद्धि, बीमा खर्च बढ़ना तथा माल की डिलीवरी में अधिक समय लगना भी कीमतों में बढ़ोतरी के प्रमुख कारण हैं। सरकार आम लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर संवेदनशील है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में लागत दबाव को पूरी तरह टालना संभव नहीं है।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दिया निमंत्रण**

# प्रदेश के टेंट और केटरिंग व्यवसायियों का 3 दिनी प्रांतीय महाअधिवेशन भोपाल में होगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर के टेंट और केटरिंग व्यवसायियों का तीन दिवसीय प्रांतीय महाअधिवेशन 'भोजपाल शामियाना महोत्सव' इस वर्ष 31अगस्त से भोपाल में आयोजित किया होगा। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल फेडरेशन अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा के नेतृत्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के चेयरमैन अजय सारवगी, कोर कमेटी संयोजक रामबाबू शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना वर्मा, महासचिव (संगठन) राजेश हार्डिया, महासचिव संजय जैन, विस्तार एवं विकास कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी आशीष मल्होत्रा, सह सचिव महेंद्र यादव और प्रभात सोनी एवं महेंद्र नरवरे शामिल रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ टेंट व केटरिंग व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

**नए व्यावसायिक अवसरों को पहचानने का मंच साबित होगा**

खनूजा ने बताया कि यह अधिवेशन व्यवसायियों के लिए ज्ञानवर्धक सत्र, अनुभव साझा करने और नए व्यावसायिक अवसरों को पहचानने का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। फेडरेशन के रामबाबू शर्मा ने बताया कि यह महोत्सव टेंट, लाइट और केटरिंग उद्योग से जुड़े व्यवसायियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रांतीय मंच होगा, जिसमें उद्योग के विकास, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी।

---

## पीएनबी ने शुरू की 'पीएनबी दिव्यांग ऋण' योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजाब नेशनल बैंक ने दिव्यांगजनों को किफायती वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'पीएनबी दिव्यांग ऋण' योजना शुरू की है। बैंक के अनुसार, इस योजना के तहत घर की खरीदी, निर्माण, मरम्मत या विस्तार के लिए 50 लाख रुपए तक का आवास ऋण प्राप्त कर सकते हैं। दिव्यांगजनों की गतिशीलता और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए संशोधित चार पहिया वाहनों के लिए 50 लाख तक तथा दोपहिया वाहनों के लिए 1.50 लाख तक का रियायती वाहन ऋण भी उपलब्ध होगा। पीएनबी के महाप्रबंधक सुबोध कुमार ने कहा कि वित्तीय समावेशन का वास्तविक उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सम्मानजनक और सार्थक वित्तीय पहुंच सुनिश्चित करना है।

---

**चेयरमैन बोले- सिर्फ सेंसेक्स ही न देखें**

## एसबीआई ने केंद्र सरकार को 8,813 करोड़ रुपए का डिविडेंड सौंपा



डिविडेंड का चेक सौंपते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को 8,813 करोड़ रुपए का डिविडेंड प्रदान किया है। बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को डिविडेंड का चेक सौंपा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह भुगतान एसबीआई के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन को दर्शाता है और केंद्र सरकार को गैर-कर आय में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यह कदम ऐसे समय में आया है जब एसबीआई देश के बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**▲ एसबीआई के लाभ और परिचालन में सुधार**

इस अवसर पर बैंक के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की मजबूती का संकेत माना गया। एसबीआई लगातार लाभप्रदता और परिचालन दक्षता में सुधार दर्ज कर रहा है, जिसके चलते सरकार को मिलने वाला डिविडेंड भी मजबूत बना हुआ है। हाल ही में एक उद्योग कार्यक्रम में सीएस शेट्टी ने कहा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है और वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की दीर्घकालिक विकास संभावनाएं सकारात्मक बनी हुई हैं। उन्होंने निवेशकों को सलाह दी कि वे शेयर बाजार के अल्पकालिक उतार-चढ़ाव पर अत्यधिक ध्यान देने के बजाय भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर भरोसा रखें।

---

**Presiding Officer: कु. उर्मिला यादव**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार परकिरया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000031/2022)

कृष्णा मालवीय ............................ वादी
Vs
रामनारायण ............................ प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक : 10/07/2026

प्रेषिती-
(1) मुकेश प्रजापति पिता भगवानदास पता- निवासी मकान नम्बर 942 कोलार कालोनी कोलार रोड भोपाल जिला भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी कृष्णा मालवीय ने आपके विरूद्ध मुकेश प्रजापति पिता भगवान दास मकान नम्बर 942 कोलार कालोनी कोलार रोड भोपाल म०प्र० के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 08 June 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

**कु.उर्मिला यादव सदस्य**
**द्वितीय अति.मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

---

# वीआई ने भोपाल में शुरू की 'वी' की 5जी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दूरसंचार सेवा प्रदाता वीआई (वोडाफोन आइडिया)ने इंदौर और ग्वालियर के बाद अब भोपाल में अपनी 5जी सेवाओं की शुरुआत की है।

कंपनी ने बताया कि वह उन प्रमुख बाजारों में 5जी नेटवर्क का विस्तार कर रही है जहां डेटा की खपत अधिक है और हाई-स्पीड इंटरनेट की मांग तेजी से बढ़ रही है। राज्य की राजधानी होने के कारण भोपाल डिजिटल उपभोक्ताओं, छात्रों और व्यवसायों का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। ऐसे में 5जी सेवाओं के लॉन्च से उपभोक्ताओं को तेज डाउनलोड स्पीड के साथ हाई-डेफिनिशन स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन गेमिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और रियल-टाइम क्लाउड एक्सेस जैसी सुविधाओं का बेहतर अनुभव मिलेगा।

कंपनी के अनुसार 5जी नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक और ऊर्जा-कुशल इंफ्रास्ट्रक्चर तैनात किया गया है। इस अवसर पर कविता नाडकर्णी, बिजनेस हेड (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़), वोडाफोन आइडिया ने कहा कि कंपनी राज्य के प्रमुख बाजारों में अपने नेटवर्क विस्तार को गति दे रही है। उन्होंने बताया कि भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में 5जी लांच इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

---

## बिजनेस न्यूज

### सिस्टेक में सशस्त्र सीमा बल अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की



भोपाल। सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआईएसटीईसी) का कृषि इंजीनियरिंग विभाग सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा के अधिकारियों के लिए चार दिवसीय ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय ऑटोमोटिव मेक्ट्रोनिक्स और मैकेनिक्स रहा, जिसमें अधिकारियों को आधुनिक वाहन तकनीकों और उनके रखरखाव संबंधी पहलुओं का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का संचालन प्रो. संजय छलोत्रे ने किया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे उन्हें फील्ड में वाहनों से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान में सहायता मिल सके।मेक्ट्रोनिक्स सत्रों में इग्निशन सिस्टम, फ्यूल मैनेजमेंट सिस्टम, एयर इंडक्शन सिस्टम और सेंसर सर्किट जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव भट्ट उपस्थित रहे। स्वागत सिस्टेक के प्राचार्य डॉ. मनीष बिल्लौरे ने किया। कार्यक्रम का समन्वयन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. रविशंकर वी. चौधरी द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ऑटोमोटिव वाहनों की तकनीकी समस्याओं की पहचान ,निदान और रखरखाव संबंधी कौशल से सशक्त बनाना था

### राधारमण में आईओटी पर तकनीकी पर व्याख्यान आयोजित



भोपाल। राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन एवं इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषय पर एक विशेष तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक औद्योगिक तकनीकों और उद्योग जगत की बदलती आवश्यकताओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम में रूपेंद्र रावत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को पीएलसी, स्काडा, एचएमआई, वीएफडी, इंडस्ट्रियल आईओटी , स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 जैसी उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने स्मार्ट फैक्ट्री और औद्योगिक संचार प्रणालियों के व्यावहारिक उपयोग पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. पीके लहरी, डॉ. जीतेंद्र सक्सेना, अजय सिंह, एसबी खरे और वरुण प्रताप सिंह सिसौदिया शामिल रहे। राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष संजीव सक्सेना ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को उद्योग की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना आवश्यक है।

### मप्र में बड़ी मात्रा में प्रतिभाएं मौजूद, लक्ष्य 5,000 से 10 हजार छात्रों को जोड़ना

भोपाल। प्रतिभा और अवसरों तक पहुंच के बीच मौजूद अंतर को दूर करने के उद्देश्य से गोदरेज फाउंडेशन ने 'टुमॉरो मेकर्स' नामक एक राष्ट्रीय मंच की शुरुआत की है। इसका लक्ष्य वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। यह पहल कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों और युवा स्नातकों पर केंद्रित है। इसके तहत छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित, नवाचार, कला और रक्षा जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए संगठित मार्ग उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए फाउंडेशन ने अवंती फेलोज, दक्षणा, स्लैम आउट लाउड, मेकरघाट और डेल्टा स्क्वाड फाउंडेशन जैसी संस्थाओं के साथ साझेदारी की है। गोदरेज फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) उमर मोमिन कहा कि हमारे देश में असाधारण प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन हर छात्र को अपनी क्षमता के अनुरूप अवसर नहीं मिल पाते। 'टुमॉरो मेकर्स' के माध्यम से हमारा उद्देश्य ऐसी प्रतिभाओं की शुरुआती स्तर पर पहचान करना और उन्हें मार्गदर्शन, प्रशिक्षण तथा व्यवस्थित अवसरों से जोड़ना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि भोपाल और मध्य प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भारत की बड़ी मात्रा में ऐसी प्रतिभाएं मौजूद हैं, जिनकी क्षमता अभी पूरी तरह सामने नहीं आ पाई है। ये ऐसे क्षेत्र हैं, जहां एक्सपोजर और मार्गदर्शन की सुविधा अभी भी विकसित हो रही है। इस मंच का लक्ष्य 5,000 से 10,000 छात्रों को जोड़ना है, जिसका समय के साथ विस्तार करने और भविष्य के लीडर्स की एक अधिक समावेशी टीम तैयार करने का इरादा है।

---

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, GWALIOR**
**WORKSHOP DEPARTMENT**

File No. 38/25x4/19/WS/2025-26 DATE : 08/06/2026
जनसम्पर्क RO क्रमांक 397 **DETAILED NOTICE INVITING TENDER** दिनांक 08-06-2026
Online tenders are invited on behalf of Gwalior Municipal Corporation.

| Sr. no. | Name of Work | Probable Amount of Contract | Tender ID no. | Date of release of Tender | Last date for purchase online tender dated |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of 19 Nos EV Garbage Tipper With Charging Unit. 01 Year Defect lability / Warrantee period and 03 year Annual Maintenance of 19 Nos EV Garbage Tipper and Charging Unit as per Specification & Condition to GMC. | 3,37,46,869 (with GST) | 2026_UAD_485092_2 | 03-06-2026 | 19-06-2026 |

Further details can be seen at http://mptenders.gov.in
Nodal Officer, Workshop, Nagar Nigam Gwalior

**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)**

फोन/फैक्स : 07574-254072
महाविद्यालय कोड 3202
ईमेल: heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय वि.वि. कोड 147
www.mp.gov.in/highereducation/hoshangabad
NAAC Grade - B++

क्रमांक - 1258/स्था./2026 नर्मदापुरम, दिनांक 06/06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में सामग्री क्रय किये जाने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पोर्टल पर निविदा जारी की गई है निविदा में भाग लेने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Start Date | - | 06.06.2026 |
| 2. | End Date | - | 20.06.2026 |

प्राचार्य
शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म.प्र.)

---

**सीआईआई-आईटीसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट**

# सरकार और वित्तीय संस्थानों के बीच मजबूत तालमेल और सहयोग के बिना चुनौतियों से निपटना संभव नहीं

प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखने के लिए क्लाइमेट रेजिलिएंस अत्यंत आवश्यक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इस्पात उत्पादन का लक्ष्य तेजी से बढ़ रहा है। यदि ब्लास्ट फर्नेस मार्गों में उपयोग होने वाली तकनीकों को उन्नत नहीं किया गया, तो भविष्य में ये 'स्ट्रैंडेड एसेट्स' (निष्क्रिय संपत्तियां) बन सकती हैं। इसलिए, पायलट प्रोजेक्ट्स से लेकर उन्हें वास्तविक स्तर पर लागू करने के चक्र में निवेश बढ़ाना महत्वपूर्ण है। यह बात कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री का सीआईआई-आईटीसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट द्वारा शुरू किए गए बहु-हितधारक मंच सारथ के लांच अवसर पर संबोधित करते हुए कौशिक चटर्जी, कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी टाटा स्टील ने कही।



**देश के कई प्रमुख औद्योगिक समूह एक साथ आए**

आईटीसी लिमिटेड, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप, आदित्य बिड़ला ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, जेएसडब्ल्यू ग्रुप, अडाणी सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, डॉलमिया भारत, श्रीराम, मैरिको, टाटा पावर, वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। कार्यक्रम में जमशेद एन. गोदरेज ने कहा कि सीआईआई-सारथ विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाकर जलवायु समाधानों को बढ़ावा देगा।

### जलवायु को बढ़ावा देने की जरूरत

कौशिक चटर्जी ने कहा कि अब केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह व्यवसाय और प्रतिस्पर्धा से जुड़ी एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है। सवाल यह नहीं है कि जलवायु परिवर्तन उद्योगों को प्रभावित करेगा या नहीं, बल्कि यह है कि कंपनियां अपनी परिचालन व्यवस्था, आपूर्ति श्रृंखला और समुदायों में कितनी तेजी से लचीलापन विकसित कर पाती हैं। ऐसे समय में सारथ का उद्देश्य साझेदारी, ज्ञान साझाकरण और व्यावहारिक समाधानों के माध्यम से जलवायु अनुकूलन को बढ़ावा देना है। यह पहल एमएसएमई को जलवायु जोखिम संबंधी जानकारी, अनुकूलन उपकरण, नई तकनीक और वित्तीय संसाधनों तक पहुंच उपलब्ध कराने में सहायता करेगी।

---

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संबंधित शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| **गोविन्दपुरा शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी- 1. **मेसर्स गोयल इंडस्ट्रीज** (पार्टनरशिप फर्म) पताः- प्लॉट नं. 91, सेक्टर-बी, औद्योगिक क्षेत्र, बागरोदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश-462026 पार्टनर्स के नाम: क) श्री राजेश गोयल, पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गोयल ख) श्री योगेश गोयल, पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गोयल जमानतदार 2. श्री राजेश गोयल, पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गोयल 3. श्री योगेश गोयल सभी का पताः जी-11, शालीमार पार्क, सर्वधर्म कॉलोनी विशाल मेगा मार्ट के पास, कोलार रोड, भोपाल, म.प्र.-462042 | संपत्ति का समस्त भू भाग लीजहोल्ड एक इण्डस्ट्रियल प्लॉट नं. 91, क्षेत्रफल 930 वर्गमीटर, सेक्टर बी, बागरोदा, पी.एच. नं. 24, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल में स्थित है एवं उप रजिस्ट्रार भोपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। चर्तुसीमाएँः उत्तरः 24 मीटर चौड़ी सड़क, पूर्वः प्लॉट नं. 90, पश्चिमः प्लॉट नं. 92, दक्षिणः प्लॉट नं. 78 Cersai ID- 200079353190 संपत्ति मालिक- मेसर्स गोयल इंडस्ट्रीज | ₹ 9,009,970.78 +दिनांक 06/04/2026 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च मांग सूचना दिनांक 06/04/2026 कब्जा दिनांक 09/06/2026 |

दिनांक : 10.06.2026
स्थानः भोपाल
(अमरीत कुमार मिश्रा)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल

## चिंतन

# एच-1 बी वीजा पर भारतीय पेशेवरों को मिली बड़ी राहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट के नाम पर व्यापार, आव्रजन और रोजगार से जुड़ी कई नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य विदेशी पेशेवरों और कंपनियों पर अंकुश लगाना था, लेकिन अमेरिकी फेडरल कोर्ट द्वारा एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस लगाने वाली नीति को रद्द किया जाना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की ताकत और संवैधानिक मर्यादाओं की जीत भी है। कोर्ट द्वारा पहले ट्रंप के टैरिफ को रद्द करना और अब एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 95 लाख) फीस वसूलने वाली नीति को रद्द करना न्यायपालिका की मजबूती दिखाता है। इस फैसले से भारतीय पेशेवरों को बड़ी राहत मिलेगी और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। वहीं, अमेरिकी कंपनियों को वैश्विक प्रतिभाओं तक पहुंच बनाए रखने में मदद मिलेगी। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने सितंबर 2025 में घोषणा की थी कि जो अमेरिकी कंपनियां एच-1बी वीजा पर विदेशी पेशेवरों को नौकरी देंगी, उन्हें प्रति वीजा 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस देनी होगी। यह रकम इतनी अधिक थी कि अधिकांश कंपनियों के लिए विदेशी प्रतिभाओं को नियुक्त करना आर्थिक रूप से कठिन हो जाता। नतीजा यह होता कि हजारों कुशल पेशेवरों के लिए अमेरिका के रोजगार बाजार के दरवाजे लगभग बंद हो जाते। सबसे अधिक असर भारतीयों पर पड़ता, क्योंकि एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी भारत है। आंकड़ों के अनुसार, इस वीजा के लगभग 70 प्रतिशत धारक भारतीय हैं। इनमें बड़ी संख्या आईटी इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की है। अमेरिका की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रतिभा की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि अदालत का यह फैसला भारतीय युवाओं और पेशेवरों के लिए राहत की खबर बनकर आया है। इससे न केवल रोजगार के अवसर सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उन कंपनियों को भी फायदा होगा, जो वैश्विक प्रतिभाओं के दम पर नवाचार और विकास को आगे बढ़ाती हैं। आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल देशों के बीच नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को आकर्षित करने की भी है। जो देश कुशल लोगों के लिए दरवाजे बंद करेगा, वह अंततः अपनी आर्थिक क्षमता को भी सीमित करेगा। ट्रम्प की नीति का मूल आधार यह तर्क था कि विदेशी कर्मचारियों के कारण अमेरिकी नागरिकों के रोजगार प्रभावित होते हैं, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। विदेशी पेशेवर न केवल कंपनियों की जरूरत पूरी करते हैं, बल्कि नए रोजगार और आर्थिक गतिविधियां भी पैदा करते हैं। यही वजह है कि अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों ने भी एच-1बी कार्यक्रम को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के लिए आवश्यक बताया है। इस पूरे प्रकरण का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू न्यायपालिका की भूमिका है। हाल के वर्षों में अमेरिकी अदालतों ने कई बार कार्यपालिका के निर्णयों की समीक्षा करते हुए उन्हें संवैधानिक कसौटी पर परखा है। अदालतों ने यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। कोई भी सरकार, चाहे वह कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, संवैधानिक सीमाओं से ऊपर नहीं हो सकती। भारत के संदर्भ में भी यह फैसला एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिभा का मुक्त प्रवाह आधुनिक विकास का आधार बन चुका है। भारतीय युवाओं की तकनीकी दक्षता और वैश्विक मांग देश की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। ऐसे में एच-1बी व्यवस्था पर अनावश्यक प्रतिबंध न केवल भारतीयों, बल्कि अमेरिकी उद्योगों के हितों के भी खिलाफ होते।



**केंद्र के 12 वर्ष**
नायब सिंह सैनी

# सेवा, सुशासन व संकल्प का स्वर्णिम अध्याय

> एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में 'राष्ट्र प्रथम' को रखा।

कुछ कालखंड राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने वाले युग बन जाते हैं। उन्हें इतिहास में अलग ही अध्याय के रूप में लिखा जाता है। ऐसा ही एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में 'राष्ट्र प्रथम' को रखा।

इस महान नेतृत्व को कोटि-कोटि नमन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होना भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण की गाथा है। एक समय था जब भारत को 'संभावनाओं का देश' कहा जाता था, लेकिन आज भारत 'उपलब्धियों का देश' बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। यह परिवर्तन किसी एक योजना, किसी एक निर्णय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र राष्ट्र निर्माण की एक व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है। भारत हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता है। यह वह भूमि है जिसने दुनिया को योग, आयुर्वेद, ध्यान, दर्शन और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया। लंबे समय तक हमने अपनी इसी अमूल्य धरोहर को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जागृत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। इन पहलों ने करोड़ों भारतीयों के मन में अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति नया गर्व पैदा किया है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि करोड़ों भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। वैश्विक महामारी, युद्ध, आर्थिक मंदी और आपूर्ति श्रृंखला संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा। वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और व्यापार के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसीपहलों ने भारत को निवेश और विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी एक परिवर्तन को विशेष रूप से रेखांकित किया जाए, तो वह भारत की डिजिटल क्रांति है। एक समय था जब सरकारी



योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचने से पहले ही व्यवस्था की खामियों में खो जाता था। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका आम चर्चा का विषय थी। आज जनधन और तकनीक की शक्ति ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। 53 करोड़ से अधिक जनधन खाते, दुनिया के सबसे अधिक यूपीआई हस्तांतरणों ने भारत को डिजिटल शासन का वैश्विक मॉडल बना दिया है। डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। इससे पारदर्शिता बढ़ी हैऔर गरीबों को उनका अधिकार मिला है। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सफलता गरीब कल्याण रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए। उज्ज्वला योजना ने लगभग 11 करोड़ गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा की। जल जीवन मिशन ने गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी, तब भारत के सामने भी विकट हालात थे। लेकिन, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया। एक समय जो देश वैक्सीन आयात करता था, वही देश दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक और आपूर्तिकर्ता बन गया। 'वैक्सीन मैत्री' अभियान के माध्यम से भारत ने लगभग 60 देशों की सहायता की और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यही वह समय था जब 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेने लगा। रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए। आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका भी पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली और निर्णायक है। एक समय था जब भारत वैश्विक घटनाओं का पर्यवेक्षक माना जाता था।लेकिन, आज भारत वैश्विक विमर्श का नेतृत्व कर रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश, ग्लोबल साउथ की आवाज़ को विश्व मंच तक पहुंचाना और संतुलित विदेश नीति के माध्यम से विभिन्न वैश्विक शक्तियों के साथ मजबूत संबंध बनाना माननीय प्रधानमंत्री की वैश्विक कूटनीति और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है। भारत की इस विकास यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आधार उसकी युवा शक्ति है। आज का युवा रोजगार सृजक बनने की आकांक्षा रखता है। आज भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और विकसित भारत-2047 का लक्ष्य हमारे सामने है। यह लक्ष्य 140 करोड़ भारतीयों का राष्ट्रीय संकल्प है। विकसित भारत का अर्थ बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ साथ एक ऐसा भारत होगा, जो गरीबी से मुक्त, तकनीकी रूप से सशक्त, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, अवसरों में समानता वाला और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र होगा। मोदी सरकार के 12 वर्षों की यह यात्रा हमें यह विश्वास दिलाती है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, नीयत साफ हो, नीति प्रभावी हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तब परिवर्तन अवश्य संभव होता है। यह 12 वर्ष नए भारत के उदय की कहानी है। यह विकसित भारत के स्वर्णिम भविष्य का उद्घोष है।

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**स्वर्णिम कार्यकाल**
डॉ.रमन सिंह



# 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास और आशाओं की 'महाविजय'

10 जून 2026 का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की महाविजय है। मुझे आज भी वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का वह उद्घोष याद है जब उन्होंने कहा था, अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। 1984 के चुनाव में जब भाजपा केवल दो सीटों पर सिमट गई, तब विरोधियों ने उपहास उड़ाया था, लेकिन हम कार्यकर्ताओं का विश्वास अडिग था। हमें पूरा भरोसा था कि यह वैचारिक संघर्ष एक दिन राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन बनेगा। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 282 सीटों के ऐतिहासिक जनादेश ने उस सामूहिक विश्वास को साकार कर दिया।

26 मई 2014 को जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब स्पष्ट हो गया था कि यह केवल सरकार का नहीं, बल्कि राष्ट्र के विचार का परिवर्तन है। यह राजनीति को सत्ता से सेवा की ओर ले जाने का दृढ़ संकल्प था। प्रधानमंत्री के रूप में मोदी द्वारा शुरुआती फैसलों में स्वच्छ भारत अभियान सबसे महत्वपूर्ण था, जिसे मैं उनके सबसे दूरदर्शी निर्णयों में से एक मानता हूं। भारत में कभी स्वच्छता को सिर्फ भाषणों तक सीमित कर दिया गया था, लेकिन पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता का संदेश देकर इसे एक जनआंदोलन में बदल दिया। देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण सुनिश्चित करवाकर न सिर्फ देश को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई, बल्कि करोड़ों माताओं-बहनों की गरिमा और सम्मान की रक्षा भी हुई। 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए मुझे नरेंद्र मोदी के साथ अनेक अवसरों पर काम करने और संवाद करने का मौका मिला। मैंने उन्हें बहुत निकट से देखा है। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुंचे मोदी आज भी गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग की पीड़ा को उसी संवेदनशीलता से समझते हैं। यही कारण है कि वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की उम्मीद के प्रतीक बन चुके हैं।

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के 60 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। मोदी का विकास मॉडल केवल सामाजिक परिवर्तन तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि जनकल्याण की योजनाओं के साथ-साथ देश की आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) भी उसी गति से विकसित हो, जो विकसित भारत की मजबूत नींव बन सके। इसका स्पष्ट प्रमाण उनके 12 वर्ष के कार्यकाल में दिखाई देता है। चिनाब रेल ब्रिज, अटल सेतु, वंदे भारत ट्रेन के साथ ही 64 लाख किलोमीटर रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करते हुए विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रोड नेटवर्क बनाने की बात हो, या 1155 किलोमीटर मेट्रो रेल नेटवर्क जैसे अनेकों कार्य, ये सभी विकास कार्य आज नए भारत की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने सिद्ध किया कि बड़े सपने तभी पूरे होते हैं जब नेतृत्व में स्पष्ट दृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति हो। इस व्यापक इन्फ्रास्ट्रक्चर का सकारात्मक प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है। वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज, मात्र एक दशक के भीतर, भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, साहसिक आर्थिक सुधारों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली नीतियों का प्रतिफल है। आज भारत लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है और तेजी से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच भी भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एक कार्यकर्ता के रूप में मुझे पूर्ण विश्वास है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौथे कार्यकाल के दौरान भारत विकसित राष्ट्र बनने की अपनी यात्रा को और अधिक गति देगा। देश की जनता ने पिछले वर्षों में जिस नेतृत्व, नीयत और परिणामों को देखा है।

(लेखक अध्यक्ष छग विधानसभा एवं पूर्व मुख्यमंत्री छग शासन)

# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित
**दर्शन**

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था।

## श्रद्धांजलि



रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार रांची स्थित बिरसा मुंडा स्मारक पर स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। पार्टी की विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन भी उपस्थित रहीं।

## आज की पाती

### बढ़ती रसोई गैस कीमतों से निपटना जरूरी

पश्चिमी एशिया के तनाव के कारण हमारे देश में पिछले तीन महीनों में रसोई गैस की कीमतों में दो बार वृद्धि हो चुकी है और अभी भी यह कहा जा रहा है कि अभी भी घाटा हो रहा है, क्योंकि अमरीका और ईरान युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी है। अब कुछ राज्यों में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए के करीब या इससे ऊपर हो चुकी है। सरकारों और समृद्ध लोगों के लिए यह वृद्धि मामूली रकम हो सकती है, लेकिन एक दिहाड़ीदार से पूछो कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में इस बढ़ोतरी से उसे कितनी परेशानी हुई। एक तरफ सरकार गरीबों को मुफ्त का राशन बांट रही है, वहीं रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं। *– मोनिका, करनाल*

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला के 550 मरीजों में से 101 की मौत

पूर्वी कांगो में इबोला का प्रकोप घोषित होने के एक महीने से भी कम समय में इसके संक्रमण के कारण 101 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आक्रोशित निवासियों द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले, कुछ स्थानीय लोगों के बीच संशय और संवेदनशील क्षेत्रों में सशस्त्र संघर्ष, इबोला के प्रकोप को रोकने के प्रयासों के लिए लगातार चुनौतियां पेश कर रहे हैं। पूर्वी कांगो में 15 मई को इबोला के प्रकोप की घोषणा की गई थी। सोमवार देर शाम जारी अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार, अब तक इबोला वायरस के संक्रमण के कुल 550 मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें से 101 लोगों की मौत हो गई और 19 मरीज ठीक हो गए हैं। यह प्रकोप मुख्य रूप से कांगो के पूर्वी प्रांत इटुरी में केंद्रित है, जहां कुल मामलों के 90 प्रतिशत से अधिक मामले सामने आये हैं। कुछ मामले उत्तर किवु और दक्षिण किवु प्रांतों में भी सामने आए हैं और यह वायरस सीमा पार कर युगांडा तक फैल चुका है। हालांकि, कांगो में इबोला संक्रमण के मामलों की संख्या अधिक होने का अनुमान है क्योंकि प्रकोप की पुष्टि हफ्तों देरी से हुई और संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने की दर, जिसमें हाल के दिनों में सुधार हुआ है, अभी भी 64 प्रतिशत है।




## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।




## ट्रेंड

### दयनीय स्थिति




बारह वर्षों की गरीब-विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौतावादी विदेश नीति ने आज देश को ऐसी दयनीय स्थिति में धकेल दिया है जहाँ लाखों गरीब परिवार लकड़ी के चूल्हों के जहरीले धुएं की ओर विवश हैं।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### हिंदू व्यापारियों पर रेड



आज पंजाब में ईडी एक बार फिर हिंदू व्यापारियों पर छापेमारी कर रही है। ईडी पंजाब के छोटे हिंदू व्यापारियों को परेशान कर रही है। मैं सभी व्यापारियों से अपील करता हूं - घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पूरा पंजाब और सरकार आपके साथ है, हम सब मिलकर ईडी का सामना करेंगे।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को संरक्षण



रांची की जेल में हेमंत सरकार महिला कैदी के साथ जेल अधीक्षक द्वारा किए शारीरिक दुर्व्यवहार को अफवाह बताकर व मेडिकल रिपोर्ट को छुपाकर दोषियों को संरक्षण दे रही है। मामला सामने आते ही महिला को जमानत देना भी संदिग्ध लगता है।
- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

### गैर-जरूरी मुद्दे



एनडीए सरकार जनता की ज्वलंत समस्याओं और अपनी नीतिगत विफलताओं से ध्यान हटाने, गुमराह करने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। आखिर इन मुद्दों से जनता को क्या लाभ होगा?
- **तेजस्वी यादव,** पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

शिक्षा मंत्री का राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी मुख्यालय का दौरा

# पुनर्परीक्षा की तैयारियों का प्रधान ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था गोपनीयता और साइबर सुरक्षा उपायों को परखा, निर्देश जारी किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय का दौरा कर नीट 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने एनटीए अधिकारियों के साथ बैठक की और परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, गोपनीयता तथा साइबर सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। प्रधान ने कहा कि नीट परीक्षा 21 जून को आयोजित होनी है और सरकार परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्रों तक सामग्री पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए संबंधित सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।




राज्यों से अतिरिक्त सहयोग मांगा



### एनटीए में नए अधिकारियों की तैनाती

*प्रधान ने बताया कि एनटीए की संस्थागत क्षमता को मजबूत करने के लिए कई नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संयुक्त सचिव और निदेशक स्तर के कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि अनुभवी और नए दोनों तरह के अधिकारियों को स्पष्ट जिम्मेदारियां दी गई हैं।*

### सचिवों संग की बैठक, सभी मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र

प्रधान ने बताया कि कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के सचिवों की बैठक भी आयोजित की गई है। प्रधान ने कहा कि राज्य सरकारों ने पहले भी सहयोग किया है, लेकिन इस बार और अधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मैंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। उनका पहले भी सहयोग रहा है, इस बार थोड़ा अधिक ध्यान दिया जाए। अनेक राज्य के मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्य के नीजी और चीफ सेक्रेटरी की उपस्थिति में कलेक्टर, एसपी की मीटिंग शुरू की हैं। इसमें एनटीए के डीजी स्वयं जुड़ते हैं। बारी-बारी से राज्यों की प्रस्तुति हो रही है।

### पेपर लीक मामले में सख्त कार्रवाई होगी

नीट पेपर लीक मामले पर प्रधान ने कहा कि जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सरकार चाहती है सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, उनकी भूमिका की जांच की जाए और अदालत में शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कर उन्हें उदाहरणात्मक सजा दिलाई जाए। जिन एजेंसियों या पक्षों ने अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन नहीं किया, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की संभावनाओं की भी जांच की जा रही है।

### गृह सचिव करेंगे उच्च स्तरीय बैठक

शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात की है तथा स्वास्थ्य मंत्री से भी बैठक करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र भी पूरे मामले पर करीबी नजर बनाए हुए है।

### साइबर संसाधनों का भी होगा उपयोग

प्रधान ने कहा कि साइबर खतरों और अफवाहों से निपटने सरकार संसाधनों का उपयोग कर रही है। इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की साइबर क्षमताओं को भी शामिल किया गया है।

### प्रधानमंत्री भी कर रहे निगरानी

प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं नजर रखे हुए हैं। उपिछली कमियों से सबक लिया गया है और इस बार परीक्षा प्रक्रिया को अधिक मजबूत, सुरक्षित और पारदर्शी बनाया गया है।

### छात्रों से की ये अपील

प्रधान ने कहा कि मैं छात्रों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे सिर्फ अपनी तैयारी पर ध्यान दें।

## खबर संक्षेप

### मोदी कैबिनेट में 12 मंत्रियों के फेरबदल की चर्चा



**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव की दस्तक के साथ ही एनडीए सरकार में कैबिनेट फेरबदल की अटकलें तेज हैं। इस बार कई केंद्रीय मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते हैं।अभी यह स्पष्ट नहीं है कि किन मंत्रालयों में बड़े बदलाव होंगे, लेकिन खबर है फेरबदल की सूची में 12 मंत्रियों के नाम हो सकते हैं। सरकार अपनी टीम को और मजबूत बनाने की तैयारी कर रही है।

### नहीं होंगे टू फिंगर टेस्ट झारखंड हाईकोर्ट बोला



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रेप पीड़िताओं के लिए कानूनी और सामाजिक हालात बेहतर बनाने और समाज से पीड़ित को ही दोषी की नजर से देखने वालों की सोच बदलने के लिए राज्य सरकार को कई निर्देश जारी किए। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जीरो एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य करने को कहा। पीड़िताओं के लिए टू-फिंगर टेस्ट पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

### ठाणे में टायर के गोदाम में लगी भीषण आग



**पुणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पुलिस स्टेशन के पास टायर रखने वाले खुले गोदाम में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि आग की सूचना सुबह 11:51 बजे मिली। यह दहिसर मोरी इलाके में शील दाइघर पुलिस स्टेशन के पीछे है।

### लक्षद्वीप में शराब बिक्री को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** करीब 47 साल तक शराबबंदी लागू रहने के बाद केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में अब नियंत्रित और लाइसेंस आधारित शराब बिक्री की इजाजत दी जाएगी। केंद्र ने 1979 से लागू लक्षद्वीप निषेध विनियमन को समाप्त कर दिया है और नया लक्षद्वीप आबकारी विनियमन-2026 लागू किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि कानून की तारीख जल्द जारी होगी।

### बीकानेर में 6 प्रसूताओं की किडनी फेल!



**बीकानेर।** राजस्थान में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कोटा में प्रसूताओं की मौत और गंभीर संक्रमण के मामलों के बाद अब बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद 6 महिलाओं की किडनी प्रभावित होने का मामला सामने आया है। सभी महिलाओं को डायलिसिस पर रखा गया है।

कालीघाट पुलिस थाने की एक टीम और महिला पुलिस कर्मी भी रहे शामिल

# कोलकाता में वारंट लेकर सीआईडी की टीम पहुंची दीदी के घर व तलाशी भी ली

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर है कि सीआईडी की एक टीम मंगलवार को टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि कालीघाट स्थित निजी आवास पर सीआईडी की टीम पहुंची है। टीम तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी को नोटिस देने पहुंची है। ममता इस वक्त दिल्ली में हैं और सोनिया गांधी से मुलाकात करने उनके आवास गई थीं। सीआईडी अधिकारी कालीघाट पुलिस थाने की एक टीम और महिला पुलिस कर्मियों के साथ दोपहर के आसपास टीएमसी के 30बी हरीश चटर्जी मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय पहुंचे। सीआईडी ने इससे पहले विपक्ष के नेता के रूप में शोभनदेब चट्टोपाध्याय को नामित किए जाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए प्रस्ताव पर टीएमसी के कुछ विधायकों के कथित तौर पर जाली हस्ताक्षर किए जाने से जुड़े मामले के सिलसिले में जानकारी मांगते हुए पार्टी नेताओं को नोटिस जारी किए थे।

### टीएमसी के कुछ विधायकों के कथित जाली हस्ताक्षर करने का मामला



आवास के सामने सीआईडी

### कार्यालय प्रबंधन से बहस भी हुई

सीआईडी अधिकारियों ने बताया कि टीएसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक की ओर से नोटिस के जवाब में दिए गए जवाब के आधार पर परिसर की तलाशी लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि अभिषेक ने अपने जवाब में कहा कि विधायकों के हस्ताक्षर पार्टी के 30बी हरीश चटर्जी मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय में लिए गए थे। इसी के आधार पर हम जांच के सिलसिले में यहां आए हैं। अधिकारी ने कहा कि जांच टीम को परिसर में प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी गई, जिसके चलते कार्यालय का प्रबंधन करने वालों के साथ संक्षिप्त बहस हुई।

### मामला विवादास्पद पत्र के कारण बढ़ा

यह मामला 19 मई को विधानसभा सचिवालय में जमा किए गए एक विवादास्पद पत्र से जुड़ा है, जिसमें शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष के नेता के रूप में नामित किया गया था। पत्र पर तृणमूल के लगभग 70 विधायकों के हस्ताक्षर होने की बात कही गई है। बागी विधायकों रिताब्रता बेनर्जी और संदीपन साहा की शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि पत्र पर मौजूद कुछ हस्ताक्षर जाली थे, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज की गई और सीआईडी जांच शुरू की गई।

ममता गुट के कल्याण का दावा

### शाह के बुलावे पर दिल्ली गए यूसुफ

टीएमसी के भीतर जारी बगावत अब और खुलकर सामने आने लगी है। पार्टी के कई सांसदों के बागी रुख के बीच अब पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद यूसुफ पठान का नाम भी विवाद के केंद्र में आ गया है। ममता के करीबी नेता कल्याण बेनर्जी ने दावा किया है कि यूसुफ अमित शाह के फोन आने के बाद दिल्ली गए थे। बागी काकोली घोष दावा कर रही हैं कि उनके साथ बड़ी संख्या में सांसद हैं। कल्याण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो सांसद भाजपा नेता भूपेंद्र यादव के घर गए, उन्होंने साफ तौर पर भाजपा का साथ चुन लिया है।



### अभिषेक रहे अनुपस्थित

*टीएमसी के पूर्व सांसद शुभाशीष चक्रवर्ती ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने अभिषेक की गैरमौजूदगी में तलाशी का विरोध किया। हमने अभिषेक की गैरमौजूदगी में सीआईडी को परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी। अभिषेक के आने के बाद सीआईडी परिसर की तलाशी लेने की खबर है।*

### 24 घंटे में सोनिया से दूसरी बार मिलीं ममता, कई मुद्दों पर की चर्चा



इंडिया गठबंधन की बैठक के एक दिन बाद मंगलवार को बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मुलाकात हो रही है। बंगाल की बिधाननगर उत्तर पुलिस ने बिधाननगर नगर निगम के पूर्व महापौर सब्यसाची दत्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर एक व्यापारी से एक करोड़ की मांग करने और उसे धमकाने का आरोप है। इस दौरान कई मुद्दों पर बात करने की खबर है।

सुखेंदु ने सांसद पद से दिया इस्तीफा, बोले

## टीएमसी चोरों और दुष्कर्मियों की पार्टी, ट्वीट के लिए तलब किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



टीएमसी छोड़ने और राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा देने पर सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि यह चोरों और दुष्कर्मियों की पार्टी है। अराजक है। आरजी कर की घटना ने मुझे फैसला लेने में मदद की। अगर मैं तब पार्टी छोड़ देता, तो कॉन्ट्रैक्ट किलर्स मेरी हत्या कर सकते थे।

जब आरजी कर की घटना हुई, तो लोग सड़कों पर उतर आए। मैंने अपने राजनीतिक करियर में ऐसा कुछ कभी नहीं देखा था और मैंने इस बारे में आवाज उठाई। मैंने कहा कि इसमें शामिल सभी लोगों को फांसी दी जानी चाहिए, मैंने एक ट्वीट भी किया और विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुआ, तब मेरे ट्वीट के लिए मुझे तलब भी किया गया था। जनता के ऐतिहासिक फैसले को सम्मानपूर्वक स्वीकार कर मैंने इस्तीफा दिया।

### टीएमसी समर्थक बोले- वो सभी गद्दार और सत्ता के भूखे

टीएमसी के भीतर जारी बगावत अब खुली राजनीतिक जंग में बदलती दिखाई दे रही है। पार्टी के कई सांसदों के बागी रुख अपनाने के बाद ममता बेनर्जी के करीबी नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। सांसद कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद ने बागी नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें गद्दार, सत्ता का भूखा और भाजपा से जुड़ा हुआ बताया। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में ममता बेनर्जी की पार्टी को कमजोर करने के लिए अंदरूनी टूट कराने की कोशिश कर रही है।

### दत्ता की पेशी, लोगों ने फेंके टमाटर-अंडे



लोगों का विरोध

टीएमसी के नेता सब्यसाची दत्ता को रंगदारी और धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें मंगलवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के रायगाछी स्थित उनके घर से हिरासत में लिया। कोर्ट ले जाते समय कुछ लोगों ने उनके ऊपर अंडे और टमाटर फेंके, जिससे वहां कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

### टीएमसी नेता जहांगीर को 5 दिन की पुलिस कस्टडी

बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता से टीएमसी के नेता जहांगीर खान को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किए गए जहांगीर खान को आज डायमंड हार्बर कोर्ट में पेश किया गया।

तेलंगाना के सीएम रेड्डी का दावा

## दिल्ली, मुंबई ,बेंगलुरु में दिक्कतें हैदराबाद बनेगा 'ग्लोबल सिटी'

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि हैदराबाद को एक बेहतर और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने शहर के विकास को लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। साइबराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की नई इमारत की नींव रखने के बाद रेड्डी ने कहा कि देश के बड़े शहर अलग-अलग समस्याओं से जूझ रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण, मुंबई में बाढ़ और बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में ट्रैफिक की समस्या है। हैदराबाद के बढ़ते आकार को देखते हुए शहर को तीन हिस्सों में बांटा गया है- ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन , साइबराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन और मलकाजगिरी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन। यह कदम भविष्य की आबादी और शहर के विस्तार को ध्यान में रखकर उठाया गया है। साइबराबाद क्षेत्र को एक बड़ा टेक हब बनाया जा सकता है।

दिल्ली अग्निकांड में नया खुलासा

## टी ब्रेक, चालू छोड़ा ऑयल फ्रायर सूचना में देरी से गईं कई 'जानें'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लोरिश स्टे होटल में 3 जून को हुए भीषण अग्निकांड की जांच में कई गंभीर लापरवाही सामने आई हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि एक छोटी सी चाय की चुस्की, एक लावारिस छोड़ा गया तेल फ्रायर और आग लगने के बाद भी किसी को सूचित न करने वाले रसोइए की निष्क्रियता, इस भयावह त्रासदी के पीछे की कड़वी सच्चाई है।

आग की शुरुआत होटल के किचन में तब हुई जब रसोइया केशव नेगी चाय बना रहा था। उसने तेल से भरे फ्रायर को चालू छोड़ा और चाय पीते समय उसे भूल गया। तेल का तापमान ऑटो-इग्निशन बिंदु तक पहुंचा, उसने आग पकड़ ली, जिससे छत में आग लग गई और पूरे होटल में फैल गई। आग लगने के कारणों को और स्पष्ट करने के लिए, दिल्ली पुलिस आईआईटी दिल्ली की मदद लेने की तैयारी कर रही है।

देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहल

## उपराष्ट्रपति ने कहा नदी जोड़ो परियोजनाओं में धन नहीं, लोगों की सोच सबसे बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन परियोजनाओं में धन की कमी सबसे बड़ी बाधा नहीं है, बल्कि लोगों की सोच और राजनीतिक कारण सबसे बड़ी चुनौती हैं। उपराष्ट्रपति भवन में जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राधाकृष्णन ने यह बात कही।

### मुख्य बातें

- *राष्ट्रीय हित में पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए दूरदर्शी और सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण की जरूरत पर जोर।*
- *'जल संचय जन भागीदारी' को सराहा। अभियान के दूसरे चरण में 1.55 करोड़ से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई या दर्ज की गई हैं, जो लक्ष्य से अधिक हैं।*
- *केन-बेतवा लिंक, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक और गोदावरी-कावेरी लिंक जैसी प्रमुख नदी जोड़ो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।*

### जल संकट कम होगा

उपराष्ट्रपति ने कहा कि नदियों को जोड़ने से जल संकट कम होगा, सूखे से निपटने में मदद मिलेगी, सिंचाई क्षेत्र बढ़ेगा और देश के विभिन्न हिस्सों में संतुलित विकास संभव होगा। उपराष्ट्रपति ने केन-बेतवा जैसी अहम परियोजनाओं पर वृत्तचित्र और स्थायी रिकॉर्ड तैयार करने का सुझाव दिया।

मानसून के पहुंचने की अनुकूल परिस्थितियां बनीं

मौसम विभाग ने देश को दी खुशखबर

## बिहार व छग की दहलीज पर पहुंचा मानसून, 5 दिन होगी झमाझम वर्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि बंगाल की खाड़ी की शाखा वाला मॉनसून बिहार की दहलीज तक पहुंच गया है।दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे पूर्वोत्तर में पहुंचने के बाद अब बिहार की तरफ बढ़ते हुए पूरे सिक्किम और हिमालयी पश्चिम बंगाल को ढंक चुका है। उसका अगला पड़ाव पूर्वी बिहार और छग होगा। बिहार-झारखंड और बंगाल में मानसून के पहुंचने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं और 1-2 दिन में यह इन राज्यों में दस्तक दे सकता है।



कोच्चि में बारिश से बचते लोग

### इन राज्यों में होगी व्यापक बारिश

*मानसून की रफ्तार और सक्रियता को देखते हुए आईएमडी ने कहा है कि 9 से 15 जून तक पूर्वोत्तर और दक्षिण के कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 9 से 15 जून के दौरान व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इन राज्यों के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भी पूरे सप्ताह झमाझम बारिश के आसार जताए गए हैं। गंगीय पश्चिम बंगाल में 10-12 जून, ओडिशा में 11-12 जून, बिहार में 11 जून और झारखंड में 12-13 जून को व्यापक बारिश हो सकती है।*

### आगे बढ़ने की पूरी संभावना

*आईएमडी ने कहा है कि इसकी उत्तरी सीमा 9 जून को हरनई, सोलापुर, कालाबुरगी, नंदीयाल, चेन्नई और सिलीगुड़ी जैसे क्षेत्रों से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले 4-5 दिन के दौरान मानसून के महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं।*

मद्रास हाईकोर्ट का फैसला

## दरगाह पर वक्फ बोर्ड की मनमर्जी नहीं चलेगी, दावा खारिज किया


एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देश में जहां-तहां, नए-पुराने दरगाहों को लेकर विवाद कोई पुराना नहीं हैं। ऐसी जगहों पर वक्फ बोर्ड अक्सर दावा करता आया है। लेकिन मद्रास हाईकोर्ट के हाल में सुनाए एक फैसले से वक्फ बोर्ड को बड़ा झटका लगा है।

हाईकोर्ट ने ऐसी संपत्तियों से जुड़े विवादों पर अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भूमि पर दरगाह, कब्र या धार्मिक स्थल का होना मात्र उसे स्वतः वक्फ संपत्ति नहीं बना देता। मामला तमिलनाडु राज्य से जुड़ा है। यहां के



ट्रिप्लिकेन के कामराज रोड पर स्थित एक दरगाह मामले में अपीलकर्ता ने दावा किया कि यह जमीन वैसे तो यह जमीन लोक निर्माण विभाग की थी और उसे कभी भी विधिवत वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया गया है। वक्फ बोर्ड ने इसे अपनी संपत्ति मानते हुए उन्हें मुतवल्ली न मानते हुए, एक अलग व्यक्ति को नियुक्त किया है।



एआई इमेज

# ओमान से गुजरात के बीच समुद्र में बिछेगी गैस पाइपलाइन, 40 हजार करोड़ होंगे खर्च

*इस परियोजना से खाड़ी देशों और भारत के बीच एक सीधा ऊर्जा गलियारा स्थापित हो सकता है, जिससे देश की होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले समुद्री मार्गों पर निर्भरता कम हो जाएगी*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम खाड़ी में तनाव के बीच ऊर्जा संकट ने दुनिया को सतर्क कर दिया है। भारत तेजी से अनिश्चित भू-राजनीतिक तनाव के बीच अधिक विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है। भारत ने ने ओमान से गुजरात के बीच एक लंबी पाइपलाइन बिछाने के की परियोजना का ऐलान कर दिया है। यह अरब सागर के पार लगभग 2,000 किलोमीटर लंबी एक गहरे समुद्र में बिछाई जाने वाली गैस पाइपलाइन होगी।

### कंपनियां डीपीआर तैयार करेंगी

*इस प्रोजेक्ट को प्रमोट करने वाली संस्था साउथ एशिया गैस एंटरप्राइज (एसएजीई) ने पाइपलाइन के रूट का तकनीकी और फाइनेंशियल पहलू का सर्वे पूरा कर लिया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने देश की दिग्गज सरकारी कंपनियों – गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया (गेल), इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को एसएजीई की प्री-फीजिबिलिटी रिपोर्ट के आधार पर एक डिटेल्ड फीजिबिलिटी रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का जिम्मा सौंपा है। अगर यह असेसमेंट पॉजिटिव रहा तो भारत सरकार ओमान के साथ गैस सप्लाई, फंडिंग और इसके निर्माण को लेकर आधिकारिक बातचीत शुरू कर देगी।*

### दोनों देशों को मिलेगा लाभ

*इस परियोजना से एक ओर भारत को निर्बाध प्राकृतिक गैस का परिवहन होने की उम्मीद है, तो दूसरी ओर ओमान को एक स्थिर निर्यात बाजार भी मिलेगा। परियोजना प्रस्तावों के अनुसार, परिवहन लागत 2.25 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू (मेट्रिक मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट) के बीच हो सकती है। हालांकि अंतिम लागत फंडिंग व्यवस्था, निर्माण व्यय और भविष्य में गैस की कीमतों पर निर्भर करेगी।*

### तीन दशकों पुराना सपना था

*पिछले तीन दशकों में इस परियोजना की कई बार समीक्षा की गई है, लेकिन उच्च लागत, तकनीकी बाधाओं और व्यावसायिक दिक्कतों के कारण यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई। अब इस परियोजना पर करीब 40,000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस परियोजना को 'मिडिल ईस्ट-इंडिया डीपवाटर पाइपलाइन' के नाम से भी जाना जाता है। यह अब तक के सबसे गहरे समुद्री मार्गों में से एक होगी। यह नेचुरल गैस की निर्बाध आपूर्ति करेगी। इसके बनने से खाड़ी देशों और भारत के बीच एक सीधा ऊर्जा गलियारा स्थापित हो सकता है, जिससे देश की होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले समुद्री मार्गों पर निर्भरता कम हो जाएगी।*

### कुछ हिस्सा समुद्र तल से 3,000 मीटर से अधिक नीचे

*प्रस्तावित परियोजना की खास बात यह है कि समुद्री मार्ग का कुछ हिस्सा समुद्र तल से 3,000 मीटर से अधिक नीचे होने की संभावना है, जिससे यह अब तक प्रस्तावित सबसे गहरी समुद्री पाइपलाइन परियोजनाओं में से एक बन जाएगी। इतनी गहराई ज्यादातर अपतटीय ऊर्जा परियोजनाओं में पाई जाने वाली गहराइयों से कहीं अधिक है और इसके लिए अत्यधिक विशेष इंजीनियरिंग समाधानों की आवश्यकता होगी।*

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका राष्ट्रपति ने दी पीएम मोदी को बधाई


**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीएम नरेंद्र मोदी को भारत के इतिहास में



सबसे लंबे समय तक निर्वाचित पीएम बनने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने एक पत्र के माध्यम से इस उपलब्धि को भारत की लोकतांत्रिक परिपक्वता और जनता के मोदी सरकार में निरंतर विश्वास का प्रतीक बताया। भारत गणराज्य के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित पीएम बनने पर सरकार और श्रीलंका की जनता की ओर से हार्दिक बधाई। यह उपलब्धि जनता द्वारा आपके नेतृत्व में बार-बार रखे गए विश्वास का प्रमाण है।

### पश्चिमी क्यूबा में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप

**हवाना।** पश्चिमी क्यूबा के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे हवाना में इमारतें हिल गईं। भूकंप



के झटके फ्लोरिडा तक महसूस किए गए। तुरंत किसी के घायल होने या नुकसान की खबर नहीं मिली। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप हवाना के पश्चिम में समुद्र में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। सावधानी के तौर पर कई इमारतों को खाली करवा रहे हैं, जिनमें मियामी के डाउनटाउन में 28 मंजिला ऊंची इमारत शामिल है। ऑरलैंडो के उत्तर में भी लोगों ने झटके महसूस किए। इस भूकंप से कोई सुनामी नहीं आई।

27 लोगों को गोली मारने के बाद अब पाकिस्तानी सेना ने जनाजे में शामिल लोगों पर की फायरिंग

# पाक सेना ने पीओके में किया 'नरसंहार', 150 लोगों की मौत का दावा, भारत बोला- बेशर्म देश

*पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों को दौड़-दौड़ाकर गोली मारी, जिसमें अब तक कई लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सेना ने रावलकोट में एक जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग की है*


जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग करती पाक सेना

*पाक सेना मारे गए प्रदर्शनकारियों के शवों को अपने साथ ले गई*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों के बीच खूनी संघर्ष में 150 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों को दौड़-दौड़ाकर गोली मारी, जिसमें अब तक कई लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हैं। इस घटना के बाद से पाकिस्तान द्वारा कब्जा किए गए जम्मू-कश्मीर (पीओके) में तनाव बढ़ गया है। इलाके में हो रहे प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का आरोप है कि सेना ने रावलकोट में एक जनाजे में शामिल लोगों पर फायरिंग की है। बताया जा रहा है कि शाहजेब के जनाजे में शामिल लोग पाकिस्तानी सेना और शहबाज सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे, तभी सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी। कमेटी का आरोप है कि सुरक्षाबलों ने मारे गए प्रदर्शनकारियों के शवों को अपने साथ ले गए। इस घटना के बाद लोगों के बीच भारी गुस्सा है। उससे पहले सेना ने 27 लोगों को गोली मार दी।



पाकिस्तानी सेना के खिलाफ ज्वॉइंट अवामी एक्शन कमेटी प्रदर्शन करते हुए

### चुनाव से पहले लोगों ने रखी मांगें

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जुलाई के महीने में चुनाव होने वाले हैं। लोगों की प्रमुख मांगों में उन 12 आरक्षित सीटों को समाप्त करना शामिल है, जो जम्मू-कश्मीर से विस्थापित होकर पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में रहने वाले लोगों के लिए विधानसभा में निर्धारित हैं। इन 12 सीटों के कारण गैर-स्थानीय लोग पीओके की राजनीति को प्रभावित करते हैं। पाकिस्तान की बड़ी राजनीतिक पार्टियां इस क्षेत्र की सरकारों को नियंत्रित करने में सफल हो जाती हैं। इसके अलावा, सस्ती बिजली, आर्थिक सुधारों, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं की भी मांग की जा रही है, जो लंबे समय से इस इलाके का मुद्दा रहे हैं। पाकिस्तान की सरकार ने इस खास इलाके को नजरअंदाज कर रखा है।

### आलोचकों को बता रहे भारतीय एजेंट

गिलगित-बाल्टिस्तान और पीओके दोनों जगहों पर जो भी पाकिस्तान सरकार की आलोचना करता है, उसे भारतीय एजेंट बता दिया जाता है। हमीद मीर ने कहा कि पाकिस्तान सेना और शासन ने विरोध को दबाने के लिए लोगों को 'भारतीय एजेंट' का लेबल लगा दिया है, जो पाकिस्तान के हित में नहीं है।

मुनीर की बर्बरता पर भारत की दो टूक

### मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए पाक को जवाबदेह ठहराए अंतरराष्ट्रीय समुदाय

*भारत ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह पाकिस्तान के कब्ज़े वाले जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन से ध्यान हटाने के लिए फ़ेक न्यूज़ और गलत जानकारी फैला*


रणधीर जायसवाल

*रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान से आने वाली फ़ेक न्यूज़ और वीडियो का एक पैटर्न देख रहे हैं। यह पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान हटाने की एक हताश कोशिश है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्ज़े वाले कश्मीर में पुलिस की गंभीर बर्बरता की खबरें हैं। हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके गलत कामों और ज्यादतियों के लिए जवाबदेह ठहराएगा।*

### 50 ब्रिटिश सांसदों ने पाकिस्तान की इस नापाक हरकत पर जताई चिंता

*पाकिस्तान के कब्ज़े वाले जम्मू-कश्मीर के मुजफ्फराबाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कश्मीरी प्रदर्शनकारियों पर दमनात्मक कार्रवाई की है। इस संवेदनशील हालात पर चिंता जताते हुए 50 से अधिक ब्रिटिश सांसदों ने विदेश मंत्री यवेट*



*कूपर को पत्र लिखा है। ब्रेडफोर्ड ईस्ट के सांसद इमरान हुसैन ने अपने पत्र में इंटरनेट और मोबाइल सेवा से जुड़ी पाबंदियों का जिक्र किया है। सांसद इमरान हुसैन ने कहा कि हम लगातार लॉकडाउन, संचार ब्लैकआउट, गिरफ्तारियों और बढ़ते तनाव की खबरों को लेकर चिंतित हैं। सरकार को सभी राजनयिक चैनलों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कश्मीरियों के मानवाधिकारों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। सांसदों ने कहा कि कई ब्रिटिश कश्मीरी पीओजेके में अपने रिश्तेदारों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।*

यूएन में बोले भारत के राजदूत

## नरसंहार को सैन्य अभियान कहना पाक की पुरानी आदत

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है। भारत ने पाक पर तीखा प्रहार करते हुए कहा


राजदूत पर्वतनेनी हरीश

कि किसी नरसंहार को सैन्य अभियान का रूप देने से अपराधी की जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती। आम नागरिकों की हत्या करना, उन्हें अपंग बनाना और बच्चों को अनाथ करना आतंकवाद-रोधी कार्रवाई नहीं है।

अपनी नाकामियों के लिए पड़ोसियों को दोष देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। दुनिया को गुमराह करने की यह कोशिश नाकाम होगी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 'अफगानिस्तान की स्थिति' पर हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ यह कड़ा बयान दिया।

### 'फितना अल-हिंदुस्तान' प्रायोजित झूठ

*पी हरीश ने कहा कि इस्लामाबाद द्वारा अपनी सीमाओं के भीतर सक्रिय समूहों को 'फितना अल-हिंदुस्तान' कहना कुछ और नहीं, बल्कि 'धार्मिक शब्दावली में लिपटा आधिकारिक रूप से प्रायोजित गलत सूचना फैलाने का अभियान और दुष्प्रचार' है। बता दें, पाकिस्तानी मीडिया द्वारा प्रसारित खबरों के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान प्रांत में सक्रिय सभी आतंकवादी समूहों और संगठनों को पिछले साल आधिकारिक रूप से 'फितना अल-हिंदुस्तान' करार दिया था और बिना कोई सबूत दिए आरोप लगाया था कि ये संगठन भारत के इशारे पर आतंकवाद में शामिल हैं। उन्होंने इसे 'पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान से संचालित नफरत की ऐसी संगठित फैक्टरी का परिणाम' बताया, जिसका उद्देश्य अपने नागरिकों को भारत के खिलाफ स्थायी शत्रुता की स्थिति में रखना है, ताकि सत्ता पर उनकी पकड़ बनी रहे और राष्ट्रीय संसाधनों पर नियंत्रण बनाए रखा जा सके तथा लोगों का ध्यान मुख्य राजनीतिक और आर्थिक समस्याओं से हटाया जा सके।*

### पाक में वास्तविक सत्ता सेना की

भारतीय राजदूत ने 27वें संविधान संशोधन के जरिये सेना द्वारा किया गया वास्तविक तख्तापलट इसका सबसे हालिया उदाहरण है। पाकिस्तान की संसद द्वारा पिछले साल पारित संविधान संशोधन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस संशोधन के तहत 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' (सीडीएफ) का पद सृजित किया गया था। इसके बाद फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को पाकिस्तान का पहला सीडीएफ नियुक्त किया गया। यूएनएससी की बैठक में भारतीय राजदूत ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान के सैन्य हवाई हमलों की भी कड़ी निंदा की।

### इजराइल में भी स्थापित होगी शिवाजी की प्रतिमा

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस 6 जून 1674 की वर्षगांठ पर एक ऐतिहासिक



पहल सामने आई है। मुंबई में इजराइल के कॉन्सल जनरल यानीव रेवाच ने खुलासा किया है कि इजराइल में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से सहयोग मांगा है, जिसे सीएम ने समर्थन देने की सहमति जताई है। रेवाच ने कहा कि यह प्रतिमा भारत और इजराइल के बीच संबंधों का सशक्त प्रतीक बनेगी।

प्रतिबंधित जहाज पर यूएस ने किया था हमला

## ओमान की नौसेना ने चलाया राहत अभियान, सुरक्षित बचाए भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ओमान के तट के पास लंगर डाले हुए पलाऊ के ध्वज वाले 'एमटी मारिवेक्स' जहाज पर मिसाइल हमला अमेरिका की नौसेना ने किया था। अमेरिकी समुद्री बल ने जहाज के कैप्टन को पहले शुरुआती तीन दिन तक रोजाना इलाके से पीछे हटने की चेतावनी भरे संदेश भेजे थे। लेकिन वो नहीं माने, सभी संदेशों को उन्होंने अनसुना कर दिया जिसके बाद चौथे दिन यानी बीते सोमवार को अमेरिका ने जहाज पर हमला कर उसे जबरन पीछे धकेल दिया। हमले के तुरंत बाद भारत द्वारा चलाए गए कूटनीतिक


हेलिकॉप्टर से बचाए गए भारतीय नाविक


और सैन्य संवाद की मदद के बाद ओमान की नौसेना सामने आई और उसने अपने हेलीकॉप्टरों की मदद से अभियान चलाकर सभी भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया है। सभी फिलहाल ओमान में ही हैं जल्द ही इनकी स्वदेश वापसी होगी। भारत ने ओमान की सरकार को धन्यवाद दिया है। ओमान में भारत का दूतावास भारतीयों के संपर्क में बना हुआ है।

दो हफ्ते में ईरान पर पूरी जीत का दावा

## ट्रंप बोले- परमाणु समझौते के लिए तैयार तेहरान, बातचीत सही दिशा में

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका अगले दो सप्ताह के भीतर ईरान के साथ चल



रहे विवाद में पूरी जीत हासिल कर लेगा। ईरान के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही बड़ा परिणाम सामने आ सकता है। ट्रंप के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार न बनाने की शर्त सहित अमेरिका की प्रमुख मांगों को स्वीकार करने के लिए तैयार है। हम अभी बातचीत कर रहे हैं और वे एक बहुत अच्छा समझौता करना चाहते हैं। वे हमें सब कुछ देने को तैयार हैं। वे परमाणु हथियार नहीं रखने के लिए भी तैयार हैं। वहीं, ट्रंप ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को चेतावनी दी है कि अगर वह ईरान के साथ फिर से युद्ध में उतरते हैं, तो उन्हें अकेले ही लड़ना पड़ सकता है। इस पर अमेरिका में इजराइल के राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि कभी-कभी प्रेमियों के बीच भी अनबन हो जाती है। नेतन्याहू और ट्रंप के बीच हुई सैकड़ों बातचीत में शामिल रहे हैं।

## भारत ने कुवैत पर हुए हमलों की निंदा की

## पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर से की बात, तनाव कम करने पर दिया जोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति और सुरक्षा चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में हाल के दिनों में बढ़े तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हुए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की।


पीएम मोदी | अमीर अल सबाह

### जल्द शांति और स्थिरता बहाल हो, संयम बरतें

*पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए जारी तनाव को तुरंत कम किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पक्षों को संयम बरतते हुए बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए। इसके साथ ही विवादों को सुलझाने के लिए कूटनीति का सहारा लिया जाना चाहिए।*

### 13 से 19 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया दौरे पर पीएम

*पीएम नरेंद्र मोदी 13 से 19 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको ने आमंत्रित किया है। 14 जून को नीस में पीएम और फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच एक द्विपक्षीय बैठक होगी। दोनों भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन भी करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि पीएम अपनी यात्रा के दौरान फ्रांस के ईवान में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। पीएम 18 जून को पेरिस जाएंगे और वहां वीवाटेक समिट में शामिल होंगे। जो यूरोप का सबसे बड़ा तकनीकी और स्टार्टअप कार्यक्रम होगा। पेरिस में वह भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। पीएम 14 से 16 जून तक स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर रहेंगे।*

अमरनाथ यात्रा ड्यूटी के लिए बस से जा रहे थे सुरक्षाकर्मी

## दो अन्य वाहनों से टक्कर, बीएसएफ के दो जवान घायल, हालत स्थिर, जांच शुरू की

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-श्रीनगर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमरनाथ यात्रा ड्यूटी के लिए सुरक्षाकर्मियों को ले जा रही एक बस की दो अन्य वाहनों से टक्कर हो गई जिससे सीमा सुरक्षा



बल (बीएसएफ) के दो अधिकारी घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के जवानों को लेकर जम्मू से अनंतनाग जा रही बस अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पर तैनात थी। यह बस व्यस्त राजमार्ग पर पीरा के पास पहले एक यात्री वाहन मारुति अर्टिगा से टकराई और फिर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़ी।

### पुंछ में पाक ड्रोन पर फायरिंग

*जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय क्षेत्र में घुस आए एक पाकिस्तानी ड्रोन पर सेना के जवानों ने गोलीबारी की, लेकिन वह कुछ भारतीय अग्रिम चौकियों के ऊपर थोड़ी देर मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर लौट गया। अधिकारियों ने कहा कि सोमवार देर रात मेंढर सेक्टर के बालाकोट क्षेत्र में कुछ भारतीय अग्रिम चौकियों के ऊपर इस ड्रोन को देखा गया। भारतीय सैनिकों ने ड्रोन पर करीब नौ राउंड गोली दागीं, लेकिन लक्ष्य को भेदा नहीं जा सका क्योंकि वह काफी ऊंचाई पर उड़ रहा था।*

***बारामूला से दो पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद:*** *जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के चांदसूमा, कनिसपोरा इलाके से एक विदेशी निर्मित पिस्तौल बरामद की। जांच के दौरान उरी तहसील के कमलकोट क्षेत्र से एक और पिस्तौल, दो मैगजीन और 13 कारतूस भी बरामद किए गए।*

सिपरी का दावा: भारत ने परमाणु नीति में किया बड़ा बदलाव

## पहली बार तैनात किए 12 परमाणु हथियार, पास हैं 190

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

परमाणु हथियारों की नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए, भारत ने पहली बार 12 परमाणु वॉरहेड तैनात किए हैं। दुनिया की प्रमुख हथियार-ट्रैकिंग संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट का दावा है कि यह पहली बार है जब भारत के हथियारों के जखीरे को सिर्फ जमा करके रखने के बजाय, ऑपरेशन के लिए तैनात (ऑपरेशनली डिप्लॉयड) माना गया है। जमीन के नीचे बने मिसाइल साइलो और नई परमाणु पनडुब्बियों में तुरंत इस्तेमाल के लिए तैयार परमाणु हथियारों को तैनात करना, बढ़ी हुई तैयारी का संकेत देता है।

भारत ऐसी मिसाइल पर काम कर रहा जो कई परमाणु वारहेड ले जा सकती है


एआई इमेज

### भारत ने समुद्र में भी बढ़ाई परमाणु ताकत

रिपोर्ट में भारत की समुद्री परमाणु क्षमता को भी बेहद महत्वपूर्ण बताया गया है। भारत की परमाणु पनडुब्बियां, खासकर आईएनएस अरिहंत, अब देश की 'सेकंड स्ट्राइक क्षमता' का बड़ा आधार बन रही हैं। हालांकि, मिसाइलों को कैनिस्टर में रखने और समुद्र से डेटरेंस पेट्रोलिंग करने की दिशा में देश के हालिया कदमों से संकेत मिलता है कि भारत शांति के समय में भी अपने कुछ वॉरहेड को उनके लॉन्चरों के साथ जोड़ने की दिशा में बढ़ सकता है।

### परमाणु कार्यक्रम पर भारत का जोर

*सिपरी ने कहा कि जनवरी 2026 तक भारत के पास लगभग 190 परमाणु हथियारों का बढ़ता हुआ भंडार होने का अनुमान था। जबबकि पिछले साल भारत के पास अनुमानित 180 परमाणु हथियार थे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को आधुनिक बना रहा है और नई तकनीकों के जरिए रणनीतिक क्षमता मजबूत कर रहा है। चीन के पास करीब 620 और पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियार होने का अनुमान है।*

### कई मिसाइलों में परमाणु वारहेड

*रिपोर्ट के अनुसार भारत अब नई पीढ़ी की परमाणु तकनीकों पर तेजी से काम कर रहा है। इनमें सबसे अहम है एमआईआरवी तकनीक। इसके जरिए एक ही बैलिस्टिक मिसाइल कई परमाणु वारहेड ले जा सकती है और अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसके अलावा भारत कैनिस्टराइज्ड मिसाइल सिस्टम भी विकसित कर रहा है, जिससे मिसाइलों को तेजी से लॉन्च किया जा सकेगा और उनकी सुरक्षा भी बढ़ेगी। भारत के मिसाइल बेड़े में पृथ्वी-2, अग्नि-1, अग्नि-2, अग्नि-3, अग्नि-4 और अग्नि-5 जैसी मिसाइलें शामिल हैं। नई अग्नि-पी मिसाइल को ज्यादा सटीक और आधुनिक माना जा रहा है।*

## कलेक्टर की जनसुनवाई में 192 लोगों ने शिकायत दर्ज कराकर लगाई गुहार

# एक महीने पहले सिलेंडर किया बुक, अब तक नहीं मिला उपभोक्ता ने 2000 रुपए मांगने का एजेंसी पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूखी सेवनिया निवासी एक गैस उपभोक्ता ने गैस एजेंसी पर ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद एक महीने में सिलेंडर नहीं देने और इसके बदले दो हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया है। एक माह से अधिक समय से सिलेंडर नहीं मिलने से परेशान उपभोक्ता ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में 192 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। विष्णु बैरागी ने बताया कि उन्होंने छह मई को घरेलू गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। बुकिंग का डीएसी और इनवाइस नंबर आ गया, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं दिया गया। इससे अयोध्या नगर स्थित सैनी इंडेन गैस एजेंसी पहुंचे तो सिलेंडर देने से इंकार कर दिया। उपभोक्ता का आरोप है कि वह करीब 10 बार एजेंसी के चक्कर लगा चुके हैं।


जनसुनवाई में पीड़ितों की परियाद सुनते कलेक्टर प्रियंक मिश्रा।

इधर, गिरधारी पिता गंगाराम निवासी रोंडिया गुनगा ने बताया कि मेरे और गांव के कल्याण सिंह अहिरवार के पास ढाई-ढाई एकड़ जमीन है। जिसे पटवारी और तहसीलदार ने कल्याण सिंह को चार एकड़ 75 डेसीमल जमीन का मालिक बना दिया, जिससे मेरी जमीन वापस दिलाई जाए। आवेदक ने इन लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी है।

### फ्लैट में पल रहीं 80 बिल्लियां, बदबू से रहवासी हो रहे परेशान

अहमद मंजिल जहांगीरिया स्कूल लखेरापुरा इब्राहिमपुरा निवासियों ने शिकायत में बताया कि इस बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर में अब्दुल हई का परिवार रहता है। जिसमें पत्नी और दो पुत्रियां हैं। इन लोगों ने घर में सत्तर से 80 देसी बिल्लियां घर में पाल रखी हैं। यहां रोजाना आठ से दस किलो मटन और बिल्लियों का दाना आता है। बिल्लियों का मलमूत्र भी यहां से सड़क पर फेंका जाता है, जिसकी वजह से यहां आसपास रहने वाले परिवारों का बदबू से रहना मुश्किल हो रहा है।

### अवैध तबेले से परेशान रहवासी

बरखेड़ी खुर्द, सूरज नगर के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भैंसों का तबेला चलाया जा रहा है। तबेले से निकलने वाले मलमूत्र और गंदे पानी से आसपास गंदगी फैल रही है। नगर निगम और सीएम हेल्पलाइन में कई शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

पूछताछ में दोनों ने घटना में शामिल होना स्वीकारा

## एयर पिस्टल से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने कॉलोनी में एयर पिस्टल से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एयर पिस्टल और स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस दोनों से अवैध हथियारों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार 7 जून को अशोका कॉलोनी नूर महल निवासी 61 वर्षीय मोहम्मद मुस्ताक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 5 जून की रात करीब 10:30 बजे वह अपने घर की छत पर पानी की टंकी देखने गए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि होली हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की ओर से एक स्कूटी पर सवार दो युवक आए और शरफराज के घर के सामने कुछ देर रुकने के बाद गाली-गलौज करते हुए हवा में फायरिंग कर भाग निकले। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर पुलिस ने भय्यू उर्फ आवेश (23) निवासी इंद्रानगर और साहिल खान (22) निवासी राजीव नगर को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने घटना में शामिल होना स्वीकार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### दो अलग-अलग मामलों में दो चाकूबाज गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी में चाकूबाजी और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो धारदार छुरियां और एक दोपहिया वाहन जब्त किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम 7 और 8 जून को क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान एलबीएस अस्पताल के सामने पुलिस ने मोहम्मद उमर सलमान (34) निवासी आरिफ नगर, बैरसिया रोड को रोका। तलाशी लेने पर उसकी एक्सिस दोपहिया वाहन में छिपाकर रखी गई एक धारदार छुरी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मेडायू अस्पताल के पीछे ईदगाह हिल्स क्षेत्र में संदिग्ध रूप से खड़े विजय भार्गव (24) निवासी ईदगाह हिल्स को पकड़ा। उसकी तलाशी के दौरान एक धारदार छुरी बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ भी आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### नगर के कई क्षेत्रों में आज दो घंटे बंद रहे बिजली

**औबेदुल्लागंज।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 33 केवी औबेदुल्लागंज फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते बुधवार को संबंधित फीडर से जुड़ी विद्युत आपूर्ति सुबह 8 से 10 बजे तक बंद रहेगी, जबकि अन्य सभी 11 केवी फीडरों से विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। आवश्यकता पड़ने पर समय बढ़ाया या घटाया जा सकता है। यह जानकारी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक, औबेदुल्लागंज द्वारा जारी की गई है।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9405 | | |
| दिन: | 240 | 62 | 390 |
| रात: | 170 | 81 | 335 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 168 | 58 | 567 |
| रात: | 459 | 88 | 189 |

## मां का इलाज कराने आए युवक ने पुलिस में की शिकायत

# मां-बेटे ने सस्ते सोने की माला बेचने के नाम पर युवक से ऐंठे साढ़े तीन लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लालघाटी इलाके में एक बुजुर्ग महिला और युवक ने सस्ता सोने की माला बेचने के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी कर दी। जालसाजों ने पहले एक निजी अस्पताल में मां का इलाज करा रहे पीड़ित का भरोसा जीता, फिर असली सोने का एक मोती जांच के लिए देकर उसे जाल में फंसाया। जब ठगी का शिकार साढ़े तीन लाख रुपये नगद लेकर पहुंचा, तो आरोपित उसे नकली माला थमाकर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार अशोकनगर जिले के ग्राम करमसी कचनार निवासी 28 वर्षीय अंकित शर्मा अपनी मां पुष्पाबाई का इलाज कराने कोहेफिजा के एक निजी अस्पताल आए थे। 25 मई को अस्पताल में ही एक युवक मिला, जिसने अपना नाम राजू प्रजापति बताया। राजू के साथ एक बुजुर्ग महिला भी थी, जिसे उसने अपनी मां बताया। राजू ने अंकित से कहा कि वह जेसीबी चलाता है और हाल ही में खुदाई के दौरान उसे जमीन के नीचे से सोने की एक कीमती माला मिली है। उसने अपनी बहन की शादी का हवाला देते हुए अंकित से वह माला खरीदने की बात की।

### फसल बेचकर और उधार लेकर जुटाए साढ़े तीन लाख

इसके बाद अंकित ने रुपयों के लिए फसल मंडी में बेची और अपने बहनोई नरेश शर्मा से 1.5 लाख रुपए उधार लेकर कुल 3.5 लाख रुपए नगद जुटाए और भोपाल पहुंचकर लालघाटी ब्रिज के नीचे राजू और उसकी मां को अंकित से 3.5 लाख रुपए नगद दे दिए और आरोपित पोटली में बंधी माला उसे सौंप दी। रकम देने के बाद अंकित जब तसल्ली के लिए बैरागढ़ के एक सराफा व्यापारी के पास माला चेक कराने पहुंचा, तो उसके होश उड़ गए। सुनार ने बताया कि माला पूरी तरह नकली है और उसमें सोने का एक अंश भी नहीं है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर निजी अस्पताल और लालघाटी ब्रिज के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही आरोपी के मोबाइल नंबर को साइबर सेल की मदद से सर्विलांस पर ले लिया गया है।

### असली मोती दिखाकर जीता पीड़ित का भरोसा

अंकित ने शुरुआत में इतने पैसे न होने की बात कहकर मना कर दिया। बाद में जालसाज की बातों में आकर वह माला खरीदने के लिए तैयार हो गया। पहले आरोपित ने माला से एक मोती तोड़कर अंकित को दिया और कहा वह इसे किसी भी सुनार से चेक करवा ले। 26 मई को अंकित ने अशोकनगर पहुंचकर सुनार से मोती चेक कराया, तो वह शत-प्रतिशत शुद्ध सोना निकला।

### पत्नी को घर से बाहर कर होटलकर्मी ने लगाई फांसी

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित बापू कॉलोनी में एक होटल कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शराब पीने को लेकर उसका पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद उसने पत्नी को घर से बाहर कर दरवाजा भीतर से लगा लिया और दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बापू कॉलोनी बजरिया निवासी महेन्द्र दोहरे मूलरूप से भिंड जिले का रहने वाला था और यहां एक होटल में नौकरी करता था। दो साल पहले उसकी शादी सपना दोहरे से हुई थी। उनकी कोई औलाद नहीं है। महेन्द्र की शराब पीने की लत के कारण अक्सर पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था। रविवार-सोमवार की दमियानी रात भी महेन्द्र का पत्नी से शराब पीने को लेकर झगड़ा हुआ। झगड़े के बाद गुस्साए महेन्द्र ने पत्नी को घर से बाहर कर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पत्नी के दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव

टीला जमालपुरा पुलिस के मुताबिक कबीटपुरा निवासी आयुष सुलेभान प्राइवेट का काम करता था। वह ग्राउंड फ्लोर पर पत्नी के साथ रहता था, जबकि उसके ऊपरी तल पर बड़े भाई परिवार के साथ रहता है। सोमवार रात करीब नौ बजे आयुष ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही कारण सामने आने की उम्मीद है।

प्रगति नगर में मंत्री विश्वास सारंग के निर्देश पर हुई बड़ी कार्रवाई

# तीन मंजिला भवन के अवैध हिस्से पर चली जेसीबी बिना बिल्डिंग परमिशन के किया गया था निर्माण

मंत्री विश्वास सारंग ने निरीक्षण के दौरान अवैध कब्जों को लेकर जताई थी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


तीन मंजिला भवन के अवैध हिस्से को जेसीबी से गिराता नगर निगम का अमला।

सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के निर्देश पर मंगलवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के प्रगति नगर में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। नगर निगम, राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया। उक्त तीन मंजिला भवन के अवैध हिस्से का निर्माण नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा की बिना परमिशन के किया गया था।

प्रगति नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणों को लेकर स्थानीय रहवासियों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री सारंग ने कुछ माह पूर्व स्वयं क्षेत्र का निरीक्षण किया था। उस दौरान उन्होंने सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उस पर अमल करते हुए नगर निगम सहित पुलिस और जिला प्रशासन की टीमों ने अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई की।

### अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जाएगी

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा क्षेत्र के सुनियोजित विकास, नागरिक सुविधाओं के संरक्षण तथा शासकीय भूमि की सुरक्षा के लिए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों के हितों के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## युवकों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

वार्ड नंबर 14 निवासी विशाल मदान ने कुछ युवकों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए औबेदुल्लागंज थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सोमवार देर रात वह प्रेमतालाब रोड से घर लौट रहा था। इस दौरान कलारी के पास कुछ युवक शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे, जिसकी सूचना उसने पीसीआर को दी थी। आरोप है कि कुछ देर बाद काले रंग की थार कार से आए 6-7 युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया। पीड़ित का कहना है कि युवकों ने गले पर चाकू रखकर धमकाया, उसके साथ मारपीट की और पुलिस को सूचना देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। घटना के बाद विशाल ने अपने परिचितों की मदद से वहां से निकलकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विधायक पटवा औबेदुल्लागंज और हिरानिया में आज करेंगे विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार, 10 जून को औबेदुल्लागंज में विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत शाम 4 बजे जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज परिसर में लगभग 2 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण विधायक सुरेंद्र पटवा द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे औबेदुल्लागंज मंडल के हिरानियां स्थित खेड़ापति माता मंदिर में लगभग 20 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। यहां विधिवत पूजन-अर्चन के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा।

पंचायत पदाधिकारियों के पद दस से बढ़ाकर बारह कर दिए

# पूज्य सिंधी पंचायत चुनाव में राज और रमेश की दावेदारी से माहौल गरमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

उपनगर संत हिरदाराम नगर की सबसे बड़ी पूज्य सिंधी पंचायत के 21 जून को होने जा रहे चुनाव को लेकर माहौल गरमाया हुआ है।


रमेश वाधवानी


राज मनवानी


माधू चांदवानी

हालांकि सर्वसम्मति के प्रयास अभी भी जारी है, लेकिन कुछ लोगों ने चुनाव लड़ने की पूरी तरह तैयारी कर ली है। इस बार भी चुनाव काफी कशमकश माहौल में होंगें। खासकर सभी लोगों की नजर अध्यक्ष व महासचिव पद पर लगी हुई है। हालांकि इस बार पंचायत पदाधिकारियों के पद दस से बढ़ाकर बारह कर दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद भी दावेदार की संख्या बढ़ती जा रही है।

### दो पैनल होंगे आमने-सामने

चुनाव में दो पैनल में आमने-सामने होने की संभावना है। वर्तमान पदाधिकारियों की पैनल से अध्यक्ष पद पर माधू चांदवानी की पैनल पूरी तरह तैयार है, तो दूसरी पैनल अध्यक्ष राज मनवानी व महासचिव पद पर रमेश वाधवानी की पैनल तैयार हो रही है। इस पैनल को कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैया ईसरानी पूरी तरह समर्थन कर रहे है।

### 21 जून को होगी वोटिंग

पंचायत के चुनाव 21 जून सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक होंगे। इस बार 12 पदों के लिए चुनाव में अध्यक्ष पर एक वोट उपाध्यक्ष पर तीन वोट, महासचिव पर एक वोट, सचिव पर दो वोट, सह सचिव पर दो वोट, कोषाध्यक्ष पर एक वोट, सह कोषाध्यक्ष पर एक वोट व ऑडिटर पर एक वोट देना होगा। इसमें ध्यान रहे कि उपाध्यक्ष पर तीन वोट देने है, सचिव पर दो वोट देने है, सह सचिव पर दो वोट देने है अगर कोई एक वोट देता है तो उसका वोट खारिज हो जाएगा।

साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

# पूर्व सीएम शिवराज की पत्नी के नाम पर सोशल मीडिया में की आपत्तिजनक पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की पत्नी साधना सिंह के नाम से सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट की गई है। इससे लोगों में गुस्सा है। साधना सिंह के नाम पर बने फेसबुक पेज पर यह पोस्ट की गई। फेसबुक पर की गई पोस्ट से भ्रामक स्थिति उत्पन्न हो रही है। पुलिस को शिकायत की गई जिसके बाद साइबर क्राइम ने केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह चौहान के नाम से एक फेसबुक पेज संचालित किया जा रहा है। इसमें भ्रामक पोस्ट की गई है। साधना सिंह के नाम से संचालित फेसबुक पेज पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित की गई। मामले में पहचान के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह की पत्नी साधना सिंह से संबंधित मामला सामने आते ही पुलिस सक्रिय हो गई है।

### रंजीत सिंह ने की शिकायत

पुलिस को मामले की शिकायत रंजीत सिंह चौहान ने की है। वे मिसरोद की श्रीराम कॉलोनी के निवासी हैं। 37 साल के रंजीत सिंह चौहान का कहना है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह के नाम से संचालित फेसबुक पेज पर आपत्तिजनक पोस्ट की जा रहीं हैं। मामले में दीपक खरते और रविंद्र दांगी नामक लोगों पर इन पोस्टों को शेयर करने का आरोप भी लगाया। प्रारंभिक जांच के बाद साइबर क्राइम ब्रांच ने बीएनएस की धारा 353 (2) और 356 के तहत दीपक खार्ते के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने पोस्ट के स्रोत की पहचान करने और पोस्ट से जुड़े सभी व्यक्तियों की भूमिका का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

सेवा सदन आई हॉस्पिटल के डॉ. रोहिणी और ऑक्यूलरिस्ट गोपाल ने किया कृत्रिम नेत्र प्रत्यारोपण

# कृत्रिम नेत्र प्रत्यारोपण से रागिनी और विकास के चेहरे का सामान्य स्वरूप लौटाया, साथ ही उन्हें खोया हुआ आत्मविश्वास और सम्मान भी मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

विदिशा जिले की रागिनी (29) तथा भोपाल के विकास माकोड़े (28) (परिवर्तित नाम) की एक-एक आंख में गंभीर विकृति के साथ जीवन जी रहे थे। उनकी केवल नेत्र ज्योति प्रभावित नहीं थी, बल्कि आंख की विकृत बनावट के कारण उन्हें समाज में उपहास और हीन भावना का शिकार होना पड़ता था।

वैवाहिक रिश्तों की बात चलने पर भी हमेशा आंख की विकृति आड़े आती थी और उन्हें अपमान के घूंट पीके रह जाना पड़ता था। कई लोगों के लिए आंखों की समस्या केवल एक चिकित्सकीय परेशानी


डॉ. रोहिनी गर्डे


डॉ. गोपाल पाटणकर

होती है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह जीवनभर का भावनात्मक संघर्ष बन जाती है, जो उनके आत्मविश्वास, रिश्तों और समाज में सम्मानपूर्वक जीने के अवसरों को प्रभावित करता है। रागिनी और विकास भी ऐसे ही दो व्यक्ति थे, जिन्हें हाल ही में सेवा सदन आई हॉस्पिटल में एक नई उम्मीद मिली।

यहां उपलब्ध अत्याधुनिक कृत्रिम नेत्र (प्रोस्थेटिक आई) प्रत्यारोपण से न केवल उनके चेहरे का सामान्य स्वरूप लौटाया गया, बल्कि उन्हें उनका खोया हुआ आत्मविष्वास, सम्मान और भविष्य के प्रति नई आशा भी वापस दिलाई गई। प्रारंभ में दोनों मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल में उपचार करा चुके अन्य मरीजों के परिणाम देखे, उनसे बातचीत की तथा उपचार संबंधी सभी जानकारियां प्राप्त कीं।

### डॉक्टरों से लिया विस्तार से परामर्श

इसके बाद डॉ. रोहिनी गर्डे, वरिष्ठ चिकित्सक एवं ऑक्यूलोप्लास्टी विशेषज्ञ ने उन्हें विस्तार से परामर्श दिया और आश्वस्त किया कि उपचार के बाद उनका चेहरा सामान्य दिखाई देगा तथा कोई भी आसानी से यह पहचान नहीं पाएगा कि उनकी आंख कृत्रिम है। इस भरोसे के बाद दोनों मरीजों ने उपचार कराने का निर्णय लिया। दोनों का उपचार डॉ. रोहिणी गर्डे ने जयपुर के ऑक्यूलरिस्ट गोपाल पाटनकर के सहयोग से किया। पाटनकर पिछले 7 वर्षों से सेवा सदन आई हॉस्पिटल से जुड़े हुए हैं। पाटनकर अब तक लगभग 4500 कृत्रिम नेत्र तैयार कर चुके हैं। डॉ. रोहिणी एवं गोपाल पाटणकर ने एलवी प्रसाद नेत्र संस्थान, हैदराबाद से ऑक्यूलोप्लास्टी एवं ऑक्यूलर प्रोस्थेटिक्स का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है और वे अपने क्षेत्र में अत्यंत अनुभवी हैं।

### नए जीवन की शुरुआत करने जा रहे दोनों युवा

उपचार के बाद दोनों मरीजों एवं उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। सबसे सुखद बात यह है कि जिन दोनों युवाओं को पहले विवाह के लिए कई बार अस्वीकृतियों का सामना करना पड़ा था, आज उनके विवाह तय हो गए हैं और वे अपने नए जीवन की शुरुआत करने जा रहे हैं। रागिनी और विकास की यह सफलता दर्शाती है कि आधुनिक कृत्रिम नेत्र उपचार न केवल चेहरे का स्वरूप सामान्य बनाता है, बल्कि मरीजों में आत्मविश्वास, सम्मान और बेहतर भविष्य के नये अवसर सुलभ करवाता है।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर ले रहे धर्म लाभ

# श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया जा रहा गुरु अर्जन देव का शहीदी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

पंचायती गुरुद्वारा साहिब, औबेदुल्लागंज में सिख धर्म के 5वें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी पर्व श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

स्त्री संघ की अध्यक्ष सतवंत कौर ने बताया कि 28 मई से प्रारंभ हुए कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक सुखमणि साहिब पाठ, कीर्तन-भजन, गुरु अर्जन देव जी के जीवन एवं उनके महान बलिदान पर विचार-विमर्श तथा अरदास का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत संगत के लिए सरबत (प्रसाद) का वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 17 जून तक निरंतर जारी रहेगा। शहीदी पर्व के माध्यम से गुरु अर्जन देव जी के त्याग, तपस्या, मानवता, सेवा और धर्म के प्रति समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सतवंत कौर ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर गुरु साहिब को नमन करें, धार्मिक लाभ प्राप्त करें।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम- 2026 को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन

# महापौर, आयुक्त, पार्षद होंगे लीड फेसिलिटेटर्स, 4 केटेगिरी में कचरा कलेक्शन सिस्टम को मजबूत बनाने के दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से मंगलवार को आईएसबीटी सभागार में निगम परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें महापौर, निगम आयुक्त, परिषद अध्यक्ष और पार्षद शामिल हुए। बैठक में शहर की कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान नए नियमों को लेकर प्रेजेंटेशन भी दिया गया, जिसमें कचरा संग्रहण, पृथक्करण और निस्तारण की नई व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की गई। इसके बाद हुई चर्चा में विपक्ष के पार्षदों ने नाले-नालियों व रात्रिकालीन सफाई, संसाधनों की कमी, कर्मचारियों की कमी,



निगम परिषद का विशेष सम्मेलन में चर्चा करते हुए।

पालिथीन के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का मामला उठाया और सुझाव दिए।

सम्मेलन में स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी अतुल खरे ने नए नियमों पर प्रजेंटेशन देते हुए बताया कि जिला समिति की निगरानी में काम होगा। इसके अध्यक्ष कलेक्टर होंगे और महापौर, आयुक्त, पार्षद लीड फेसिलिटेटर्स घोषित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि खुले में कचरा फेंका या जलाया तो निगम सख्ती करते हुए जुर्माना करेगा। उन्होंने 4 केटेगिरी में कचरा कलेक्शन सिस्टम को मजबूत बनाने की जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में मप्र देश के टॉप तीन राज्यों में शामिल है।

### नए नियमों पर प्रजेंटेशन देखा

**पॉलिथीन के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का मामला उठाया**

***परिषद अध्यक्ष बोले- पार्षदों के सुझावों पर होगा अमल, नए नियमों को धरातल पर पहुंचाने की सभी की जिम्मेदारी***

***महापौर बोलीं- 20 जून तक जोन समिति की बैठक बुलाएं, सभी 21 जोन के जोन अध्यक्ष, आयुक्त को सौंपी रिपोर्ट***

### विपक्षी पार्षदों ने कमियों पर उठाए सवाल

नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में सदन में मौजूद मोहम्मद सरवर, योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान, मो. रियाज, शिरीन खान, अजीजउद्दीन ने पॉलीथिन को प्रतिबंधित करने, नाले-नालों की सफाई में लापरवाही और संसाधनों की कमी की बात कही।


### पार्षदों ने अपनी पीड़ा सुनाई

पार्षद विलास राव घाड़गे ने वार्ड में कर्मचारियों की संख्या कम होने और सफाई के कामों में दिक्कत होने की बात कही। पार्षद देवांशु कंसाना ने कहा कि वार्ड की एक झुग्गी से आंधी की वजह से गिरा पेड़ छह दिन में उठा। यदि एक छोटे से काम में इतना वक्त लगेगा तो समझ सकते हैं कि काम की रफ्तार कितनी है? इससे मैं हताश हूं।

### महापौर ने रखा अपना पक्ष

महापौर मालती राय ने कहा कि रात्रिकालीन सफाई कहां होती है? ये फील्ड में जाने वाले पार्षदों को पता होता है। उन्होंने सभी 21 जोन समितियों के अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे 20 जून तक अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक आयोजित करें।

### परिषद हॉल में एसी बंद, कूलर-पंखे चले, गर्मी से हुआ बुरा हाल



निगम परिषद का विशेष सम्मेलन में उपस्थित पार्षद।

परिषद हाल में मौजूद पार्षदों सहित सभी लोग गर्मी से बेहाल दिखे। कई पार्षद तो एजेंडे की प्रति से हवा करते नजर आए।

**परिषद अध्यक्ष बोले- पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगना चाहिए**

निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि पालिथीन पर प्रतिबंध लगना चाहिए। पार्षदों के सुझावों पर अमल होगा।

### टोल फ्री नंबर जारी होना चाहिए: सूर्यवंशी

नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है। ई-वेस्ट व अन्य प्रकार का कचरा उठाने के लिए एक टोल फ्री नंबर भी उपलब्ध करना चाहिए, ताकि एक कॉल पर नगर निगम की गाड़ी संबंधित के घर पहुंचे और ई-वेस्ट व अन्य प्रकार का कचरा उठाकर निष्पादन स्थल पर पहुंचाए। सूर्यवंशी ने आसंदी से निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि वार्डों में जनसंख्या के मान से पर्याप्त सफाई मित्र तैनात करने की व्यवस्था की जाए।

---

चांदी के कड़ों की लालच में आरोपी ने दिया खौफनाक वारदात को अंजाम

## परिचित ने बुजुर्ग महिला का पहले घोंटा गला फिर काटे दोनों पैर और एक हाथ का पंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के नजीराबाद में दिल दहला देने वाली घटना से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक खौफनाक मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी परिचित ने न केवल 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की बेरहमी से हत्या की, बल्कि चांदी के कड़े चुराने के लिए कुल्हाड़ी से उसके दोनों पैर भी काटने के साथ एक हाथ पंजा भी काट दिया। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत और भारी आक्रोश का माहौल है।

पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान 60 वर्षीय बादाम बाई के रूप में हुई है, जो बैरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पथरिया की रहने वाली थी। बीती चार जून को बादाम बाई अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही एक परिचित युवक जसवंत गुर्जर वहां पहुंचा। उसने महिला को झांसा दिया कि वह उसे उसके बेटे से मिलवाने ले जा रहा है। परिचित पर भरोसा करके बुजुर्ग महिला उसकी बाइक पर बैठ गई, लेकिन उसके बाद वह कभी लौटकर वापस नहीं आई। जब काफी तलाश के बाद भी महिला का कुछ पता नहीं चला, तो परेशान परिजनों ने छह जून को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

**आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पूरे इलाके में दहशत और भारी आक्रोश का माहौल**



### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बेहद चौंकाने वाले खुलासे

पुलिस की शुरूआती तफ्तीश और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बेहद चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी जसवंत गुर्जर ने सुनसान जंगल का फायदा उठाकर पहले बादाम बाई का गला घोंटा और उन्हें मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद पैरों में पहने चांदी के कड़े निकालने के लिए उसने बेरहमी से कुल्हाड़ी से महिला के दोनों पैर काट दिए। पुलिस ने शक के आधार पर जसवंत को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### शेषापुरा के जंगल में मिला क्षत-विक्षत शव

इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा आठ जून को तब हुआ, जब खुद मुख्य आरोपी जसवंत गुर्जर ने मृतका के पति पर्वत सिंह को फोन कर जंगल में शव होने की बात कही। सूचना मिलते ही जब पति अपने बेटे के साथ नजीराबाद के शेषापुरा जंगल में पहुंचा, तो वहां का नजारा देखकर उनकी रूह कांप गई। एक महुए के पेड़ के नीचे महिला का नग्न शव पड़ा हुआ था। शव करीब चार से पांच पुराना होने के कारण बुरी तरह सड़ चुका था और उसमें कीड़े पड़ चुके थे। सबसे खौफनाक बात यह थी कि महिला के दोनों पैर टखनों के पास से कटे हुए थे और एक हाथ का पंजा भी गायब था। महिला के पैरों से चांदी के भारी कड़े गायब थे, जिससे पुलिस को पहली नजर में ही लूट के लिए हत्या का अंदेशा हो गया।

---

रोड चौड़ीकरण के दायरे से तोड़े गए मकान और दुकानों के पीड़ितों ने सुनाया दर्द

## इंद्रपुरी लेबर कॉलोनी के बेघर हुए लोगों ने आईएसबीटी मुख्यालय के बाहर दिया धरना, कार्रवाई का किया विरोध

**कांग्रेस पार्षद भी प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे, सुनी समस्याएं, महापौर को दिया ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नगर निगम के आईएसबीटी स्थित मुख्यालय में मंगलवार को जहां परिषद हाल में बैठक चल रही थी तो वहीं परिसर में इंद्रपुरी लेबर कॉलोनी के रहवासी मकान और दुकान तोड़े जाने के विरोध में धरने पर बैठ गए। पीडित परिवारों ने अपनी पीढा सुनाई और कार्रवाई का विरोध किया। परिषद हाल में विशेष सम्मेलन खत्म होने के बाद कई कांग्रेस के पार्षद भी प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे और उनकी समस्या सुनने के बाद महापौर को उचित कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। पार्षद जीत राजपूत के नेतृत्व में आईएसबीटी के मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया।

पीडित परिवारों का कहना था कि उनके पास सरकारी पट्टे हैं और वे पिछले 40 सालों से वहां रह रहे थे। प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि मकान हटाने से पहले उन्हें वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शुक्रवार को उनके घर और दुकानें तोड़ दी गईं। पीडितों ने बताया कि कार्रवाई में 55 मकान और 70 दुकानें तोड़े जाने से 300 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं।




रोड चौड़ीकरण कार्य में विस्थापित किए गए लोगों का धरना-प्रदर्शन।

### कांग्रेस पार्षद को सुनाई अपनी पीड़ा

परिषद की बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस पार्षद मो सरवर प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे। उन्हें पीडिता ज्योति यादव ने बताया कि घर टूटने के बाद पूरा परिवार बेघर हो गया है। मेरे पति बीमार हैं और छोटी बेटी की जिम्मेदारी भी है। ऐसे में उनका मकान तोड दिया गया। रहने की कोई व्यवस्था नहीं की।

**खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर, कहां जाएं!**

पीडित सरोज मेहरा ने बताया कि उनका घर और दुकान दोनों तोड दिए। दुकान से ही परिवार का गुजारा होता था। अधिकारियों ने पहले भरोसा दिलाया था कि दुकान के बदले दुकान और घर के बदले घर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब हम खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं। अब कहां जाएं!

---

## सार्वजनिक यात्री बसों के किराया निर्धारण के लिए आगामी सप्ताह में होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

परिवहन विभाग आगामी सप्ताह में सार्वजनिक बसों के किराया निर्धारण के लिए किराया निर्धारण समिति की बैठक आयोजित करने जा रहा है। इस बैठक में बस किराए से सम्बंधित प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया जाएगा। आगामी बैठक को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए दो बस ऑपरेटर प्रतिनिधियों को बैठक में शामिल किया जाएगा। वर्ष 2010 में गठित इस स्थाई समिति में प्रमुख सचिव (परिवहन), आर्थिक सलाहकार वित्त, आयुक्त वाणिज्यिक कर और परिवहन आयुक्त, आयुक्त भोपाल संभाग, प्रबंध संचालक राज्य परिवहन उपक्रम और परिवहन आयुक्त की ओर से नामांकित दो बस ऑपरेटर प्रतिनिधि शामिल हैं।

## जोन कार्यालयों में 12 जून से जनकल्याणकारी शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नगर निगम के 21 जोन कार्यालयों में 12, 15 और 16 जून को जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन निगम मुख्यालय अटल भवन में होगा। यह शिविर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों पर आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को अवगत कराना है। इसमें आम लोगों की समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा।

---

सुभाष नगर से एम्स तक आठ स्टेशनों पर लगना हैं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

## मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर बने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का काम अधूरा



मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर बने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का काम अधूरा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हरिभूमि पड़ताल

शहर में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर बने स्टेशनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। सुभाष नगर से एम्स अस्पताल तक के आठ मेट्रो स्टेशनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर केवल पाइपलाइन बिछाने का काम हुआ है, जबकि जल संग्रहण और भू-जल पुनर्भरण (ग्राउंड वाटर रिचार्ज) से जुड़ी संरचनाएं अभी अधूरी हैं।

दरअसल इस सिस्टम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में छत या प्लेटफॉर्म पर गिरने वाला बारिश का पानी डाउन टेक पाइप के माध्यम से फिल्टर यूनिट और रिचार्ज पिट तक पहुंचाया जाता है। मेट्रो स्टेशनों पर भी इसी मॉडल के तहत व्यवस्था विकसित की जा रही है। हालांकि कई स्टेशनों पर पाइपलाइन खुले रूप है और उन्हें अंतिम संरचना से नहीं जोड़ा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार मेट्रो स्टेशन बड़े कांक्रीट ढांचे होते हैं, जहां बारिश के पानी का बहाव काफी अधिक मात्रा में होता है। यदि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम समय पर तैयार हो जाए तो हजारों लीटर पानी को भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसके विपरीत अधूरी व्यवस्था होने पर वर्षा जल सीधे ड्रेनेज सिस्टम में चला जाएगा, जिससे जल संरक्षण का उद्देश्य प्रभावित होगा।

**भूजल स्तर बढ़ाने के लिए किया जा सकता है उपयोग**

प्रायोरिटी कॉरिडोर के सभी आठ स्टेशनों पर रिचार्ज पिट, फिल्ट्रेशन चैंबर और पाइप नेटवर्क विकसित किए जाने हैं। परियोजना का उद्देश्य मेट्रो परिसरों को पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ बनाना तथा भू-जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस संबंध में मेट्रो प्रशासन का कहना है कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जा चुका है। स्ट्रक्चर पूरी तरह से तैयार है। केवल कनेक्टिविटी का काम बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

---

**छुट्टी बिताकर परिजनों सहित लौट रहे बच्चे**

## समर सीजन: वापसी के चलते ट्रेनों में नो-रूम के बने हालात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

समर सीजन की छुट्टी समाप्त होने को है, 15 से 23 जून तक अधिकांश स्कूलों में नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होने जा रही है। इसको लेकर अब सिर्फ पांच दिन ही बचे है। इसके चलते छुट्टी बिताकर अब बच्चे व परिजन वापिस अपने वापसी लौट रहे है। इसके चलते इन दिनों ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ देखने को मिल रही है। तो वहीं आरक्षण केन्द्रों में टिकट बुकिंग कराने वालों की भीड़ देखी जा रही है। इससे ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट लगातार बढ़ती जा रही है। ज्यादातर ट्रेनों की स्लीपर क्लास की प्रतीक्षा सूची 80 से अधिक पहुंच गई है। जिससे यात्रियों को ट्रेन में सफर को लेकर परेशान होना पड़ रहा है। हालाकि रेलवे की ओर से समर सीजन में कई रूटों पर स्पेशल ट्रेन ने चलाई थी। जिनके रेलवे की ओर से लगातार फेरे बढ़ा जा रहे है। इसके बाद भी अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग आ रही है। सबसे अधिक नियमित ट्रेनों में हालत खराब है।

**ज्यादातर ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची पहुंची 80 से अधिक**



### 12 से 20 जून तक सीटों की स्थिति

**भोपाल से मुंबई के बीच ट्रेनों की स्थिति**

| ट्रेन | स्लीपर | एसी 3 |
|---|---|---|
| पुष्पक एक्सप्रेस | 60-80 | 15 |
| पंजाब मेल | 45-62 | 14-26 |
| मंगला लक्षद्वीप | 41-68 | 22-30 |
| झेलम एक्सप्रेस | 56-70 | 22- 35 |
| गोवा एक्सप्रेस | 46-60 | 28-32 |
| मालवा एक्सप्रेस | 52-70 | 25-39 |
| दक्षिण एक्सप्रेस | 39-56 | 21- 37 |
| कर्नाटका संपर्क क्रांति | 51-60 | 22-25 |

### ट्रेनों में भीड़, कन्फर्म सीट तक पहुंचने में छूटा पसीना

गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ के चलते भोपाल रेल मंडलसे गुजरने वाली कई ट्रेनों के आरक्षित कोच भी जनरल की तरह भीड़ नजर आ रही है। ऐसे में कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को सीट तक पहुंचने में परेशानी हुई। रेलवे ने शिकायतों पर कार्रवाई करने का दावा किया है। रेलवे ने इस बार गर्मियों की छुट्टियों के लिए 1400 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं।

## खबर संक्षेप

### एनसीआईएसएम फैकल्टी, रिसर्चर का करेगा सम्मान

**भोपाल।** आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी, सोवा-रिग्पा (एएसयूएस) मेडिकल कॉलेजों में काम कर रहे टीचिंग फैकल्टीज व अध्ययनरत यूजी-पीजी छात्रों की शैक्षणिक, अनुसंधात्मक रिसर्च व राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों, नवाचार, गतिविधियों को अब भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) न सिर्फ सराहना करेगा बल्कि उपलब्धियों की छान-बीन कर प्रमाणिकता के साथ सम्मानित भी करेगा। मरीजों के हित में किए गए कार्य, मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसारित कार्य अथवा अन्य पुरस्कृत कार्य भी शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में मेंबर बोर्ड ऑफ आयुर्वेद एनसीआईएसएम आयुष मंत्रालय भारत सरकार के डॉ अतुल बी वार्ष्णेय ने मध्यप्रदेश समेत देशभर के समस्त राज्यों में संचालित एएसयूएस आयुष कॉलेजों को सर्कुलर पत्र जारी कर दिया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने एनसीआईएसएम आयुष मंत्रालय भारत सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए फैकल्टीज, रिसर्चर व छात्रों के हितार्थ बताया। निश्चित रूप से अब एक ही मंच के माध्यम से आयुष में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित होंगे। जिनकी ख्याति राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित होगी।

### रियल-टाइम ई-अटेंडेंस से स्कूल शिक्षा विभाग ने बढ़ाई पारदर्शिता

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकसित हमारे शिक्षक एप प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और तकनीक-सक्षम बना रहा है। एप के माध्यम से संचालित रियल-टाइम ई-अटेंडेंस प्रणाली एजुकेशन पोर्टल 3.0 से एकीकृत है, जिससे उपस्थिति संबंधी जानकारी तत्काल उपलब्ध होती है और प्रशासनिक निगरानी अधिक प्रभावी बनती है। विभाग की यह पहल पारदर्शिता, जवाबदेही, प्रशासनिक दक्षता तथा डेटा आधारित प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तकनीकी नवाचार के माध्यम से विभाग शिक्षा प्रशासन को अधिक उत्तरदायी, प्रभावी एवं आधुनिक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। ई-अटेंडेंस प्रणाली में एआई आधारित तकनीक का उपयोग किया गया है, जिसके तहत कर्मचारी को उपस्थिति दर्ज करते समय पलक झपकाने अथवा मुस्कुराने जैसी लाइव गतिविधि करनी होती है। इससे प्रॉक्सी अथवा फर्जी उपस्थिति की संभावना समाप्त होती है और यह सुनिश्चित होता है कि उपस्थिति वास्तविक व्यक्ति द्वारा ही दर्ज की गई है।

### शालिनी फाउंडेशन ने महिलाओं को वितरित किए सैनिटरी पैड्स



**भोपाल।** मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर शालिनी फाउंडेशन ने यूनिचार्म इंडिया के सहयोग से रामेश्वर नगर, बुधाखेड़ा, बैरागढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य और सम्मान के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर शालिनी फाउंडेशन की सचिव सोनू विश्वकर्मा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सैनिटरी पैड वितरित किए तथा मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इससे जुड़े सामाजिक मिथकों एवं झिझक को समाप्त करना समय की आवश्यकता है। फाउंडेशन ने समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## अमरनाथ यात्राः श्रद्धालुओं को परोसा जाएगा फुल्का तंदूरी, मिस्सी व मक्के की रोटी सहित पौष्टिक भोजन

**भोपाल की संस्थाएं लंगरों में भेजेंगी खाद्य सामग्री, 12 हजार से अधिक हुए रजिस्ट्रेशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



फाइल फोटो।



फाइल फोटो।

अमरनाथ यात्रा शुरू होने में अब मात्र 20 दिन ही शेष रह गए हैं। राजधानी भोपाल में अमरनाथ यात्रा पर जाने को लेकर अभी तक करीब 12 हजार से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया लिया है। तो वहीं श्राइन बोर्ड ने लंगरों के लिए खाद्य दिशा-निर्देश जारी किए हैं। केवल हल्का और पौष्टिक भोजन ही परोसा जाएगा। पहलगाम और बालटाल मार्ग पर हर वर्ष 100 से अधिक लंगर लगाए जाते हैं। उनमें दिल्ली, पंजाब और हरियाणा की संस्थाओं के साथ भोपाल की कई संस्थाएं भी सेवा देती हैं। मंडलों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लंगरों में दाल, चावल, खिचड़ी, हरी सब्जियां, सलाद, अंकुरित अनाज, रोटी, फुल्का, तंदूरी रोटी, मिस्सी रोटी, मक्के की रोटी, इडली, उत्तम, पोहा, सांभर, वेजिटेबल सैंडविच, सूखे मेवे, चना, गुड़, मुरमुरा, मखाना, कम फैट वाला दूध, दही, सूप, हर्बल चाय, फलों का रस, नींबू पानी आदि बांट सकेंगे। बताया जा रहा है कि भोपाल और उसके पास ग्रामीण अंचलों के ऑफलाइन व ऑनलाइन लगभग 12 हजार पंजीयन हो चुके हैं। जुलाई तक पंजीयन फुल हो चुके हैं। बता दें कि इस बार यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी, जो 57 दिनों की रहेगी। बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए भोपाल से पहला जत्था 30 जून को रवाना होगा। इसमें करीबन 300 से अधिक श्रद्धालु शामिल रहेंगे। इसी तरह मंडल की ओर कुल 15 जत्थे अलग-अलग तारीखों में अमरनाथ यात्रा पर रवाना होंगे। ऊं शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं के लिए लंगर का इंतजाम किया गया है।

### कच्चा अनाज व फलाहारी सामग्री भेजेंगे

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि उनके मंडल के कई जत्थे अलग-अलग तारीखों में रवाना होंगे। सभी जत्थों के साथ कच्चा अनाज व फलाहारी सामग्री भेजी जाएगी। वे वहां लंगरों में कुछ आर्थिक सहयोग भी करेंगे। लालघाटी के शिव शक्ति सेवा मंडल के राकेश रायकवार की टीम भी अपने साथ खाद्य सामग्री लेकर जाएगी। जिसे लंगर में जाकर श्रद्धालुओं को वितरित की जाएगी। हरि ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के प्रमुख शरद जैन भोले ने बताया कि उनकी संस्था करीब दो क्विंटल साबूदाने का फलाहारी चिवड़ा, डेढ़ क्विंटल पोहा, बिस्कुट लेकर जाएगी। यह सामग्री श्रद्धालुओं को वितरित की जाएगी।

### ठहरने की व्यवस्था

बालटाल, पंथाचौक (श्रीनगर), नुनवान और चंदरकोट में यात्री निवास की सुविधा भी उपलब्ध है। वहीं जम्मू का यात्री निवास में भी श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। हमेशा की तरह यात्री निवास भगवती नगर से श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना किया जाएगा।

### पिछले साल 38 दिन यात्रा रही

पिछले साल यात्रा तीन जुलाई को शुरू होकर 9 अगस्त 2025 को संपन्न हुई थी। यात्रा की अवधि 38 दिन की थी। रिंकू भटेजा का कहना है कि हम बाबा अमरनाथ की 57 दिन की यात्रा का स्वागत करते है लेकिन अगर पिछले आठ दस साल की यात्रा पर नजर डाली जाए तो पता चलता है कि पहले बीस पच्चीस दिन अधिक यात्री आते हैं। उसके बाद कमी आ जाती है।

## पुराने शहर की उत्तर से नरेला विधानसभा में शिफ्ट की राशन दुकानें

## 10 हजार बीपीएल परिवारों से जुड़ी दो पीडीएस दुकानें दूसरे वार्डों में शिफ्ट, भटकेंगे लाभार्थी

**फूड कंट्रोलर, उप पंजीयक और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की मिलीभगत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के इमामी गेट और रायल मार्केट क्षेत्र की दो पीडीएस दुकानों को करोंद क्षेत्र में शिफ्ट कर दिया गया है। जिससे वार्ड सात और आठ के बीपीएल परिवारों को राशन लेने की दिक्कत बढ़ गई है। दोनों पीडीएस दुकानों से करीब 10 हजार 900 बीपीएल परिवार जुड़े हैं। इधर दोनों दुकानों को वार्ड-76 और 77 में शिफ्ट किया गया है, जबकि इस क्षेत्र में पहले से बीपीएल दुकानें चलाई जा रही हैं।

दोनों दुकानों की शिफ्टिंग को लेकर तत्कालीन जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर, उप पंजीयक आरएस विश्वकर्मा और छविकांत बाघमारे सहित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल की मिलीभगत सामने आई है। राजधानी की नगर निगम सीमा में वार्ड स्तर पर पीडीएस दुकानों का आवंटन किया गया है। यहां तीन सौ से अधिक पीडीएस दुकानों से करीब तीन लाख परिवारों को प्रति माह राशन बांटा जाता है। एक साल पहले तत्कालीन जिला आपूर्ति नियंत्रक ने उप पंजीयक और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की मिलीभगत से वार्ड-7 और आठ की आशा महिला और महावीर उपभोक्ता भंडार को पीरगेट और इमामी गेट से करोंद क्षेत्र में शिफ्ट कर दिया गया।



पीडीएस की दुकान।

### शिकायत के आधार पर की जा रही शिफ्टिंग

इसकी वजह से इन क्षेत्रों में रहने वाले बीपीएल परिवारों को दूसरी पीडीएस दुकानों पर जाकर राशन लेना पड़ रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि शिकायत के आधार पर दुकान नंबर पंद्रह और 39 की शिफ्टिंग को लेकर जांच कराई जा रही है।

### पीडीएस माफिया ने कराई हेरफेर

राजधानी में भले ही पीडीएस दुकानों को कागजों में महिला संस्थाओं को आवंटित की गई हैं, लेकिन हकीकत में यहां चुनिंदा पीडीएस माफिया दुकानें चला रहे हैं। करोंद क्षेत्र में एक व्यक्ति पांच पीडीएस दुकानों का संचालन कर रहा है, इसी तरह छोला इलाके में एक व्यक्ति के पास चार दुकानें हैं। इसी तरह ऐशबाग, जहांगीराबाद और बुधवारा और नारियलखेड़ा इलाके में एक व्यक्ति ने पांच से दस दुकानें तक ले रखी हैं। यहां दुकानों को मोटी राशि से खरीदा और बेचा जाता है

### जेएसओ के प्रतिवेदन पर दुकानें ट्रांसफर

एक साल पहले कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (जेएसओ) पुष्पराज पाटिल के प्रतिवेदन के बाद उप पंजीयक आरएस विश्वकर्मा और छविकांत बाघमारे ने दुकानों को ट्रांसफर करने की सहमति दे दी। जिसके बाद तत्कालीन जिला आपूर्ति नियंत्रक ने दुकानों को शिफ्ट करने के आदेश जारी कर दिए। दुकानों को गलत तरीके से ट्रांसफर करने के मामले में शिकायत सामने आने के बाद अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने बैरागढ़ तहसीलदार, एएसओ और सहकारिता निरीक्षक के साथ तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। टीम इन दुकानों की शिफ्टिंग की रिपोर्ट देगी।

### कल्हार-बरेठ गंजबासौदा रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली चालू

**हरिभूमि न्यूज,भोपाल** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के कल्हार-बरेठ-गंजबासौदा रेलखंड पर आधुनिक ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का मंगलवार को शुभारंभ किया गया है। यह करीब 19.57 किलोमीटर लंबे इस खंड में अत्याधुनिक ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित की गई है। इस प्रणाली के माध्यम से ब्लॉक सेक्शन में ट्रेनों का संचालन अधिक सुरक्षित, तेज और कुशलतापूर्वक किया जा सकेगा। संपूर्ण व्यवस्था का नियंत्रण सीमेंस इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली द्वारा किया जाता है तथा इसकी निगरानी स्टेशन मास्टर कक्ष में स्थापित वीडियो डिस्प्ले यूनिट के माध्यम से की जाती है।

## विनियमितीकरण के प्रमाण-पत्र सौंपे

## कोलार नगर पालिका के निगम में विलय के 10 साल बाद विनियमित हुए 114 दैनिक वेतन भोगी



प्रमाण-पत्र सौंपती महापौर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में 114 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मंगलवार को विनियमित कर्मचारी हो गए। निगम मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर मालती राय ने उक्त कर्मचारियों को विनियमितीकरण के प्रमाण पत्र दिए। वर्ष 2006 से 2016 तक तत्कालीन कोलार नगर पालिका में कार्यरत रहे तथा नगर पालिका के भोपाल नगर निगम में विलय के 10 साल बाद से लगातार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में सेवाएं दे रहे थे।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि इस निर्णय से कर्मचारियों को सेवा में स्थायित्व, आर्थिक सुरक्षा और भविष्य के प्रति भरोसा मिलेगा। लंबे समय से निगम की विभिन्न व्यवस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के योगदान को देखते हुए उन्हें यह लाभ प्रदान किया गया है। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे उनके जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।

**महापौर, नगर निगम के अफसर रहे मौजूद**

इस अवसर पर सभी लाभार्थी कर्मचारियों को नई शुरुआत और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, जोन अध्यक्ष बृजुला सचान, जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, अपर आयुक्त वरुण अवस्थी, उपायुक्त चंचलेश गिरहरे सहित निगम के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की बैठक

## जापान सहित भारत के संबंधों वाले देशों की भाषाएं सीखेंगे विद्यार्थी



बैठक में चर्चा करते हुए शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंगलवार को भोपाल स्थित मंत्रालय में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की सामान्य परिषद की बैठक हुई। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने संस्थान के शैक्षणिक, शोध, छात्र कल्याण एवं अधोसंरचनात्मक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जापान सहित भारत के सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों वाले देशों की भाषाओं के प्रशिक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने संस्थान को इस दिशा में नवाचारपूर्ण पहल करने के निर्देश दिए। मंत्री परमार ने छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए परिसर में सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं के लिए स्वच्छ, आधुनिक एवं पर्याप्त शौचालय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया तथा कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित और सुविधायुक्त परिसर भी उतना ही आवश्यक है। मंत्री ने संस्थान परिसर में वृहद स्तर पर नीम, बरगद, पीपल, जामुन एवं आम जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्णवृक्षों के रोपण के निर्देश दिए। मंत्री परमार ने संस्थान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत शोधपत्रों के संकलन एवं संस्थान के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन का विमोचन भी किया। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग अनुपम राजन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

**विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों के अनुरूप तैयार करने की दिशा में कार्य करें**

बैठक में उच्च स्तरीय शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फोरियर इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोप उपकरण के क्रय के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। बैठक में संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल द्वारा सामान्य परिषद को अवगत कराया गया कि वर्ष 2026 में भारतीय वाणिज्य परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन भोपाल में संस्थान द्वारा सेज विवि के सहयोग से आयोजित होगा।

## पर्यावरण के प्रति प्रेरित करना उद्देश्य

## निटरः मिशन लाइफ पर जागरुकता फिल्म बनी, जन जन तक पहुंचेगा संदेश

**मिशन लाइफ भारत के नेतृत्व में संचालित एक वैश्विक जन-आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल मिशन लाइफ पर राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर (निटर) ने लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायमेंट पर आधारित एक जागरुकता फिल्म का निर्माण किया है। यह फिल्म पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने तथा समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करती है। मिशन लाइफ भारत के नेतृत्व में संचालित एक वैश्विक जन-आंदोलन है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह पहल बिना सोचे-समझे और विनाशकारी उपभोग, की आदतों को छोड़कर पर्यावरण-सचेत और जिम्मेदार उपभोग को बढ़ावा देती है। निटर के निदेशक डॉ. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि मिशन लाइफ केवल पर्यावरण संरक्षण का अभियान नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को प्रकृति के साथ संतुलित और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है।

## तुलसी टॉवर के पास बिना हवा चले गिरा पेड़...



**भोपाल।** राजधानी के जयप्रकाश अस्पताल के पास तुलसी टॉवर क्षेत्र में शाम 5.30 बजे वहां से गुजर रहे लोग तब मुश्किल में पड़ गए जब यहां एक विशाल पेड़ की बड़ी शाखा बिना हवा चले बीच रोड पर गिर गई। इससे रास्ता जाम हो गयाा और लोगों को काफी परेशान होते हुए चक्कर लगाकर जाना पड़ा।

## टीला जमालपुरा में हनुमान जी का तिरंगा स्वरूप में अद्भुत श्रृंगार

## ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को मंदिरों में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्येष्ठ माह के बड़े (बुढ़वा) मंगलवार को भोपाल शहर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा पाठ कर बजरंगबाण, हनुमान चालीसा और हनुमान बाहुक व सुंदरकांड के पाठ किए गए। इस अवसर पर हनुमान जी के दरबार में 151 दीप प्रज्वलित किए गए। भक्तों ने राम रक्षा स्त्रोत का पाठ किया। वहीं शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल के द्वारा ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार को शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा में एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। दरअसल यहां पर राम भक्त हनुमान का श्रृंगार तिरंगे के रंग में किया गया। इस दौरान 14 जून को महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम का पाकिस्तान के साथ होने वाले मैच में जीत को लेकर प्रार्थना की गई। इस मौके पर मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। लोगों ने दर्शन कर जय श्रीराम के जयकारे लगाए। संस्था अध्यक्ष पं. श्री हरि जोशी द्वारा बताया गया की सुबह हनुमान जी महाराज को चोला अर्पण कर श्रृंगार किया। उसके बाद महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। हनुमान महाराज के जय जयकार लगाकर सब नें हनुमान महाराज से भारतीय महिला टीम की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।



हनुमानजी का अद्भुत श्रृंगार।

मंगलवार को सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने बजरंगबली को चोला चढ़ाया और मगद व बूंदी के लड्डुओं का भोग लगाया। कई लोगों ने दान-पुण्य भी किया। गुफा मंदिर में बूढ़ा हनुमान नाम से स्थापित प्राचीन हनुमान प्रतिमा का श्रृंगार व विशेष पूजा,आरती की गई। मां चामुंडा दरबार पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि ज्येष्ठ महीने का बड़ा मंगल मनाया गया। यह भक्तों के बीच बहुत ज्यादा महत्व है। इसे बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है। इस दिन भक्त भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना करते हैं और कठिन उपवास रखा। राजधानी के खेड़ापति हनुमान मंदिर, खटलापुरा हनुमान मंदिर, और अर्जी वाले हनुमान मंदिर (नेहरू नगर) 1100 क्वार्टर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगने लगी थी। भक्तों ने भगवान के दर्शन कर पूजन पाठ किए। तो वहीं हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं। उन्हें लाल चोला, लड्डू, तुलसी दल और लाल फूल चढ़ाएं।

## रवींद्र भवन में हम थियेटर ग्रुप का नाट्य महोत्सव का दूसरा दिन किया नाटक का मंचन

# ‘गुड़िया की शादी’ में चमका रंग-भेद का सच: काले रंग से उजला था जिसका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम थियेटर ग्रुप द्वारा रवींद्र भवन में आयोजित 22वें स्मरण हबीब रंग आलाप नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन समता सागर लिखित और संजय श्रीवास्तव निर्देशित नाटक ‘गुड़िया की शादी’ का मंचन हुआ। रंग-भेद, दहेज और बेटी एक बोझ जैसी कुरीतियों को बुंदेलखंडी कस्बे की पृष्ठभूमि में रखकर कहता यह नाटक दर्शकों को रुलाता भी है और सोचने पर मजबूर भी करता है। यह नाटक चीखकर नहीं कहता, धीरे से पूछता है सुंदरता रंग में होती है या मन में?

स्मरण हबीब रंग आलाप के दूसरे दिन बुंदेलखंडी कस्बे की बेटी ने जीता दिल


नाटक ‘गुड़िया की शादी’ का मंचन करते कलाकार।

### कहानी: काला रंग, उजला मन

नाटक बुंदेलखंड के एक निम्न मध्यमवर्गीय परिवार की गुड़िया बिटिया की कहानी है। सांवले रंग की वजह से गुड़िया घर-बाहर हर जगह ताने सुनती है, पर उसकी सोच इतनी सकारात्मक है कि नकारात्मक बातों का उस पर असर नहीं होता। वो विपरीत हालात में भी सहज होकर जीवन का आनंद लेना चाहती है। बड़ी मुश्किल से गुड़िया की शादी का शुभ अवसर आता है, लेकिन शादी से एक दिन पहले उसके साथ ऐसा कुछ घटता है कि वो और कुरूप लगने लगती है। घर भर में हड़कंप मच जाता है, अब शादी कैसे होगी? ऐसे गंभीर हालात में गुड़िया की भाभी मोर्चा संभालती है, जो खुद मुंबई भागने का कलंक झेल चुकी है।

### मंच पर बिखरे जीवन-दर्शन

निर्देशक संजय श्रीवास्तव ने गुड़िया को सिर्फ ‘पीड़िता’ नहीं बनाया। उसकी मासूमियत भरी सहज बातों में जीवन-दर्शन की झलक है। जो भी सदस्य गुड़िया के संपर्क में आता है, उसकी कुंठा और मन की पीड़ा उजागर हो जाती है। गुड़िया का संवाद रंग काला सही, मन तो उजला है ना... सीधे दर्शक के दिल में उतरता है।

---

## महुआ महोत्सव के चौथे दिन जनजातीय लोक नृत्यों की मन भावन प्रस्तुति

# सिंग्गी छाम नृत्य में दिखा ‘हिम शेर’ तो ‘रणपा’ में दिखा छह फीट लंबे बांस पर संतुलन

त्रिपुरा के रोसेन देबबर्मा एवं साथियों ने पारंपरिक मोसाक सुरमनि नृत्य की दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में आयोजित महुआ महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को सम्प्रिया पूजा एवं साथी, दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने पंडवानी गायन के माध्यम से महाभारत के गीता उपदेश की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। वहीं, त्रिपुरा के रोसेन देबबर्मा एवं साथियों ने पारंपरिक मोसाक सुरमनि नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें त्रिपुरी समुदाय की प्राचीन शिकार परंपरा को लयबद्ध मुद्राओं, हाव-भाव और लोक धुनों के साथ आकर्षक ढंग से दर्शाया गया, जिसे वहां उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद अन्य लोगों ने प्रस्तुति दी।

पूजा ने पंडवानी से दी गीता उपदेश की प्रस्तुति


महुआ महोत्सव में लोक नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

### महूरी की ताल पर कलाबाजी..

*इसके बाद निरंजन साहू एवं साथी-उड़ीसा द्वारा पारंपरिक लोक और मार्शल नृत्य रणपा की प्रस्तुति दी। इसमें नर्तक लगभग छह फीट ऊंचे बांस के डंडों पर संतुलन बनाते हुए, ढोल और महूरी की ताल पर कलाबाजी और नृत्य करते हैं।*

### मिजोरम का खास चैराव बैम्बू नृत्य

इसके बाद नन्दा कुमार क्षेत्रीय एवं साथी-सिक्किम द्वारा सिंग्गी छाम नृत्य की प्रस्तुति दी। सिंग्गी छाम नृत्य पौराणिक ‘हिम शेर’ को समर्पित है, जिसे तिब्बती और सिक्किम संस्कृति में साहस, शक्ति, निर्भीकता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। वहीं जुलियट लालियंटलुआंगी एवं साथी-मिजोरम द्वारा चैराव बैम्बू नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसमें 6 से 8 नर्तक, पुरुष और महिला दोनों छड़ियों को पकड़कर एक निश्चित लय में उन्हें आपस में टकराते हैं।


चैराव बैम्बू नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।



सिंग्गी छाम नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

### होली और शीतला सप्तमी पर किया जाता आंगी नृत्य

डूगरचंद एवं साथी, राजस्थान द्वारा आंगी नृत्य प्रस्तुति किया। होली और शीतला सप्तमी के अवसर पर किया जाने वाला यह नृत्य विशेषकर बाड़मेर और मारवाड़ का एक पारंपरिक और प्रसिद्ध लोक नृत्य है।

---

## मांदर की थाप पर जागा बिरसा का जुनून

# शहीद भवन में निमाड़ी लोकगीतों की मिठास में शहादत की गूंज...


शहीद भवन में लोक गीतों की प्रस्तुति देते लोक गायक ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जंगल, जल और जमीन की पीड़ा जब सुरों में ढली, तो शहीद भवन की हर दीवार भावनाओं से भर उठी। गरवी नको रखवालो नाम वको टंट्या जैसे लोकस्वरों ने इतिहास को फिर जीवंत किया,और बड़ी मुश्किल से मिली आजादीकी पंक्तियों ने आज के समाज को भी आईना दिखा दिया। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला मंगलवार की शाम शहीद भवन सभागार में। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा अमर शहीद बिरसा मुण्डा के बलिदान दिवस पर आयोजित स्मरणोत्सव में अमर शहीद बिरसा मुण्डा के बलिदान दिवस पर लोक गीतों का आयोजन किया गया। जिसमें खरगौन के सुप्रसिद्ध निमाड़ी लोक गायक शिव भाई गुप्ता द्वारा निमाड़ी लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई।

### इन गीतों ने बांधा समां

*शिव भाई गुप्ता एवं सह कलाकारों द्वारा कलिमल हरणी मंगल करणी, बिरसा मुंडा क्रांतिकारी आजादी का लेन, रनुबाई पाणी क जाये, म्हारा बिरसा मुंडाजी माता भारती... जैसे अनेक कर्णप्रिय लोकगीत गाकर सभागार में उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।*

---

## भेल क्षेत्र के जंबूरी मैदान में मंचित किया लघु नाटक

# बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन और जनआंदोलन को दर्शाता नाटक ‘उलगुलान’


जंबूरी मैदान के पास लघु नाटक की प्रस्तुते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अबुआ दिसुम, अबुआ राज (हमारा देश, हमारा राज).... यह नारा आज भी आत्मसम्मान, स्वाधिकार और जनचेतना का प्रतीक बना हुआ है। इसी अमर चेतना, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन करता हुआ नाटक ‘उलगुलान’ का मंचन मंगलवार शाम भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मंचित हुआ। रामकृष्ण रिपर्टार कल्चरल एंड सोशल सोसायटी द्वारा थनल एनजीओ कोचिंग सेंटर, भेल क्षेत्र के जंबूरी मैदान में मंचित इस नाटक में निर्देशन विशाल चतुर्वेदी का रहा।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दिया संदेश

*इस लघु नाटक के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, स्वाभिमान, आदिवासी अधिकारों और अंग्रेजों के खिलाफ उनके आंदोलन को प्रस्तुत किया गया। उलगुलान, का अर्थ विद्रोह या क्रांति होता है, जो बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन और जनआंदोलन को दर्शाता है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को एकता, संघर्ष और स्वाभिमान का संदेश दिया जाएगा।*

---

## लोगों ने लिया शुक्र-बृहस्पति युति का अनुभव

# आकाश में दिखी अद्भुत ग्रहों की जुगलबंदी.....


दूरबीन से खगोलीय घटना देखते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार की शाम भोपाल का आसमान उस समय खास बन गया, जब आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल द्वारा आयोजित शुक्र-बृहस्पति युति अवलोकन कार्यक्रम में लोगों ने खगोलीय दुनिया के दुर्लभ और मनमोहक दृश्य का अनुभव किया। विज्ञान, रोमांच और प्रकृति के अद्भुत संगम ने इस शाम को सभी के लिए यादगार बना दिया। सायंकालीन आकाश में शुक्र और बृहस्पति ग्रह बेहद करीब दिखाई दिए, जिसे देखकर उपस्थित दर्शक रोमांचित हो उठे। आंचलिक विज्ञान केन्द्र में स्थापित अत्याधुनिक दूरबीनों के माध्यम से प्रतिभागियों ने दोनों ग्रहों को देखा और इस दुर्लभ खगोलीय घटना का आनंद लिया।

**युति की वैज्ञानिक अवधारणा की दो जानकारी:** कार्यक्रम के दौरान विज्ञान संचारकों ने सरल और रोचक अंदाज में ग्रहों की विशेषताओं, युति की वैज्ञानिक अवधारणा और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े कई दिलचस्प तथ्यों की जानकारी दी।

### बच्चों ने देखा शुक्र और बृहस्पति का महामिलन



मंगलवार शाम पश्चिमी आकाश में खगोल विज्ञान का एक बेहद दुर्लभ नजारा देखने को मिला, जब सौरमंडल के दो सबसे चमकीले ग्रह शुक्र और बृहस्पति एक-दूसरे के बेहद करीब आकर टेलीस्कोप के एक ही फ्रेम में समा गए। खगोलीय घटना को बच्चों तक पहुंचाने के लिए नेशनल अवॉर्ड प्राप्त खगोल विज्ञान प्रसारक सारिका घारू द्वारा एक विशेष स्टारगेजिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अत्याधुनिक 10-इंच न्यूटोनियन रिफ्लेक्टर टेलिस्कोप की मदद से बच्चों को एक ही फ्रेम में दोनो ग्रहों का कंजक्शन दिखाया गया ।

---

नाटक ‘मोबाइल का जाल, जी का जंजाल’ का होगा मंचन

# मानव संग्रहालय में 30 दिवसीय प्रोडक्शन ओरिएंटेड चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप का आज होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित 30 दिवसीय प्रोडक्शन ओरिएंटेड चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप का समापन 10 जून को विशेष नाट्य प्रस्तुति के साथ होगा। कार्यशाला के समापन अवसर पर बाल कलाकारों द्वारा सामाजिक सरोकारों पर आधारित नाटक ‘मोबाइल का जाल, जी का जंजाल’ का मंचन शाम 6 बजे किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान खेल-खेल में बच्चों को अनुशासन, सामूहिक सहभागिता, संवाद कौशल तथा मंचीय अभिव्यक्ति का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए लोककथाओं, गीत, संगीत, नृत्य तथा विविध रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा गया।


वर्कशॉप में अभ्यास करते बाल कलाकार।

### वाणी त्रिपाठी टिक्कू, जितांक सिंह गुर्जर ने दिए अभिनय टिप्स

*कार्यशाला के दौरान प्रसिद्ध अभिनेत्री, निर्माता एवं सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता वाणी त्रिपाठी टिक्कू, रंगमंच एवं फिल्म निर्देशक जितांक सिंह गुर्जर तथा कथक विशेषज्ञ संगीता श्रीवास्तव सहित अनेक प्रतिष्ठित कलाकारों और विशेषज्ञों ने बच्चों से संवाद करते हुए अभिनय, रंगमंच और सृजनात्मकता के विविध आयामों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बच्चों को कला, संस्कृति और रंगमंच के प्रति संवेदनशील एवं समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।*

---

## 27वां कालांजलि कलोत्सव रवींद्र भवन में 12 जून को

**भोपाल।** भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं पारंपरिक प्रदर्शन कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित भोपाल की अग्रणी सांस्कृतिक संस्था कालांजलि का वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 27वां कालांजलि कलोत्सव शुक्रवार, 12 जून को शाम 5.30 बजे रवींद्र भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सौ से अधिक कलाकार भाग लेंगे। यह सांस्कृतिक संध्या भरतनाट्यम की गरिमा, भारतीय लोक परंपराओं की जीवंतता और शास्त्रीय संगीत की आध्यात्मिक गहराई का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगी। कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण रंगप्रवेशम होगा, जो किसी भी शास्त्रीय नर्तक की साधना यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। वर्षों के कठिन प्रशिक्षण, अनुशासन, समर्पण और कलात्मक परिपक्वता का प्रतीक रंगप्रवेशम उन्नत विद्यार्थियों के औपचारिक मंच पदार्पण का अवसर होता है।

---

## विहान ड्रामा वर्क्स ग्रुप की थिएट्रिक्स 31 कार्यशाला का शुभारंभ

# उत्साह और खोज से भरपूर रहा ‘द क्लाउन्स सीक्रेट’ का पहला दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की थिएटर प्रशिक्षण श्रृंखला थिएट्रिक्स 31 के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला ‘द क्लाउन्स सीक्रेट’ का शुभारंभ मंगलवार को थिएटर निर्देशक, परफॉर्मर और प्रशिक्षक श्वेता केतकर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यशाला की शरुआत एक रोचक प्रश्न से हुई। वाट डू यू थिंक इज द क्लाउन्स सीक्रेट? प्रतिभागियों ने इस प्रश्न पर अपने विचार साझा किए। किसी ने क्लाउन का रहस्य हंसी को माना, किसी ने स्वतंत्रता को, तो किसी ने सच्चाई और आत्म-अभिव्यक्ति को। कार्यशाला का शीर्षक ही इस संवाद का आधार बना और पहले दिन की पूरी यात्रा इसी खोज के इर्द-गिर्द आगे बढ़ी।


कार्यशाला में प्रतिभागी प्रश्नों पर अपने विचार साझा करते हुए।

### क्लाउन की मूल प्रकृति को समझने का किया प्रयास

विभिन्न थिएटर गेम्स, समूह अभ्यासों और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने क्लाउन की मूल प्रकृति को समझने का प्रयास किया। चर्चा और अनुभवों के दौरान यह बात सामने आई कि क्लाउन केवल लोगों को हंसाने वाला पात्र नहीं है, बल्कि वह एक ऐसा परफॉर्मर है, जो अपने भावों, असफलताओं, जिज्ञासाओं और मानवीय कमजोरियों को पूरी ईमानदारी से स्वीकार करता है। क्लाउन का संबंध कॉमेडी से कम और सत्य से अधिक है।

# 32 साल बाद अमेरिका में फीफा की वापसी, 1994 के मुकाबले बदलेगा फुटबॉल का रोमांच




एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में 1994 में खेले गए पहले फीफा विश्व कप और 2026 में अमेरिका, मेक्सिको तथा कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के बीच कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

11 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलने वाला यह टूर्नामेंट आकार, टिकट कीमतों और सुविधाओं के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा।

### टिकट हुए कई गुना महंगे

1994: पहले दौर के मैचों के टिकट 25 से 75 डॉलर तक मिल जाते थे, जबकि फाइनल के टिकट 180 से 475 डॉलर के बीच थे।

वहीं 2026 में पहले दौर के टिकट 140 डॉलर से शुरू होकर 2,735 डॉलर तक पहुंच रहे हैं। फाइनल के टिकट 4,185 डॉलर से लेकर 8,680 डॉलर तक बेचे गए, जबकि बाद में उनकी अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 डॉलर कर दी गई। इस बार टिकटों की कीमत मांग के अनुसार बदलने वाली 'डायनेमिक प्राइसिंग' प्रणाली भी लागू की गई है।




### भौगोलिक दायरा

1994 : पूरा टूर्नामेंट अमेरिका के 9 स्टेडियमों में खेला गया था।

2026: तीन देशों में होगा आयोजन 16 स्टेडियमों का उपयोग होगा, जिनमें 11 अमेरिका, तीन मेक्सिको और दो कनाडा में हैं। क्वार्टर फाइनल से लेकर फाइनल तक के सभी मुकाबले अमेरिका में होंगे।

### बढ़ी टीमों की संख्या

1994 : विश्व कप 24 टीमों वाला आखिरी टूर्नामेंट था। इसके बाद 1998 में टीमों की संख्या 32 हुई।

वहीं 2026 में पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। नए प्रारुप के कारण चैंपियन बनने वाली टीम को अब सात की जगह आठ मैच खेलने होंगे।

#### मैदानों का आकार

1994: उस समय फीफा मैदान की लंबाई 105 मीटर और चौड़ाई 68 मीटर तय की थी लेकिन स्टेडियमों को निर्धारित माप से छोटे मैदान रखने की छूट थी।

2026: सभी स्टेडियमों को फीफा के तय मानकों के अनुसार तैयार किया गया है।

### दर्शकों की संख्या

1994: विश्व कप में 52 मैचों में कुल 35.9 लाख दर्शक पहुंचे थे, जो उस समय रिकॉर्ड था।

2026: मैचों की संख्या बढ़ने के कारण 60 से 70 लाख दर्शकों के आने की संभावना जताई जा रही है।

### वाटर ब्रेक

1994: गर्म और उमस भरे मौसम के बावजूद मैच बिना किसी विशेष पानी के विराम के खेले जाते थे।

2026: प्रत्येक हाफ में तीन मिनट का वॉटर ब्रेक होगा। कोच इस समय का उपयोग खिलाड़ियों को रणनीति समझाने के लिए भी कर सकेंगे।

### स्थानापन्न खिलाड़ी

1994: एक टीम अधिकतम दो खिलाड़ियों को बदल सकती थी, जबकि विशेष परिस्थितियों में गोलकीपर के लिए अतिरिक्त बदलाव की अनुमति थी।

2026: प्रत्येक टीम पांच खिलाड़ियों को बदल सकेगी। अतिरिक्त समय में छठा बदलाव और सिर में चोट (कंकशन) की स्थिति में अलग से बदलाव की सुविधा भी रहेगी।

---

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-वेस्टइंडीज का वनडे चढ़ा बारिश की भेंट

**किंग्सटन।** वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच दूसरे एकदिवसीय की तरह तीसरा एकदिवसीय मैच भी एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे मैच रद्द करने का फैसला किया क्योंकि बारिश रुकने की स्थिति में भी आउटफील्ड को मुकाबले के लिए तैयार नहीं किया जा सकता था। श्रीलंका ने श्रृंखला का पहला मैच 41 रन से जीता था, जो कैरेबियाई सरजमीं पर 13 साल में उसकी पहली जीत थी। आखिरी दो मैच बारिश की भेंट चढ़ने से श्रीलंका ने श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की। दोनों टीम के बीच अब तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसका पहला मैच गुरुवार को किंग्सटन में होगा।

### प्रज्ञानानंदा की वापसी से ले सकते हैं प्रेरणा : आनंद



**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद ने आर प्रज्ञानानंदा के खेलने के बेहद प्रतिस्पर्धी अंदाज की तारीफ की और संघर्ष कर रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश से कहा कि वे नार्वे शतरंज चैंपियन बने इस खिलाड़ी से सीख लेकर अपनी वापसी की कहानी लिखें। प्रज्ञानानंदा हाल ही में नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बने जबकि गुकेश टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहे। आनंद ने कहा, 'मुझे खुशी है कि प्रज्ञानानंदा ने शानदार अंदाज में नार्वे शतरंज जीता। पिछले चार दौर में उन्होंने जिस तरह से जोरदार वापसी की उससे मैं बहुत खुश हूं। वे बहुत ही प्रभावशाली शैली के साथ खेल रहे हैं।' आनंद ने कहा, 'प्रज्ञानानंदा इस समय गुकेश से बेहतर खेल रहे हैं लेकिन कुछ भी बदल सकता है। मुझे लगता है कि फॉर्म में बार-बार उतार-चढ़ाव आते रहेंगे।

---

## ट्राई नेशन सीरीज: पहले मैच में भारत ने श्रीलंका को 8 रन से हराया

# आखिरी चार गेंदों में चटकाए तीन विकेट इंडिया ए की श्रीलंका ए पर रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶| दांबुला

इंडिया ए ने ट्राई नेशन सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका ए को 8 रनों से हराया। भारत ए ने श्रीलंका ए के आखिरी तीन विकेट चार गेंदों पर चटकाए। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने पहले खेलते हुए रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। 49वें ओवर में श्रीलंका ए की पारी 269 रनों पर सिमट गई। ऋतुराज गायकवाड़ ने शतकीय पारी खेली।

### 49वें ओवर में रोमांच

श्रीलंका ए को जीत के लिए आखिरी दो ओवर में सिर्फ 10 रन चाहिए थे। 49वें ओवर में अरशद खान की पहली गेंद पर एक रन बना। दूसरी गेंद पर विजयकांत व्यासकांत एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। तीसरी गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे वानुजा सहन रन आउट हो गए। 5वीं गेंद पर आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद शिराज आउट हो गए और इंडिया ए जीत गई।

### श्रीलंका की ठोस शुरुआत

श्रीलंका ए को अनुभवी निरोशन डिकवेला और अविष्का फर्नांडो ने ठोस शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों ने 99 गेंदों पर 93 रन जोड़े। आयुष बडोनी ने दोनों ही बल्लेबाज को आउट किया। डिकवेला ने 47 और अविष्का ने 45 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे नुवानिदु फर्नांडो 8 रन ही बना सके। 16 रनों के अंतर 3 विकेट गिरने के बाद सदीरा समरविक्रमा और कप्तान सहान अराच्चिगे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 78 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में श्रीलंका ए की टीम 187 रनों तक पहुंच गई थी।



### कंबोज ने बड़ा विकेट झटका

51 गेंदों पर 46 रन बनाने वाले सदीरा को आउट करके अनुकूल रॉय ने यह साझेदारी तोड़ी। लेकिन सहान ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि इंडिया ए के गेंदबाज दूसरे छोर से विकेट चटकाते रहे। 3 ओवर में मेजबान टीम को 17 रन चाहिए थे। अंशुल कंबोज ने 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर सहान को यॉर्कर मारकर बोल्ड कर दिया। उन्होंने 72 गेंदों पर 74 रन बनाए। इंडिया ए की तरफ से अरशद खान, अनुकूल रॉय, विपराज निगम और आयुष बडोनी ने 2-2 विकेट लिए।

### भारतीय टीम की शुरुआत नहीं रही अच्छी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 2 और वैभव सूर्यवंशी 14 रन बनाकर आउट हो गए। 16 रन पर 2 विकेट गंवा चुकी इंडिया ए को प्रियांश आर्य और ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आर्य 32 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए।

### गायकवाड़ ने लगाया बेहतरीन शतक

इसके बाद गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने बेहतरीन शतक लगाया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 114 गेंदों पर 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेली। तिलक ने 97 गेंदों पर 60 की पारी खेली। आयुष बडोनी ने 24 और सुयांश शेड्गे ने 26 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट लिए। वह सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके अलावा, चमिका करुणारत्ने, गारुका संकेथ, और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट लिए।

### ऋतुराज ने की द्रविड़ और गंभीर की बराबरी

श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। यह ऋतुराज का लिस्ट ए क्रिकेट में 21वां शतक था। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और वर्तमान कोच गौतम गंभीर की बराबरी कर ली। इन दोनों खिलाड़ियों के भी लिस्ट ए क्रिकेट में 21-21 शतक हैं। ऋतुराज ने श्रीलंका ए के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए 114 गेंद पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए।

---

## अफगानिस्तान श्रृंखला

# रोहित और हार्दिक फिट सीरीज के लिए हरी झंडी



एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने रविवार से अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शुरू होने वाली 3 मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की मंजूरी दे दी। पंड्या और रोहित चोटों के कारण मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल के कई मैच नहीं खेल पाए थे। जहां पंड्या पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे तो वहीं रोहित की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव था। पंड्या दो जून से बेंगलुरु में सीओई में हैं।

### सीओई ने दी पंड्या को फिटनेस मंजूरी

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, '2 जून को सीओई में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिन में उन्होंने मैच जैसी कई स्थितियों में तैयारी की और 10 ओवर (पूरा कोटा) तक गेंदबाजी भी की।' सूत्र ने कहा, 'उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और अनुकूलन कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनकी फिटनेस को मंजूरी दे दी है।'

### रोहित को मिली खेलने की स्वीकृति

पूर्व कप्तान रोहित भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की जांच के लिए सीओई में थे और जांच के बाद उन्हें भी खेलने की स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को भारत के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है। पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी हैं क्योंकि वह अपनी तेज गेंदबाजी और डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हैं।

---

## सेंचुरियन टाइटंस ने सेंचुरियन चैलेंजर्स को 13 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सेंचुरियन टाइटंस और सेंचुरियन चैलेंजर्स के बीच खेले गए मुकाबले में टाइटंस ने 13 रन से जीत दर्ज की। सेंचुरियन टाइटंस ने तय 25 ओवर में 147 रन बनाए। टीम की ओर से प्रशांत अग्रवाल ने 56, सालिम ने 28 रन बनाए। चैलेंजर्स कके आर्य शर्मा ने 3 विकेट हासिल किए।

148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे सेंचुरियन के आर्य शर्मा ने 48 और राजेंद्र ने 32 रन बनाए, लेकिन उनकी पारियां टीम को जीत नहीं दिला सके। टाइटंस आरव शर्मा ने 3, जबकि प्रशांत अग्रवाल और आराध्या ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशांत अग्रवाल को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने



बल्लेबाजी में 56 रन बनाने के साथ गेंदबाजी में 2 विकेट भी हासिल किए। उन्हें अकादमी के मेंटर एवं यूज़ेलकोटर के डायरेक्टर फ़ैसल मीर ने सम्मानित किया।

## पहले सेमी फाइनल मुकाबले में मयंक को हराकर वीएस अकादमी फाइनल में

**चार खिलाड़ियों को पैवेलियन भेजने वाले अक्षत यादव बने मैच के हीरो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

बीडीसीए द्वारा आयोजित एचएमजी कप अंडर-15 बॉयज लिमिटेड ओवर इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमी फाइनल डीपीएस खेल मैदान पर मयंक चतुर्वेदी अकादमी और वीएस अकादमी के मध्य मैच खेला गया। वीएस अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवरों मे 6 विकेट पर 167 रन बनाए, जिसमें दक्ष सक्सेना ने 67 रन, अभिषेक यादव ने 56 रन



और विनम्र समुद्रे नें 25 रन बनाए।

मयंक चतुर्वेदी अकादमी से गेंदबाजी में वेद पाठक नें 2 विकेट लिए।

जवाब में मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने 35 ओवर में 8 विकेट पर 116 रन बनाए, जिसमें दक्ष वशिष्ठ ने 29 रन का योगदान दिया। वीएस अकादमी से गेंदबाजी में अक्षत यादव ने 4 विकेट और वंश बाथम ने 2 विकेट लिए। इस तरह वीएस क्रिकेट अकादमी ने मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी को 51 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मेन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार अक्षत यादव 4 विकेट (वीएस क्रिकेट अकादमी) को दिया गया। कल का मैच दूसरा सेमीफाइनल प्रातः 8 बजे से अरेरा क्रिकेट क्लब और सेंचुरियन क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला जाएगा।

## सूर्यकुमार हाउस ने धोनी हाउस को 6 विकेट से हराया

**भोपाल।** मयंक चतुर्वेदी इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल लीग मुकाबले में सूर्यकुमार यादव हाउस ने एम.एस. धोनी हाउस को 6 विकेट से हरा दिया। धोनी हाउस की टीम ने 13 ओवर में 70 रन बनाए। इनमें अद्विक ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। सूर्यकुमार के पीयूष ने 3, दिव्यांश ने 2 विकेट लिए। जवाब में सूर्यकुमार ने 9 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इनमें शिवा ने 34 रन की पारी खेली, जबकि उद्देश ने 14 रन बनाए। धोनी हाउस के विराट ने 2 तथा विहान ने 1 विकेट प्राप्त किया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए शिवा को सीनियर क्रिकेटर अरबाजुद्दीन ने पुरस्कृत किया।

**मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (अउदा-निर्माण) वृत, भोपाल
एफ-3, प्रशासनिक भवन, बिजली नगर कॉलोनी
गोविन्दपुरा, भोपाल (म.प्र.) - 462023
निविदा विशेषीकरण क्र. 73210/2026-27/ई-निविदा/435-36
भोपाल, दिनांक : 08.06.2026
ई-निविदा सूचना क्रमांक 69/472 दिनांक 08.06.2026
(Tender ID Ref. No. 2026_MPPTC_513771_1)
1. Replacement of damaged old GI Pipe line of Staff Quarters water supply at 220 KV S/s colony Mahalgaon Gwalior. पात्र ठेकेदारों से ऑन-लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिनका निविदा शुल्क रुपये 590/- (जी.एस.टी. सहित) है तथा इसके खुलने की तिथि दिनांक 01.07.2026 है। निविदा के विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट **www.mptransco.nic.in** एवं **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन अथवा **दूरभाष क्रमांक 0755-2600808** पर कार्यालयीन समय में संपर्क करें। **// विद्युत की बचत कीजिये //**
म.प्र. माध्यम/126274/2026 — अधीक्षण अभियंता (अउदा-निर्माण)

---

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन : अब चीन के हू झे आन से होगा मुकाबला

# सनीथ ने जीता क्वालिफिकेशन राउंड, मुख्य ड्रॉ में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सनीथ दयानंद ने अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। क्वालीफाइंग दौर में चौथी वरीयता प्राप्त दयानंद ने पहले स्थानीय खिलाड़ी कारोनो को 21-17, 21-15 से आसानी से हराया और फिर मलेशिया के मिंग होंग लिम को 21-9, 21-16 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मुख्य ड्रॉ में सनीथ को पहले दौर में चीन के हू झे आन से भिड़ना है।



### मनराज स्पर्धा से हुए बाहर

मनराज सिंह हालांकि अपने दूसरे क्वालीफिकेशन मैच में मलेशिया के इओजीन इवे के खिलाफ 11-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पुरुष युगल मुख्य ड्रॉ में अच्युतादित्य राव और पी अर्जुन रेड्डी की भारतीय जोड़ी का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया जब उन्हें कांकी इगावा और ओई यी हर्न की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 15-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### सिंधू की भिड़ंत कैस्टिलो से आज

एकल में मुख्य दौर के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे, जिसमें भारत की चुनौती की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू अपने अभियान की शुरुआत पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो के खिलाफ करेंगी। सिंधू अगर जीत दर्ज करती हैं तो अगले दौर में उनका सामना साथी भारतीय इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले के विजेता से होगा।

### गोह जिन वेई से भिड़ेंगी मालविका

महिला एकल में तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चिउ पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ मलेशिया की गोह जिन वेई से भिड़ेंगी। अनमोल खरब को अपने पहले ही मैच में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा जबकि तान्या हेमंत की भिड़ंत अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगी।

**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
**जाहिर सूचना**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल की आशा निकेतन स्थित नाले के ऊपर निर्मित जनता 20 भवनों के रहवासियों को सूचित किया जाता है, कि नगर निगम द्वारा उक्त भवनों को जर्जर, खतरनाक एवं रहने के लिए असुरक्षित घोषित किया गया है, भवनों के रहवासियों को म.प्र. नगर पालिक नगर अधिनियम 1956 की धारा 310 उपधारा (1) के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से भवनों को रिक्त किये जाने हेतु नोटिस दिये जा चुके हैं, और घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से भी संपर्क किया गया है, कि आप सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट हो जायें।
अत: उक्त 20 जनता भवनों के रहवासियों को इस विज्ञप्ति के माध्यम से पुन: सूचित किया जाता है कि तत्काल भवन रिक्त कर दें, रिक्त नहीं करने की स्थिति में यदि भवन में किसी प्रकार की क्षति, जन-धन की हानि अथवा अप्रिय घटना होती है, तो इसके लिए रहवासी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**Email : eedn6hbbpl@mphousing.mp.gov.in**
/mphidb /mphidb
कार्यपालन यंत्री, संभाग-04,
ई-05, अरेरा कॉलोनी मेट्रो वॉक बिल्डिंग
भोपाल, दूरभाष : 0755-4438284
म.प्र. माध्यम/126286/2026

Dr. Juneja's
पेट सफा®
Natural Laxative
GRANULES & TABLETS

कब्ज़ • गैस
एसिडिटी

पेट सफा तो हर रोग दफा

24x7 Helpline 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

NO. 1 BRAND INDIA 2016

दिविसा हर्बल केयर प्रस्तुत करते हैं पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स, जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, और परिणाम है पहले दिन से




Divisa
www.divisastore.com

## खबर संक्षेप

### बैरागढ़ में नवयुवक फांसी पर झूला, मौत

**संतनगर।** उपनगर बैरागढ़ में एक नवयुवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मार्ग क़ायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि एच्छ वार्ड उज्जैन वाली गली बैरागढ़ निवासी युवक कुणाल कपड़े की दुकान पर काम करता है वह कुछ समय से परेशान लग रहा था। बताया जाता है कि उस पर क़र्ज़ हो गया था इसके कारण लोग उसे परेशान कर रहे थे। सम्भवतः जिससे परेशान होकर उसने आज शाम को अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

### भाजपा महिला मोर्चा की 21 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति

**भोपाल।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने 21 जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। डॉ. करूणा सक्सेना को ग्वालियर, नेहा कुलश्रेष्ठ को श्योपुर, रजनी ओझा को गुना, शैलजा लवांगीकर को शिवपुरी, लखन सुरेंद्र यादव को अशोकनगर, ललिता वर्मा को छिंदवाड़ा, सपना सरावगी को कटनी, आत्मिका सिंह को जबलपुर महानगर, नीलम चतुर्वेदी को शहडोल सहित अन्य जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर शुरू की विवेचना

# ट्रेन में महिला यात्री के तीन लाख के जेवर चोरी, दो के मोबाइल झपटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के साथ लूटपाट व चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अज्ञात बदमाश ने एक युवती और एक युवक का मोबाइल झपट लिया, वहीं एक महिला यात्री का जेवरात भरा पर्स चलती ट्रेन से चोरी हो गया। पर्स में करीब तीन लाख रुपए के जेवरात व अन्य सामान रखा था। उक्त तीनों मामलों में जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अयोध्यापुरी कॉलोनी बीना जिला सागर निवासी जयश्री ठाकुर विगत सात जून को रेलवे स्टेशन भोपाल के प्लेटफार्म क्रमांक चार पर ब्रिज के नीचे बीना आने के लिए अपनी सहेली गुनगुन दीक्षित के साथ ट्रेन का इंतजार कर रही थी। तभी एक लडका आया और जयश्री के हाथ में रखा मोबाइल झपट्टा मारकर ले भागा। शोर मचाने पर वह ट्रेन के नीचे से



निकलकर भाग गया। इसी प्रकार मानपुरा हरदा जिला हरदा निवासी शहीद खान विगत पांच जून को भगत की कोठी ट्रेन के पीछे के जनरल कोच में अपने दोस्त के साथ इटारसी से अजमेर की यात्रा कर रहा था। उसी दौरान ट्रेन रेलवे स्टेशन भोपाल से निकलने के बाद शहीद खान कोच के गेट पर बैठकर मोबाइल चलाने लगा। तभी एक अज्ञात व्यक्ति आया और उसके हाथ में लकड़ी मारकर मोबाइल नीचे गिरा लिया और नीचे गिरा मोबाइल उठाकर भाग निकला। फरियादी का कहना है कि घटना आउटर पर हुई है। अंधेरा होने के कारण वह आरोपी का चेहरा नहीं देख सका।

### महिला यात्री का तीन लाख का सामान चोरी

जीआरपी भोपाल के मुताबिक एक महिला विगत पांच जून को अपने पति के साथ बनारस से एलटीटी की यात्रा ट्रेन नंबर 01074 से कर रही थीं। रात को खाना खाने के बाद अपना लेडीज पर्स सिरहाने रखकर सो गईं। सुबह आंख खुलने पर सिरहाने रखा पर्स गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद भी पर्स का सुराग नहीं लगा। पर्स में दो मोबाइल, सोने-चांदी के जेवरात व तीन हजार रुपए नगद समेत दो लाख 95 हजार 200 रुपए का मशरूका रखा था। महिला का कहना है कि जब नींद खुली तब भोपाल स्टेशन आ रहा था।

फुटेज में दो बाहर व दो बदमाश घर के अंदर दिखाई दे रहे

## पुलिस कॉलोनी में घुसे चोर, दो घरों में घुसे, जागने पर बिना चोरी किए भाग निकले

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित संजीव नगर पुलिस सोसाइटी में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने दो घरों में घुसकर चोरी का प्रयास किया। लेकिन आहट होने पर जागे परिजन व पड़ोसियों को आता देख बदमाश बिना चोरी किए भाग निकले। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मंजरी सदन संजीव नगर पुलिस सोसाइटी निवासी महेन्द्र दत्त त्रिपाठी पुलिस विभाग से रिटायर्ड हैं। विगत सात जून की रात दो बजे वह, पत्नी मंजू त्रिपाठी और दिव्यांग बेटा सोमू त्रिपाठी सो रहे थे। तभी पत्नी को आहट सुनाई दी। उसके करीब 15-20 मिनट बाद फिर आहट हुई और रोशनदान से उजाला दिखाई दिया। तब मंजू त्रिपाठी दोबारा मंदिर वाले कमरे में गईं और दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। पत्नी ने बाहर से कुंडी लगा दी और आकर पति को जगाया। पत्नी ने बताया कि घर में कोई घुसा है। तब महेन्द्र दत्त ने कमरे के बाहर से आवाज दी कि अंदर कौन है, लेकिन भीतर कोई आहट नहीं हुई।

#### कैमरों में दिखे

सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर दो लोग भीतर व दो बाहर दिख रहे हैं। बदमाश पड़ोस में रहने वाले कृष्णा के मेनगेट को कूदकर कृष्णा के घर में घुसे और तीन विंडो लॉक तोड़ दिए। उसके बाद वे लोग महेन्द्र दत्त त्रिपाठी के घर में घुसे थे। फरियादी का कहना है कि दोनों घरों में चोरी नहीं हुई है। आहट होने और पड़ोसियों के भागने से बदमाश भाग निकले। सूचना मिलने पर निशातपुरा पुलिस मौके पर पहुंची।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री करूणाधाम आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

# मुख्यमंत्री आज गुफा मंदिर, प्रदेश अध्यक्ष देवी व हनुमान मंदिर में कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 जून को बड़ा इतिहास रचने जा रहे हैं। 10 जून को वह भारत में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड बना लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के साथ हर विधानसभा के प्रमुख मंदिरों व धार्मिक स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 10 जून को सुबह 7 बजे भोपाल के लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल सुबह 10 बजे नीलबड़ चौराहे पर स्थित देवी व हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होंगे। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल सुबह 10:30 बजे नेहरू नगर के पास स्थित करुणाधाम आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके साथ प्रदेश के 12 प्रमुख मंदिर व धार्मिक स्थल के साथ प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा के प्रमुख मंदिर व धार्मिक स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# पिपलानी में दरवाजे के पीछे कपड़े टांगने वाली कुंडी से लटका मिला युवती का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के पिपलानी थाना क्षेत्र में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना सुखसागर कॉलोनी की है, जहां रहने वाली जया कश्यप का शव सोमवार को घर के दरवाजे के पीछे कपड़े टांगने वाली कुंडी से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, परिवार के लोगों ने जया को फंदे से लटका देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर लिया है। हालांकि, घटना



के बाद परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इंकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का आरोप है कि जया लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी और गर्भवती भी थी। उनका कहना है कि परिस्थितियां आत्महत्या की ओर इशारा नहीं करतीं और मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। परिवार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों और साक्ष्यों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। घटना को लेकर क्षेत्र में भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं। परिजनों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा है कि यदि जरूरत पड़ी तो वे वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिकायत करेंगे। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

वहीं, पिपलानी थाना पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और संबंधित लोगों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT




फाइनेंस पार्टनर्स*
L&T Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | TATA CAPITAL | HDB FINANCIAL SERVICES REIMAGINING OPPORTUNITIES

कैशबैक पार्टनर#
HDFC BANK | pine labs

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

Terms & Conditions apply. *Loan approval is at the sole discretion of the financier and may require additional documentation. *Interest rate, loan amount, down payment, tenure, and EMI are subject to the applicant's credit profile. *Certain scheme benefits cannot be combined. *Offers/features may be modified or withdrawn without prior notice. *All offers valid till 30th June 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000–₹10000) on all HMSI models. #Applicable on HDFC Bank Credit Card EMI transactions (Minimum Transaction: ₹20000; Tenure: 6 to 24 months). #Valid only on transactions processed through Pine Labs machines. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Instant Cashback offer valid till 30th June 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Madhya Pradesh. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; Dhudhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930